
राजनाथ सिंह ने भारत की स्वदेशी क्षमताओं को विकसित करने के लिए डीआरडीओ को सराहा।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 03 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group





# कश्मीर का नाम कश्यप हो सकता है: शाह

● शासकों को खुश करने के लिए इतिहास लिखने का वक्त गयाः केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

**दो टूक**

▶▶ इतिहासकारों ने कश्मीर का इतिहास पुस्तकों के जरिए बताने की कोशिश की: अमित शाह

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को दिल्ली में 'जम्मू-कश्मीर एंड लद्दाख थ्रू द एजेस' पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में कहा कि कश्मीर का नाम कश्यप के नाम पर हो सकता है।
इतिहासकारों ने कश्मीर का इतिहास पुस्तकों के जरिए बताने की कोशिश की। मेरी इतिहासकारों से अपील है कि प्रमाण के आधार पर इतिहास लिखें। उन्होंने कहा- 150 साल का एक दौर था, जब इतिहास का मतलब दिल्ली दरीबा से बल्ली मारान तक और लुटियन से जिमखाना तक था। इतिहास यहीं तक सीमित था। यह समय शासकों को खुश करने के लिए लिखे गए इतिहास से खुद को मुक्त करने का है। मैं इतिहासकारों से अपील करता हूं कि वे हमारे हजारों साल पुराने इतिहास को तथ्यों के साथ लिखें। शाह ने कहा कि कश्मीर का भारत से न टूटने वाला जोड़ है। लद्दाख में मंदिर तोड़े गए, कश्मीर में आजादी के बाद गलतियां हुईं, फिर उन्हें सुधारा गया। शंकराचार्य का जिक्र, सिल्क रूट, हेमिष मठ से साबित होता है कि कश्मीर में ही भारत की संस्कृति की नींव पड़ी थी। सूफी, बौध और शैल मठ सभी ने कश्मीर में विकास किया।





देश की जनता के सामने सही चीजों को रखा जाए। भारत दुनिया का एकमात्र भू-सांस्कृतिक देश उन्होंने कहा कि दुनिया के सभी देशों का अस्तित्व भू-राजनीतिक है।
वे युद्ध या समझौते के परिणामस्वरूप सीमाओं से बने हैं। भारत दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जो भू-सांस्कृतिक देश है और सीमाएं संस्कृति के कारण परिभाषित होती हैं। कश्मीर से कन्याकुमारी, गांधार से ओडिशा और बंगाल से असम तक हम अपनी संस्कृति के कारण जुड़े हुए हैं, जो लोग किसी देश को भू-राजनीतिक के रूप में परिभाषित करते हैं, वे हमारे देश को परिभाषित नहीं कर सकते।

**देश को जोड़ने वाले तथ्यों को समझना होगाः शाह**

शाह ने कहा- भारत को समझने के लिए हमारे देश को जोड़ने वाले तथ्यों को समझना होगा। कश्मीर और लद्दाख कहां थे, इसका विश्लेषण इस आधार पर करना कि इस पर किसने शासन किया, यहां कौन रहता था और क्या समझौते हुए, व्यर्थ है। केवल इतिहास की कुटिल दृष्टि वाले इतिहासकार ही ऐसा कर सकते हैं। भारत की 10,000 साल पुरानी संस्कृति कश्मीर में भी मौजूद थी। जब 8000 साल पुरानी पुस्तकों में कश्मीर और झेलम का जिक्र है, तो कोई भी इस पर टिप्पणी नहीं कर सकता कि कश्मीर किसका है।

# मनोहर के बाद नायाब होगा इस बार का हरियाणा बजट



**बजट की तैयारी**

▶▶ सीएम ने गुरुग्राम में प्रदेश के विभिन्न जिलों के चार्टेड अकाउंटेंट्स के साथ की बजट पूर्व परामर्श बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा** के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विकसित हरियाणा में आमजन की अपेक्षाओं पर खरा उतरना सरकार की प्राथमिकता है। सरकार की ओर से तय प्राथमिकताओं का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन हो इसके लिए सकारात्मक सुझावों के लिए सरकार के दरवाजे हमेशा खुले रहेंगे।
मुख्यमंत्री गुरुग्राम में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए आयोजित बजट पूर्व परामर्श बैठक (प्री बजट कंसल्टेशन) के दूसरे सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टेड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया से सम्बंधित विभिन्न जिला शाखाओं के प्रतिनिधियों ने आगामी बजट के लिए अपने सुझाव रखें। इस बैठक में सोहना के विधायक तेजपाल तंवर व गुरुग्राम के विधायक मुकेश शर्मा भी मौजूद रहे।
मुख्यमंत्री ने बजट पूर्व परामर्श के लिए पहुंचे चार्टेड अकाउंटेंट्स को नववर्ष की शुभकामनाएं दी और कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को व्यवस्थित करने में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि बजट पूर्व आयोजित की जा रही ये परामर्श बैठक सरकार की बजट से पहले की तैयारियों का हिस्सा है। सरकार बजट से पहले प्रदेश की आर्थिक उन्नति से संबंधित अलग-अलग सेक्टर के महत्वपूर्ण लोगों के साथ बैठकें कर रही है। बजट से पहले हर साल होने वाली इन बैठकों के जरिये विभिन्न सेक्टर्स से इनपुट लिए जाते हैं और बजट में उनका समावेश किया जाता है, जिससे सरकार को नीतियां बनाने और संशोधन या सुधार करने में काफी मदद मिलती है। टैक्स सेवाओं में आवश्यक सुधार व रेवेन्यू जनरेट करने के लिए सुझाव आमंत्रित करते हुए कहा कि यह आमजन की सरकार है।

**'अंत्योदय उत्थान के लक्ष्य के साथ बढ़ रहे'**

'**सीएम ने कहा कि** जो अंत्योदय उत्थान के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि आपसे मिले सुझावों के माध्यम से बनाई गई सरकार की नीतियां व उनके क्रियान्वयन को लेकर हमारी प्रतिबद्धता प्रदेश के आर्थिक विकास की नींव बन रहे हैं। श्री नायब सिंह सैनी ने बजट पूर्व परामर्श बैठक में पहुंचे प्रतिनिधियों के सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना और आगामी बजट में आवश्यक विषयों पर विचार करने का आश्वासन भी दिया।

# डी गुकेश समेत चार खिलाड़ियों को खेल रत्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** युवा मामले एवं खेल मंत्रालय ने 2 जनवरी 2025 को नेशनल स्पोर्ट्स अवॉर्ड 2024 का एलान किया। पेरिस ओलंपिक मेडलिस्ट मनु भाकर, वर्ल्ड चेस चैंपियन डी गुकेश समेत हरमनप्रीत सिंह और प्रवीण कुमार को खेल रत्न से सम्मानित किया जाएगा। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ये अवॉर्ड सभी विजेताओं को 17 जनवरी 2025 को राष्ट्रपति भवन में 11 बजे में देंगी। मनु भाकर, डी गुकेश, हरमनप्रीत सिंह और प्रवीण कुमार को जहां खेल रत्न अवॉर्ड दिया जाएगा, तो वहीं 32



खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।
दरअसल, युवा मामले एवं खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2024 की घोषणा की। चेस से डी गुकेश, हॉकी से हरमनप्रीत सिंह, पैरा-एथलैटिक्स से प्रवीण कुमार और शूटिंग से मनु भाकर को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा।

# ठंड क सितमः पहाड़ों पर बर्फबारी से बढ़ी गलन

**जम्मू के डोडा में जम गया वाटरफॉल, पालम में सुबह विजिबिलिटी हुई शून्य**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः इस** वक्त दिल्ली समेत पूरा उत्तर भारत कोहरे की चपेट में है। एक तरफ पहाड़ों पर भयंकर बर्फबारी हो रही है, तो वहीं मैदानी इलाकों में गलन बढ़ गई है। दिल्ली-एनसीआर के अधिकतर हिस्सों में घना कोहरा देखा गया। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दिनों ने ठंड और बढ़ सकती है। जनवरी में भयंकर शीत लहर चलने का भी अनुमान है। सिर्फ दिल्ली ही नहीं, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश और जम्मू-कश्मीर सहित कई राज्यों में ठंड से लोगों की हालत खराब है।



**अभी ठंड जारी रहने के आसार**
मौसम वैज्ञानिक सोमा सेन रॉय के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर और उससे सटे पाकिस्तान के ऊपर पश्चिमी विक्षोभ बना हुआ है, जिसके कारण अगले दो दिनों तक पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में भारी बर्फबारी हो सकती है।
**अभी और जारी रहेगी ठंड**
उन्होंने कहा कि 'हम ईरान और उसके आस-पास के इलाकों में बने पश्चिमी विक्षोभ पर भी नजर बनाए हुए हैं। जैसे-जैसे यह पूर्व की तरफ बढ़ेगा, पश्चिमी हिमायलन रीजन के तापमान में थोड़ी वृद्धि देखने को मिल सकती है। लेकिन उससे पहले हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में बिजली चमकने के साथ भारी बारिश या बर्फबारी हो सकती है।' 4 और 5 जनवरी के लगभग पंजाब और हरियाणा में छिटपुट बारिश हो सकती है। पश्चिमी विक्षोभ के साथ-साथ पूर्वी हवा भी चलेगी।

# पूर्व पीएम मनमोहन सिंह का राजघाट के पास बन सकता है स्मारक

**केंद्र ने परिवार को जगह सुझाई; जमीन लेने के लिए ट्रस्ट बनेगा**

**टीम एक्शन इंडिया**
नई दिल्लीः पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का स्मारक बनाने के लिए जमीन आवंटन का काम शुरू हो चुका है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, केंद्र सरकार ने स्मारक के लिए डॉ. सिंह के परिवार को कुछ जगहें सुझाई हैं। परिवार की तरफ से जगह का चुनाव हो जाने के बाद आगे की कार्रवाई शुरू की जाएगी। सूत्रों के मुताबिक, गांधी-नेहरू परिवार की समाधियों के नजदीक ही डॉ. सिंह का स्मारक बनाए जाने की संभावना है। स्मारक के लिए एक-डेढ़ एकड़ जमीन दी जा सकती है। इसके लिए शहरी विकास मंत्रालय के अधिकारियों ने राजघाट और उसके



आसपास का दौरा भी किया है। नई पॉलिसी के मुताबिक जमीन आवंटन किसी ट्रस्ट को ही किया जा सकता है। इस वजह से पहले ट्रस्ट का गठन करना होगा। जमीन के लिए आवेदन ट्रस्ट ही करेगा। स्मारक को लेकर कांग्रेस ने मोदी-शाह को पत्र लिखा था... खड़गे ने स्मारक के लिए जमीन मांगी थी (27 दिसंबर): कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 27 दिसंबर की शाम ढट नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर कहा था कि डॉ. सिंह का अंतिम संस्कार जहां हो, वहीं स्मारक बनाया जाए।

**प्रक्रिया**

▶▶ परिवार की तरफ से जगह का चुनाव हो जाने के बाद आगे की कार्रवाई शुरू की जाएगी

# नोएडाः 3 जनवरी से कक्षा आठ तक के स्कूलों में छुट्टी

**टीम एक्शन इंडिया**
**ग्रेटर नोएडाः गौतमबुद्ध नगर के कक्षा एक** से आठ तक के सभी स्कूलों में शुक्रवार से अवकाश रहेगा। कड़ाके की सर्दी और कोहरे के कारण स्कूली बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार ने इस संबंध में सभी स्कूलों के प्रधानाचार्य को पत्र भेज कर निर्देश दिए हैं।
बीएसए के मुताबिक, स्कूलों में अवकाश घोषित करने के संबंध में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने निर्देश दिए हैं। बताया कि पिछले कुछ दिनों से लगातार सर्दी बढ़ रही है। इसके साथ ही सुबह के समय में घना कोहरा भी पड़ रहा है। ऐसे में सुबह स्कूल आने वाले बच्चों को परेशानी होगी।



**कड़ी कार्रवाई की चेतावनी**
इसमें बताया गया यह निर्देश यूपी बोर्ड, सीबीएसई, आइसीएसई और आइबी आदि बोर्ड के अंतर्गत संचालित स्कूलों पर लागू हैं। इसमें बताया गया कि निदेशों को नजरअंदाज कर यदि कोई अवकाश के दिन स्कूल खोल कर कक्षाओं का संचालन करेगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के खिलाड़ियों की माताओं को किया सम्मानित

**माता जीजाबाई सम्मान समारोह खेल क्षेत्र में माताओं की भूमिका का उत्सवः नायब सैनी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**गुरुग्राम। मुख्यमंत्री** नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को गुरुग्राम में क्रीड़ा भारती की हरियाणा प्रांतीय ईकाई की ओर से पैरालंपिक व ओलंपिक खेलों में पदक विजेता तथा प्रतिभागी खिलाड़ियों की माताओं का सम्मान किया। यह सम्मान उन्होंने वीर माता जीजा बाई प्रांत स्तरीय सम्मान समारोह में दिया। मुख्यमंत्री ने वर्ष 2024 में पेरिस ओलंपिक और पैरालंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की माताओं को सम्मानित किया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गुरु द्रोण की नगरी गुरुग्राम में



आयोजित माता जीजा बाई सम्मान समारोह खेल के क्षेत्र में माताओं की भूमिका का उत्सव है। देश-दुनिया में परचम लहराने वाले खिलाड़ियों की माताओं का सम्मान गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि यह समारोह न केवल हमारे खिलाड़ियों के प्रति बल्कि उनकी माताओं के प्रति भी कृतज्ञता व्यक्त करने का एक अवसर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि हर बड़ी सफलता के पीछे मां का हाथ होता है। ऐसी माताओं का सम्मान करना समाज की जिम्मेदारी है।

**सम्मान**

▶▶ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि हर बड़ी सफलता के पीछे मां का हाथ होता है: सीएम सैनी



# नाहरी मंडल के बढमलिक शक्ति केंद्र के चार बूथ का बूथ अध्यक्ष, बूथ पालक और बीएलए टू का चुनाव हुआ



**टीम एक्शन इंडिया**
**राई ।** राई विधायक कृष्णा गहलावत के नेतृत्व में नाहरी मंडल के बढमलिक शक्ति केंद्र के बूथ नंबर 122 से 125 तक के बुथ अध्यक्ष, बुथ पालक और बीएलए टू का चुनाव किया गया। जिसमें बूथ न 122 में बूथ अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ,बूथ पालक रामतीरथ चोपड़ा, बीएलए टू- राकेश सहरावत, बूथ न 123 बूथ अध्यक्ष वेदपाल शास्त्री , बूथ पालक राजेश देवी,बीएलए टू राजेश सहरावत , बूथ न 124 बूथ अध्यक्ष रजनीश , बूथ पालक कृष्णपाल ,बीएलए टू राजेश यादव , बूथ न 125 बूथ अध्यक्ष शिव कुमार, बूथ पालक संतोष यादव,बीएलए टू अमित को बनाया गया।

इस अवसर पर वेदपाल शास्त्री नाहरी मंडल चुनाव अध्यक्ष व नवीन मंगला, अमित दहिया,मनोज दहिया मौजूद थे।

# पिता की पुण्यतिथि पर बांटे गर्म वस्त्र

**महेंद्रगढ़।** गांव माजरा निवासी प्रयास बालाजी संस्था से जुड़े अनिल बोहरा व राजकुमार बोहरा ने अपनी माता गुलाब देवी के आशीर्वाद से व पूर्व सूचना आयुक्त नरेंद्र यादव के मार्गदर्शन से अपने पिता की पुण्यतिथि पर हर वर्ष की भांति जरूरतमंद बच्चों को गर्म वस्त्र प्रयास श्री बालाजी संस्था द्वारा संचालित पाठशाला में बच्चों को स्वेटर, पाठ्य सामग्री वितरित किए।

# बाई के आगे आवारा पशु आने से व्यक्ति की हुई मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** मोटरसाइकिल के आगे आवारा पशु आने से एक 34 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। परिजनों के बयान पर सदर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। गांव बसई निवासी मुकेश कुमार ने पुलिस में दिए अपने बयान में बताया कि 1 जनवरी को रात करीब 8:30 बजे उसका भाई मोनू 34 वर्ष जो मिस्त्री का काम करता है। अपने काम से वापस महेंद्रगढ़ से बसई आ रहा था, जब वह अपनी मोटरसाइकिल चलाता हुआ मोदी वाला कुआं गांव बसई के नजदीक पहुंचा तो रोड पर अचानक आवारा गाय आ गई, जो धुंध के कारण उसको बचाने के चक्कर में मेरा भाई मोटरसाइकिल सहित रोड पर गिर गया। जिसको काफी चोटें लगी। मौके पर कैलाश कुमार गांव बसई ने उठाकर एंबुलेंस के द्वारा महेंद्रगढ़ के सरकारी अस्पताल में पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने उसके भाई मोनू को मृत घोषित कर दिया।

# आत्महत्या के मामले में त्वरित संज्ञान ले सरकार-शकुंतला

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** भाजपा पूर्व जिला उपाध्यक्ष शकुंतला महायच ने हाल ही में लोहारू के निजी कॉलेज द्वारा दलित छात्रा से हुई घटना की कड़े शब्दों में निंदा की हैं। उन्होंने कहा कि बच्चियों के साथ इस तरह का दुर्व्यवहार किसी भी संस्थान की संकीर्ण सोच को दशार्ता हैं।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **शत्रुघ्न रावत, पिता: नारायण रावत, पता:** 162 सरस्वती कुंज झरोड़ा कलां, **दिल्ली, FIR No. 747/22, U/s. 33/38/58 D.EX Act, पुलिस थाना रणहौला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शत्रुघ्न रावत,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शत्रुघ्न रावत,** फ़रार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **शत्रुघ्न रावत, FIR No. 747/22, U/s. 33/38/58 D.EX Act, पुलिस थाना रणहौला, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.02.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री अंकित करण सिंह
एलडी. जेएमएफसी–08, कमरा नंबर 30,
पश्चिम जिला, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/17115/OD/2024
(Court Matter)

## उत्तर रेलवे
### ई-नीलामी हेतु सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/मालभाड़ा सेवाएँ, दिल्ली मंडल, उत्तर रेलवे के द्वारा रेलवे बोर्ड के पत्र स. **2022/टीसी(एफएम)/10/04** दिनांक **13.06.2022**, के अनुसार दिल्ली के आनंद विहार रेलवे स्टेशन रेलवे स्टेशन प्लैटफॉर्म-1 पर स्थित अमानती–सामानघर (कुल क्षेत्र 24.726 वर्ग मीटर), (आरओएमटी आधार पर) के प्रबंधन और संचालन हेतु आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल में ई–नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से बोलियों के द्वारा पांच (05) वर्ष के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण इस प्रकार है:

| क्रम संख्या | ई-नीलामी के आरम्भ होने की तिथि एवं समय | संसाधन जिनकी नीलामी की जानी है: |
|---|---|---|
| 1. | 08.01.2025 को प्रातः 11:00 बजे | आनंद विहार रेलवे स्टेशन रेलवे स्टेशन प्लैटफॉर्म-1 पर स्थित अमानती–सामानघर (कुल क्षेत्र 24.726 वर्ग मीटर), (आरओएमटी आधार पर) के प्रबंधन और संचालन हेतु 05 (पांच) वर्षों का अनुबंध। |

**महत्वपूर्ण सूचना:**
4. ई–नीलामी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को **https://www.ireps.gov.in/html/helpdesk/learning_centre.html. (e-Auction leasing section)** पर जाने की सलाह दी जाती है।
5. **धरोहर राशि जमा (ईएमडी):** नीलामी के दौरान कुल संविदात्मक बोली मूल्य का **5%** ऑनलाइन जमा किया जाना है। सफल बोलीदाता की ईएमडी सुरक्षा जमा के रूप में रखी जाएगी।
6. रेलवे प्रशासन किसी भी समय इन अनुबंधों को शीघ्र समाप्त करने और/या स्थितियों के आधार पर संशोधित/अतिरिक्त नियमों और शर्तों के साथ इन अनुबंधों को बंद करने/जारी रखने के संबंध में कोई भी निर्णय लेने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखता है।

15/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे
### (ई–नीलामी सूचना)

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा डीलक्स पे एंड यूज शौचालय BOT, MOT और ROMT के आधार पर अनुबंध लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई–नीलामी IREPS पोर्टल (https://ireps.gov.in) पर ई–बोली "जैसा है जहां है" के आधार पर निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती है:–

| ई–कैंटलॉग संख्या (E-Catalogue No) | ई–नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन/स्थान/साइट |
|---|---|---|
| PaynUse01-2025 | दिनांक 20.01.2025 को 12:00 बजे | पटेल नगर (PTNR)-1 साइट, शिवाजी ब्रिज (CSB)-1 साइट, पानीपत (PNP)-1 साइट, कुल - 3 साइट्स/स्थल। |
| वेबसाइट विवरण जहां ई–नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता | | https://ireps.gov.in/ |
| ई–नीलामी में भाग लेने के लिए ठेकेदारों के लिए पूर्वापेक्षाएँ | | आईआरईपीएस के ई–नीलामी लीजिंग मॉडयूल के माध्म से आयोजित ई नीलामी में भाग लेने के इच्छुक सभी ठेकेदारों को अपनी बोलियां जमा करने से पहले निम्नलिखित अनिवार्य आवश्यकताओं को पूरा करना चाहिए: ई–नीलामी लीजिंग मॉडयूल के लिए आईआरईपीएस पर पंजीकरण – ई–नीलामी लीजिंग मॉडयूल के लिए सक्रिय आईआरईपीएस उपयोगकर्ता खाता; एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान; भारतीय स्टेट बैंक में चालु खाता; आईआरपीएस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक खाते का एकीकरण; फण्ड का लियन मार्किंग; कारोबार का अद्यतन विवरण; जिन ठेकेदारों के पास आईआरईपीएस के किसी भी मॉडयूल के लिए आईआरईपीएस खाता नहीं है, वे आईआरईपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई–निविदा/ई–नीलामीलीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण के लिए अपना ऑन लाइन अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं। ई–ऑक्शन लीजिंग मॉडयूल के लिए अब वर्चुअल अकाउंट नंबर (वीएएन) नामक एक नयातंत्र शुरू किया गया है, जिसका उपयोग बोलीदाताओं द्वारा लियन मार्किंग तंत्र के विकल्प के रूप में किया जा सकता है। बोली लगाने हेतु प्रवेश करने से पहले किसी भी समय लियन मार्किंग मैकेनिज्म (यदि सक्रिय हो) और वैन मैकेनिज्म के बीच स्विच करने के लिए स्वतंत्र हैं। VAN तंत्र के लिए बोली लगाने वाले का भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता होना आवश्यक नहीं है। उपयोगकर्ता किसी भी बैंक में अपने किसी भी मौजूदा बैंक खाते से अपने VAN खाते में धन स्थानांतरितकरने के लिए स्वतंत्र हैं, जो उन्हें IREPS ई–नीलामी में भाग लेने में सक्षम बनाता है। |
| सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी | | वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड नई दिल्ली 110055 Email:sanitationcell@gmail.com Tel: 011-23743084 |

संख्या 7PUB/TN/Pay&Use Toilets/Auction/2022 Dated: 01.01.2025

21/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे
### ई–नीलामी हेतु सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/माल भाड़ा, दिल्ली डिवीजन, उत्तर रेलवे, रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2022/टीसी(एफएम)/10/04 दिनांक 13.06.2022, के अनुसार दिल्ली मंडल के विभिन्न स्टेशनों से चलने वाली निम्नलिखित ट्रेनों में एसएलआर और पार्सल वान (राउंड ट्रिप के आधार पर) के स्थान को 02 वर्षों के पट्टे पर देने के लिए आईआरईपीएस के ई–नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से बोलियां आमंत्रित की जाती है:–

| क्र. सं. | ई–नीलामी के आरम्भ होने की तिथि तथा समय | एस्सेट्स जिनकी नीलामी की जानी है |
|---|---|---|
| 1 | 02.01.2025 को 10:30 बजे | 12455 (F1), 12284 (F1), 22454 (F2), 12428 (F1) (सोमवार), 14041 (F1), 12148 (F1), 14053 (F2), 12148 (F2), 12011 (F1), 12448 (F1), 12017 (F1), 12040 (F1), 22454 (R1 & F1), 12031 (F1), 12034 (F1), 14305 (F1), 12045 (F1), 14305 (R1 & F2), 12013 (F1), 14303 (F1), 14212 (F1), 12066 (F1), 12029 (F1), 14303 (R1 & F2) |
| 2 | 06.01.2025 को 10:30 बजे | 15060 (R1 & F1), 14089 (F1), 14087 (R1),14089 (F2 & R1),14087 (F2), 04304 (F2), 15035 (F2), 22472 (R1), 04304 (F1), 22472 (F2), 12015 (F1), 14316 (F2), 12050 (F1), 04304 (R1), 22472 (F1), 12459 (F1), 14087 (F1) |
| 3 | 08.01.2025 को 10:30 बजे | 22401 (F1), 14035 (F1), 14164 (F1), 12754 (F1), 14035 (F2), 14521 (F2), 20473 (R1), 12463 (F1), 22168 (F1), 14521 (F1), 14152 (F1),12265 (F1),12584 (F1),14053 (R1),14521 (R1), 14035 (R1), 20473 (F1), 14681 (F1), 22168 (F2) |
| 4 | 13.01.2025 को 10:30 बजे | 12191 (F1 & F2), 12457 (F1, F2 & R1), 12497 (F1), 12918 (F1), 14041 (R1) (सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरूवार, शुक्रवार और शनिवार के लिए), 14041 (R1) (रविवार), 14507 (F1, F2 & R1), 15035 (F1 & R1), 19338 (F1), 20914 (F1), 20946 (F1), 22429 (F1), 22463 (F1) |
| 5 | 14.01.2025 को 10:30 बजे | 01 LVPH (24 टन) राउंड ट्रिप पर प्रत्येक गाड़ी में - 22434/22433, 12432/12431, 22429/22430, 12226/12225, 12425/12426, 22428/22427, 20408/20407, 22460/22459, 22420/22419, 12442/12441, 12454/12453, 12264/12263, 12445/12446, 12284/12283, 12488/12487 तथा 01 VP (23 टन) राउंड ट्रिप पर गाड़ी संख्या: 22418/22417 |
| 6 | 15.01.2025 को 10:30 बजे | 12005 (F1), 12038 (F1), 12055 (F1), 12057 (F1),12060 (F1) (सोमवार और मंगलवार के लिए), 12191 (R1), 14014 (F1), 14331 (F1, F2 & R1), 14714 (F1), 20502 (F1), 22168 (R1), 22421 (F2 & R1), 22986 (F1) |

**महत्वपूर्ण सूचना:** 1. ई–नीलामी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को **https://www.ireps.gov.in/html/helpdesk/learning_centre.html.** (e-Auction leasing section) पर जाने की सलाह दी जाती है। **2.** धरोहर राशि जमा (ईएमडी): नीलामी के दौरान कुल संविदात्मक बोली मूल्य का 5% ऑनलाइन जमा किया जाना है। सफल बोलीदाता की ईएमडी सुरक्षा जमा के रूप में रखी जाएगी। **3.** रेलवे प्रशासन किसी भी समय इन निविदाओं/अनुबंधों को समाप्त करने का सम्पूर्ण अधिकार रखता है या इनके संबंध में किसी संशोधन अथवा अतिरिक्त नियमों और शर्तों के साथ इन निविदाओं अथवा अनुबंधों के बीच में ही समाप्त करने अथवा जारी रखने के संबंध में, जो की इन ट्रेनों के जारी रहने अथवा समाप्त होने की स्थिति पर निर्भर करता है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 05/25

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **पुल्लू, पुत्रः राजाराम,** पता: **मकान नं. 7039/2 माता रामेश्वरी रोड, नेहरू नगर, टैंक रोड करोल बाग, दिल्ली** ने **FIR No. 536/2022, U/s: 33/585 D.E Act IPC, पुलिस थाना सराय रोहिल्ला, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **पुल्लू** मिल नही रहा है। और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **पुल्लू** फरार हो गया है(या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 536/2022, U/s: 33/585 D.E Act IPC, पुलिस थाना सराय रोहिल्ला, दिल्ली** के अभियुक्त **पुल्लू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.02.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
श्री मनुज कौशल,
जेएमएफसी–04, सेंट्रल
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/17202/N/2024

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **वीरेन्दर उर्फ सहवाग,** पुत्र **श्री राजपाल, निवासी मकान नंबर 06, गली नंबर 05, प्रकाश विहार, लोनी, गाजियाबाद, यूपी** ने **FIR No. 295/18, U/S 392/394/397/411/34 IPC,** अन्तर्गत **थाना करावल नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **वीरेन्दर उर्फ सहवाग** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **वीरेन्दर उर्फ सहवाग,** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 295/18, U/S 392/394/397/411/34 IPC,** अन्तर्गत **थाना करावल नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **वीरेन्दर उर्फ सहवाग** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.02.2025** को सुबह 10:00 बजे या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
श्री पुनीत पाहवा
विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस), अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश
उत्तर पूर्व, कमरा नंबर 63, चौथी मंजिल
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/17182/NE/2024 (Court Matter)

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रवि कुमार** पुत्र श्री गरीबा निवासी मकान सं. सी-47, बी-ब्लॉक, जंगपुरा, नई दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 273/2024 धारा 137(2) भा.न.सं., दिनांक 06.09.2024, थाना सनलाइट कॉलोनी, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **रवि कुमार**मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **रवि कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 84 BNSS की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 273/2024 धारा 137(2) भा.न.सं., दिनांक 06.09.2024, थाना सनलाइट कॉलोनी, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **रवि कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **04.02.2025** को हाजिर हो।

**आदेशानुसारः सुश्री अदिती राव,**
**न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी-07,**
**दिक्षिण-पूर्वी जिला, कमरा नं. 508,**
**साकेत कोर्ट परिसर, नई दिल्ली।**

DP/29/SE/2025

## उत्तर रेलवे
### खुली ई–निविदा सूचना Corrigendum - 4

निविदा सूचना क्रमांक: **NR/Proj/UMB/Advt./01** तारीख: **01.01.2025**

निविदा संख्या: **NR/Proj/UMB/25001**, उत्तर रेलवे के फिरोजपुर डिवीजन (164 आरकेएम/328 टीकेएम) के सानेहवाल–जालंधर–अमृतसर खंड के बीच मौजूदा 1x25 केवी इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम को 2x25 केवी इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम में अपग्रेड करने के लिए फीडर कार्य का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग की निविदा बंद/खुलने की तिथि 17.01.2025 निर्धारित की गई थी। **प्रशासनिक कारणों से खुलने/बंद होने की संशोधित तिथि इस प्रकार होगी:**

| निविदा बंद की तिथि | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|
| 27.01.2025 at 15:00 Hrs. | 27.01.2025 at 15:30 Hrs. |

अन्य सभी शर्तें यथावत रहेंगी। **14/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे
### ई–निविदा सूचना

निविदा संख्या 46245351 के लिए भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए कार्यरत वरिष्ठ सामग्री प्रबंधक द्वारा ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण इस प्रकार है:–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | Micro Controller Based electronic speed Indicating Recording System for tower wagon as per RDSO specification: MP 0.3700-07 Rev.07 Aug -2017 |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत | 63,72,000/- |
| 3 | मात्रा | 30 set |
| 4 | निविदा की बोली प्रस्तुत (जमा) करने की तिथि और समय | 28.01.2025 (11:00 Hrs.) |
| 5 | निविदा दस्तावेजों को खोलने की तिथि और समय | 28.01.2025 (11:00 Hrs.) |
| 6 | वेबसाइट का विवरण, जहाँ निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

**टिप्पणी:** **(i)** ई–निविदा प्रणाली में शामिल होने के लिए निविदादाता को भारतीय रेल ई–प्रापण प्रणाली (IREPS) साइट अर्थात **www.ireps.gov.in** पर पंजीकृत होना चाहिए। **(ii)** सभी नियमो और शर्तो के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। **(iii)** कोई भी मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं हैं। **एनआईटी सं.: 46245351 दिनांक: 28.12.2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 08/25

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मदन, पुत्रः अज्ञात,** पता: **म.नं. बी–753, जहांगीरपुरी, दिल्ली** ने **FIR No. 464/22, dated 04.05.22, U/s 75/79 JJ Act, 3/14 Child Labour Act, 16/17/18 Bonded Labour System Act & 370 IPC, पुलिस थाना जहांगीरपुरी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मदन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मदन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 464/22, dated 04.05.22, U/s 75/79 JJ Act, 3/14 Child Labour Act, 16/17/18 Bonded Labour System Act & 370 IPC, पुलिस थाना जहांगीरपुरी, दिल्ली** के अभियुक्त **मदन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.02.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री ज्योति नैन
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–07
उत्तर, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/17164/NW/2024

## उत्तर रेलवे
### ई–निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क. वि., डी. आर. एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली, भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं:–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | भाग–ए के संबंध में 25 केवी एसी ओएचई का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग: डीयूके सेक्शन पर बीबीडीई, बीजेडके, बीजेडजेटी, जीआरए, एमओवाई, टीआरआर, डीएचकेआर, डीपीपी, एसएचडीएम और बीबीडीई, बीजेडके, बीजेडजेटी, जीआरए स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म का विस्तार। भाग–बी: डीएसए–एसएमक्यूएल–एसआरई सेक्शन पर प्लेटफॉर्म का विस्तार और उन्नयन। |
| 2 | अनुमानित लागत | रु. 1,44,84,498.36 |
| 3 | बयाना राशि | रु. 2,22,400/- |
| 4 | ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 17.01.2025 (10:30 बजे) से 31.01.2025 (15:00 बजे तक) |
| 5 | ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई–निविदा खुलने की तारीख और समय | 31.01.2025 (15:00 बजे) |
| 6 | निविदा छपाई की लागत | 20537103 |
| 7 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

निविदा संख्या: 08D–क.वि.–नई दिल्ली–2024–25, दिनांक: 31.12.2024 3998/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े–लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरी मुवक्किल श्रीमती अंजू बाला पत्नी श्री अपरम सिद्धू पुत्री श्री लाल मसीह निवासी माखू, फि रोजपुर, पंजाब, दिनांक 18-11- 2024 सब-रजिस्ट्रार कार्यालय अलीपुर, दिल्ली गयी थी। उनके सभी असल दस्तावेज जिसमे संपत्ति खसरा संख्या 14/3/2 क्षेत्रफल 2.2 बीघा (लगभग 2200 वर्गगज) स्थित ग्राम मोहम्मदपुर मजरी के असल कागज, सब-रजिस्ट्रार कार्यालय अलीपुर से वापस आते समय गुम हो गया है, जिसके गुम होने की सूचना/रिपोर्ट LR No:2317511/2024 पर दिनांक 19-11-2024 को दिल्ली पुलिस विभाग को दे दी गयी है। यदि किसी भी व्यक्ति को यह दस्तावेज प्राप्त हों तो कृपया मोबाइल संख्या 8368565223 पर सूचित करने का कष्ट करें। उपरोक्त दस्तावेजों का भविष्य में किसी भी व्यक्ति के द्वारा कोई भी उपयोग अवैध माना जायेगा।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।


# एक्शन इंडिया
## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।

Punjab Land of Unlimited Opportunities

# सड़क दुर्घटनाओ में मृत्यु दर

# 48% घटी









## सड़क सुरक्षा फ़ोर्स (SSF)

**9,553**
घायलों को प्राथमिक उपचार दिया

**10,396**
घायलों को अस्पताल पहुंचाया

**144**
हाईटेक वाहन तैनात

**5,000**
पुलिसकर्मी सड़कों पर तैनात

"हमारे लिए पंजाब के हर व्यक्ति की जान बेहद क़ीमती है। हम पंजाब के हर व्यक्ति को हर कदम पर विश्व-स्तरीय सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। आइए, हम सब मिलकर रंगला पंजाब बनाएँ।"

**भगवंत सिंह मान**
मुख्यमंत्री, पंजाब



मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के व्हाट्सएप चैनल से जुड़ें

यहां स्कैन करें

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब

# केजरीवाल ने किसान भाइयों को धोखा दिया: शिवराज सिंह

## शिवराज की आतिशी को सलाह, किसानों के हित में दलगत राजनीति से ऊपर उठकर केंद्र की योजनाएं लागू की जाएं

**लेटर वार**

**चौहान ने किसानों के कल्याण के लिए चलाई जा रही केंद्र की योजनाओं को लागू करने का अनुरोध किया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकासमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी को पत्र लिखा है। उन्होंने मुख्यमंत्री को सलाह दी है कि दिल्ली सरकार दलगत राजनीति से ऊपर उठकर केंद्र सरकार की योजनाएं लागू करे। चौहान ने पत्र में दिल्ली सरकार से किसानों के कल्याण के लिए चलाई जा रही केंद्र की योजनाओं को लागू करने का अनुरोध किया है।चौहान ने लिखा है दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार किसानों के प्रति बेहद उदासीन है और संवेदनहीन है। पत्र में आरोप लगाया है कि केजरीवाल और आतिशी ने कभी भी दिल्ली के किसानों के हित में उचित निर्णय नहीं लिए।

केजरीवाल ने हमेशा चुनाव से पहले बड़ी-बड़ी घोषणा कर राजनीतिक लाभ लिया है। सरकार में आते ही सिर्फ अपना रोना रोया है । 10 वर्ष से दिल्ली में आआपा की सरकार है। पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल ने हमेशा किसानों के साथ धोखा किया है।चौहान ने कहा कि इस वजह से दिल्ली के किसान एकीकृत बागवानी मिशन, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, बीज ग्राम कार्यक्रम, नर्सरी और टिशू कल्चर की स्थापना, रोपण सामग्री, नए बाग, पाली हाउस एवं कोल्ड चैन की सब्सिडी, कृषि मशीनीकरण, सूक्ष्म सिंचाई, मृदा स्वास्थ्य, फसल अवशेष प्रबंधन, परंपरागत कृषि विकास योजना, कृषि वानिकी और फसल डायवर्सिफिकेशन जैसी अनेक केंद्रीय योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। बीज की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सब्सिडी जैसे लाभ नहीं मिल पा रहे है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में ट्रैक्टर, हार्वेस्टर सहित किसान उपकरण का पंजीकरण कमर्शियल व्हीकल श्रेणी में किया जा रहा।




### किसानों के मुद्दे पर शिवराज के पत्र को लेकर आआपा ने भाजपा को कटघरे में खड़ा किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की ओर से किसानों के मुद्दे पर दिल्ली की मुख्यमंत्री को पत्र लिखने के मामले में आज आम आदमी पार्टी (आआपा) ने पलटवार करते हुए भाजपा और केंद्र सरकार को कटघरे में खड़ा किया। आआपा सांसद संजय सिंह ने गुरुवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, "मुझे आश्चर्य है कि उनमें अभी भी किसानों के बारे में बात करने की हिम्मत है। उन्होंने किसानों की अनदेखी की और एमएसपी कानून अभी भी लागू नहीं हुआ है। यह इस पार्टी (भाजपा) की वजह से है। (किसान नेता) डल्लेवाल जी आमरण अनशन पर हैं। यह इस पार्टी की वजह से है कि महाराष्ट्र के किसान आत्महत्या करने पर मजबूर हैं।" संजय सिंह ने कहा कि जो भाजपा और मोदी सरकार ने एक साल तक दिल्ली सीमा पर देश के अन्नदाता किसानों को गुलाम और दुश्मनों की तरह सड़कों पर ट्रीट किया। उन्हें पाकिस्तानी और आतंकवादी तक कहा। उसकी ज्यादती से 750 किसानों ने शहादत दी। उस किसान के मुद्दे पर शिवराज सिंह दिल्ली की मुख्यमंत्री को चिट्ठी लिख रहे हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि आजादी के बाद अगर किसानों की कोई द्रोही और विरोधी है तो वह भाजपा है। आपके (भाजपा) मुंह से तो किसान का 'क' नहीं निकलना चाहिए। संसद में किसानों की बात करने पर हमें जबरन सदन से बाहर निकाला गया। आआपा नेता ने कहा कि देश में किसानों को सर्वाधिक मुआवजा केजरीवाल की सरकार ने दिया।

## नेता प्रतिपक्ष ने भूजल में प्रदूषण की बढ़ती मात्रा को भयावह बताया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने राजधानी में निरंतर गिर रहे भूजल के स्तर को लेकर अपनी गंभीर चिंता प्रगट की है और इसके लिये दिल्ली सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए उन्होंने कहा कि दिल्ली की आम आदमी पार्टी ने पिछले दस साल से अपना सारा वक्त और ऊर्जा भ्रष्टाचार के नये नये तरीके ईजाद करने में लगाई है और सरकार की निष्क्रियता का खामियाजा दिल्ली की जनता को भोगना पड़ रहा है। विजेंद्र गुप्ता ने सेंट्रल ग्राउंड वाटर बोर्ड की हालिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए दिल्ली सरकार पर भूजल प्रबंधन में विफलता का आरोप लगाया। सरकार की लापरवाही के कारण राजधानी के नागरिक गंभीर भूजल संकट का सामना कर रहे हैं।

# सीएम आतिशी ने पंजाबी बाग फ्लाईओवर का किया उद्घाटन

**रूख साफ किया**

**इस फ्लाईओवर का निर्माण 10 सितंबर 2022 को शुरू हुआ था और 21 दिसंबर 2024 को बनकर तैयार हो गया**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली की सीएम आतिशी ने राजधानी के लोगों को गुरुवार को फ्लाईओवर की सौगात दी है। इस फ्लाईओवर का निर्माण 10 सितंबर 2022 को शुरू हुआ था और 21 दिसंबर 2024 को बनकर तैयार हो गया। इसके उद्घाटन के दौरान दिल्ली विधानसभा के उपाध्यक्ष और विधायक राखी बिडलान और मोती नगर विधायक शिव चरण गोयल मौजूद रहे।

इस फ्लाईओवर के बनने से पंजाबी बाग और आसपास के इलाकों में ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात मिलेगी। इसके अलावा, यह फ्लाईओवर सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने में भी मदद करेगा।

**फ्लाईओवर की लंबाई कुल 1.1 किमी**

पंजाबी बाग क्लब रोड स्थित छह लेन वाले इस फ्लाईओवर की कुल लंबाई महज 1.1 किमी है। इसे वेस्ट दिल्ली इंटीग्रेटेड ट्रांजिट कॉरिडोर डेवलपमेंट के तहत तैयार किया गया है। इसकी एक तरफ की चौड़ाई 11.50 मीटर है, जबकि दोनों तरफ की चौड़ाई 23 मीटर है।

## 'भाभी ने कहा था हिम्मत है तो...', पुनीत को मिली थी धमकी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** पत्नी और ससुराल वालों से परेशान रेस्टोरेंट मालिक ने मॉडल टाउन में अपने घर में पंखे से लटक कर जान दे दी। बताया गया है कि दोनों के बीच तलाक को लेकर कोर्ट में केस चल रहा था। मृतक पुनीत के परिजनों ने पत्नी और उसके माता-पिता व बहन पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप हुए आत्महत्या के लिए जिम्मेदार ठहराया है। आत्महत्या से पहले पति-पत्नी के बीच हुई बातचीत की ऑडियो क्लिप परिजनों ने पुलिस को सौंपी है।



**हिम्मत है तो आत्महत्या कर लो**

मृतक की बहन रीना ने बताया कि अपनी पत्नी और उसके माता-पिता व बहन की ओर से किए जा रहे मेंटली टॉर्चर के कारण पुनीत ने आत्महत्या की है। उसके भाई को यह कहकर उकसाया कि तुम कुछ नहीं कर सकते, हिम्मत है तो आत्महत्या कर लो।

**पत्नी ने पुनीत को धमकाया और गाली दी**

बताया कि सहमति से तलाक के लिए हम सब तैयार थे। लेकिन, पुनीत की पत्नी व ससुराल वाले लगातार गुंडे भिजवाने और जेल भिजवाने की धमकी देते थे। दोनों दो साल से अलग-अलग रह रहे थे। पुनीत के परिजनों ने बताया कि बीती रात करीब तीन बजे उसकी पत्नी ने उसे धमकाया व गाली दी।

**पुनीत ने बनाया 59 मिनट का वीडियो**

परिजनों ने बताया कि आत्महत्या से पहले पुनीत ने 59 मिनट का वीडियो बनाया है। पुलिस ने अभी सुसाइड नोट या वीडियो मिलने की पुष्टि नहीं की है।

बेंगलुरु में एआइ इंजीनियर अतुल सुभाष आत्महत्या प्रकरण के बाद अब दिल्ली के मॉडल टाउन के कल्याण विहार में हुई इस घटना की सोशल मीडिया पर खूब चर्चा हो रही है।

## हद हो गई, अब अपराधी मानहानि का नोटिस भेज रहे: मनोज तिवारी

**जांच होगी**

**बहुत अच्छा है क्योंकि अब इसमें और भी बातें होंगी, पूरी जांच होगी और दोषी को सजा मिलेगी: मनोज तिवारी**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी (आप) सांसद संजय सिंह ने बीजेपी नेता मनोज तिवारी और अमित मालवीय को मानहानि का नोटिस भेजा है। वहीं इस पर मनोज तिवारी ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, "...हद हो गई कि अब अपराधी मानहानि के नोटिस भेज रहे हैं। ये बहुत अच्छा है क्योंकि अब इसमें और भी बातें होंगी, पूरी जांच होगी और दोषी को सजा मिलेगी।" उन्होंने कहा, "जहां भी चुनाव होता है, वे वहां वोटर बन जाते हैं, क्या हमारे देश का लोकतंत्र इसकी अनुमति देता है?... अगर वे अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों के बल पर चुनाव जीत रहे थे, जब हमने फर्जी मतदाताओं की पहचान शुरू की तो उनकी परेशानी दिख रही है। क्या संजय सिंह 2024 में ही दिल्ली आए हैं? जब उत्तर प्रदेश में चुनाव होता है तो वे वहां के वोटर होते हैं, जब दिल्ली में चुनाव होता है तो वे यहां के वोटर होते हैं। अब जांच होगी और सारी स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।" इससे पहले, बीजेपी नेता मनोज तिवारी और अमित मालवीय को मानहानि नोटिस भेजने पर आप सांसद संजय सिंह ने कहा था, "मैंने उन्हें मानहानि का नोटिस भेजा है और उन्हें कोर्ट में अपनी कही हुई बातों को साबित करना पड़ेगा।

## पार्किंसंस के लिए समाधान हो सकता है नैनो-फॉर्मूलेशन: शोध

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** वैज्ञानिकों ने साबित कर दिया है कि अंधेरे के जवाब में मस्तिष्क द्वारा उत्पादित हार्मोन मेलाटोनिन के नैनो-फॉर्मूलेशन ने बेहतर एंटीऑक्सीडेंट और न्यूरोप्रोटेक्टिव गुणों को दिखाया है और यह पार्किंसंस रोग (पीडी) के लिए एक संभावित चिकित्सीय समाधान हो सकता है। पार्किंसंस रोग (पीडी) मस्तिष्क में डोपामाइन-स्रावित न्यूरॉन्स की मृत्यु के कारण होने वाले सबसे आम न्यूरोलॉजिकल विकारों में से एक है, जो इसके अंदर सिन्यूक्लिन प्रोटीन के एकत्रीकरण के कारण होता है। उपलब्ध दवाएं केवल लक्षणों को कम कर सकती हैं लेकिन बीमारी को ठीक नहीं कर सकती हैं और यह बीमारी के लिए बेहतर चिकित्सीय समाधान विकसित करने की आवश्यकता को रेखांकित करता है पिछले दशक के अध्ययनों ने "माइटोफैगी" नामक गुणवत्ता नियंत्रण तंत्र को नियंत्रित करने में पीडी-संबंधित जीन के निहितार्थों को दिखाया है, जो निष्क्रिय माइटोकॉन्ड्रिया की पहचान करता है और उन्हें हटाता है और ऑक्सीडेटिव तनाव को कम करता है। कई एंटीऑक्सीडेंट में सेमेलाटोनिनमस्तिष्क में मौजूद एक अंतःस्रावी ग्रंथि पीनियल ग्रंथि से स्रावित एक न्यूरोहोर्मोन है, जो नींद-जागने के चक्र को नियंत्रित करता है और अनिद्रा के इलाज के लिए उपयोग किया जाता है। यह पीडी को कम करने के लिए माइटोफैगी का एक संभावित प्रेरक हो सकता है। मेलाटोनिन पीडी प्रतिपक्षी के रूप में जिन आणविक मार्गों का अनुसरण करता है, वे कम जैव उपलब्धता, समय से पहले ऑक्सीकरण, मस्तिष्क वितरण आदि जैसी कुछ सीमाओं के साथ एक सुरक्षित और संभावित न्यूरोथेरेप्यूटिक दवा होने के बावजूदखराब तरीके से स्पष्ट किए गए हैं। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के एक स्वायत्त संस्थान नैनो विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान (आईएनएसटी) मोहाली (पंजाब)के शोधकताओं के एक समूह ने मस्तिष्क तक दवा पहुंचाने के लिए मानव सीरम एल्ब्यूमिन नैनो-फॉर्मूलेशन का उपयोग किया।




**डोपामाइन**

**डोपामाइन-स्रावित न्यूरॉन्स की मृत्यु के कारण होने वाले सबसे आम न्यूरोलॉजिकल विकारों में से एक है**

## दिल्ली सरकार और एलजी के बीच खत्म होना चाहिए विवाद: गवई

**हमला**

**'फरिश्ते दिल्ली के' योजना के लिए केंद्र सरकार ने जारी किया फंड: सुप्रीम कोर्ट, कोर्ट ने की टिप्पणी**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली** सरकार की फरिश्ते दिल्ली के नामक योजना के लिए केंद्र सरकार ने फंड जारी कर दिया है। दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में इसकी जानकारी दी।

दिल्ली सरकार की इस सूचना के बाद सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि दिल्ली सरकार और उप-राज्यपाल के बीच विवाद खत्म हो जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने 8 दिसंबर 2023 को उप-राज्यपाल दफ्तर को नोटिस जारी किया था। कोर्ट ने टिप्पणी की थी कि ये समझ से परे है कि क्यों सरकार के दो धड़े आपस में यूं लड़ते रहते हैं। दिल्ली सरकार ने अर्जी दायर कर 'फरिश्ते दिल्ली के' नाम वाली अपनी स्कीम के लिए फंड रिलीज करने की मांग की है। इस स्कीम के तहत दिल्ली सरकार सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को मुफ्त इलाज मुहैया कराती है।

## वीर सावरकर कॉलेज का पीएम मोदी करेंगे शिलान्यास: प्रो. योगेश

**आधारशीला**

**विश्वविद्यालय परिसरों के साथ-साथ वीर सावरकर के नाम पर एक कॉलेज की नींव रखेंगे**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी शुक्रवार (3 जनवरी) को पूर्वी और पश्चिमी दिल्ली में दो नए दिल्ली विश्वविद्यालय परिसरों के साथ-साथ वीर सावरकर के नाम पर एक कॉलेज की नींव रखेंगे। वहीं डीयू के वाइस चांसलर प्रो. योगेश सिंह ने अपनी प्रतिक्रिया दी है।

प्रो. योगेश सिंह ने कहा, "यह गर्व की बात है कि शुक्रवार को पीएम मोदी तीन परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। एक ईस्ट दिल्ली कैंपस, दूसरा वेस्ट दिल्ली कैंपस और तीसरा वीर सावरकर कॉलेज है। इससे युवाओं को नए अवसर मिलेंगे और इससे नई सीटें बढ़ेंगे। इन परियोजनाओं के लिए लगभग 600 करोड़ रुपये आवंटित करने के लिए मैं भारत सरकार को धन्यवाद देता हूं।"

**यूनिवर्सिटी ने पीएम मोदी को भेजा निमंत्रण**

विश्वविद्यालय के सूत्रों ने कहा कि 2021 में डीयू की कार्यकारी परिषद द्वारा अनुमोदित नजफगढ़ में सावरकर कॉलेज के निर्माण के लिए 140 करोड़ रुपये की अस्थायी लागत तय गई है। सूत्रों ने कहा कि विश्वविद्यालय ने प्रधानमंत्री को निमंत्रण दिया है और प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) से पुष्टि की प्रतीक्षा हो रही है। पूर्वी परिसर में 373 करोड़ रुपये की लागत उन्होंने बताया कि सूरजमल विहार में, 15.25 एकड़ के पूर्वी परिसर में 373 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से अकादमिक ब्लॉक का निर्माण होगा।

इस परिसर में एलएलबी, एलएलएम और पांच वर्षीय इंटेग्रटेड एलएलबी प्रोग्राम के साथ अन्य बहुविषयक प्रोग्राम भी संचालित होंगे। इस प्रोजेक्ट के 59618 वर्ग मीटर निर्मित क्षेत्र में 60 क्लासरूम, 10 ट्यूटोरियल रूम, छह मूट कोर्ट, चार कंप्यूटर लैब, दो कैफेटेरिया और दो कॉमन रूम सहित अनेकों अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।



**पश्चिमी परिसर में 107 करोड़ रुपये की** लागत

उन्होंने बताया कि द्वारका सेक्टर 22 में बनने वाले पश्चिमी परिसर के पहले चरण में 107 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से नए अकादमिक भवन का निर्माण होगा। इस प्रोजेक्ट के 19434.28 वर्ग मीटर निर्मित क्षेत्र में 42 क्लास रूम, दो मूट कोर्ट, डिजिटल लाइब्रेरी, कांफ्रेंस रूम, फैकल्टी रूम, कैफेटेरिया, छात्र एवं छात्राओं के कामन रूम और सेमिनार हाल सहित अनेकों अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

## बांग्लादेशियों की अवैध रूप से कराते थे घुसपैठ, चार गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारतीय सीमा में बांग्लादेशियों की अवैध घुसपैठ कराकर उन्हें फर्जी भारतीय दस्तावेज उपलब्ध कराने वाले एक और गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। दक्षिणी जिले की एटीएस टीम ने चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

**टीम ने पैन कार्ड और क्रेडिट कार्ड किए बरामद**

एटीएस की टीम ने जाली पहचान पत्रों का उपयोग करके अवैध बांग्लादेशी नागरिकों द्वारा बनाए गए आधार कार्ड, पैन कार्ड और क्रेडिट कार्ड बरामद किए हैं।

**काबू**

**फर्जी भारतीय दस्तावेज उपलब्ध कराने वाले एक और गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है**

**पहले भी किए गए थे गिरफ्तार**

पुलिस के मुताबिक, 28 दिसंबर को अवैध रूप से प्रवेश करने वाले सात बांग्लादेशी नागरिकों को अर्जनगढ़ मेट्रो स्टेशन पर पकड़ा गया और एफआरआरओ के माध्यम से वापस बांग्लादेश भेज दिया गया। उसी दिन एक अन्य अवैध बांग्लादेशी नागरिक बिलाल होसेन को आया नगर लाल बत्ती से गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर उसकी पत्नी को राजीव नगर, गुरुग्राम, हरियाणा से गिरफ्तार किया गया। वहीं, घर की तलाशी के दौरान अतिरिक्त सामान बरामद किया गया, जिसमें चार और आधार कार्ड, 18 क्रेडिट/डेबिट कार्ड, दो पैन कार्ड, छह चेक बुक, दो बैंक पासबुक, दो क्यूआर कोड, एक वोटिंग कार्ड की प्रति और एक भारतीय पासपोर्ट आवेदन पत्र शामिल था।

## राजनीतिक लड़ाई में फंस गई सीवर लाइन की समस्या, राजधानी की जनता झेल रही दिक्कत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली** के कई क्षेत्रों विशेषकर अनधिकृत व पुनर्वास कॉलोनियों में लोग सीवर जाम और ओवरफ्लो की समस्या से जूझ रहे हैं। वर्षा में जलभराव से सड़कें भी क्षतिग्रस्त हो रही हैं। जुलाई में राजेंद्र नगर के कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में भरे पानी में डूबने से सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे तीन अभ्यार्थियों की डूबने से मौत हो गई थी। आम आदमी पार्टी की सरकार इसके लिए अधिकारियों को और विपक्षी पार्टियों की सरकारों को जिम्मेदार ठहराती है। लोगों की शिकायत पर दिसंबर, 2023 के बाद से मुख्यमंत्री आतिशी विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण जल बोर्ड के अधिकारियों को समस्या हल करने का निर्देश दे चुकी हैं।



दिल्ली जल बोर्ड ने विशेष अभियान चलाकर समस्या हल करने का दावा किया था। पिछले वर्ष मार्च में विधानसभा में मामला उठा और मुख्य सचिव को भी बुलाया गया। उम्मीद थी कि समस्या दूर होगी, लेकिन मानसून आते ही सच्चाई सामने आ गई। आज भी कई क्षेत्रों में समस्या बरकरार है।

**191 नालों में सीधे गिर रहा है सीवर लाइन का पानी**

सीवर लाइन का अपषिष्ट जल को सीवेज उपचार संयंत्र (एसटीपी) तक पहुंचाकर उसे उपचारित किया जाना चाहिए। इसके विपरीत दिल्ली के 191 नालों में सीधे सीवर लाइन का अपशिष्ट जल गिराया जा रहा है।

**आइआइटी के अध्ययन में जताई गई थी चिंता**

दिल्ली की ड्रेनेज समस्या के समाधान के लिए वर्ष 2009 में तत्कालीन उपराज्यपाल तेजेंद्र खन्ना ने सिविक एजेंसियों को ड्रेनेज प्रणाली का नया मास्टर प्लान बनाने का निर्देश दिया था। वर्ष 2012 में तत्कालीन मुख्यमंत्री शीला दीक्षित ने आइआइटी दिल्ली को रिपोर्ट बनाने का काम सौंपा था। वर्ष 2018 में सौंपी गई रिपोर्ट में बरसाती नालों में सीवेज गिरने पर रोक लगाने, सीवेज लाइन व वर्षा का पानी यमुना तक ले जाने के लिए अलग व्यवस्था करने, बरसाती नालों की देखरखे एक एजेंसी को देने की सलाह दी गई थी। दिल्ली सरकार ने वर्ष 2021 में इस रिपोर्ट में विसंगति होने की बात कहकर खारिज कर दिया था। उसके बाद से नई ड्रेनेज प्रणाली तैयार होने का इंतजार किया जा रहा है। हाई कोर्ट के निर्देश के बाद नालों की सफाई का काम अब सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण को सौंपा गया है। नालों और सीवर लाइन की सफाई में लापरवाही से भी जलभराव व सीवर ओवरफ्लो की समस्या होती है।

जुलाई, 2023 में दिल्ली के कई क्षेत्रों में बाढ़ आने के कारण की पड़ताल के लिए गठित समिति ने भी सीवर की सफाई नहीं होने पर चिंता जताई थी। ट्रंक लाइन (मुख्य सीवर लाइन) और पेरिफेरल लाइन की वर्ष 2023 से पहले तक कभी सफाई नहीं की गई। सफाई नहीं होने से सीवर लाइन में गाद भरी हुई है।

### बरसाती नालों और सीवर लाइन के आपस में मिलने से समस्या

**बरसाती** नालों और सीवर लाइन के आपस में मिलने से जलभराव की समस्या अधिक होती। इससे नालों की वहन क्षमता प्रभावित होती है। सीवर लाइन ओवर फ्लो होने लगते है। नालों के माध्यम से सीवर का गंदा पानी सीधे यमुना में गिरने से उसका प्रदूषण बढ़ रहा है।

इस समस्या का हल करने के लिए सीवर लाइन और बरसाती नालों को अलग करना जरूरी है। इस तरह के 309 ऐसे स्थानों की सूची तैयार की गई है, जहां सीवर लाइन और बरसाती नाले मिल रहे हैं। जल बोर्ड का दावा है कि लगभग 200 स्थानों पर समस्या दूर कर दी गई है।

## मोदी दिल्ली को आज देंगे 4500 करोड़ की विकास योजनाओं का तोहफा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को दिल्ली को 4500 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का तोहफा देंगे। इनमें प्रधानमंत्री वजीरपुर में झुग्गी वासियों के लिए निर्मित 1645 फ्लैटों की चाबी भी गृह स्वामियों को सौंपेंगे। गुरुवार को प्रेस वार्ता में दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली में झुग्गी वासियों के दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की ओर से वजीरपुर में बनाए गए 1645 स्वाभिमान फ्लैट की चाबी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को अशोक विहार के वासियों को सौंपेंगे। डीडीए के ये फ्लैट जहां झुग्गी, वहीं मकान योजना के तहत बनाए गए हैं। योजना का उद्देश्य झुग्गीवासियों को सुरक्षित और पक्के मकान उपलब्ध कराना है ताकि वे सम्मानजनक जीवन जी सकें। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी डीयू लॉ फैकल्टी के ईस्ट कैंपस का शुभारंभ करेंगे। इसके अलावा पश्चिमी दिल्ली में कैंपस ऑफ यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली द्वारका में एक शिलान्यास करेंगे और दिल्ली यूनिवर्सिटी के एक कैम्पस का रोशनपुरा नजफगढ़ का भी शिलान्यास करेंगे। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने बताया कि शुक्रवार को प्रधानमंत्री दिल्ली मेट्रो के चौथे चरण में रिठाला, नरेला कुंडली कॉरिडोर का शिलान्यास करेंगे।

# 'रक्तदान कर किसी अनजान व्यक्ति की जान बचाएं'

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : सांसद नवीन** जिंदल ने कहा कि रक्तदान कर किसी अनजान व्यक्ति की जान को बचाने में आम नागरिक अपना अहम योगदान दे सकता है। इसलिए आम व्यक्ति को रक्तदान महादान के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। इस समाज में रक्तदान से बड़ा कोई भी पुण्य का कार्य नहीं है। इस पुण्य के कार्य में समय-समय पर अपना योगदान करना चाहिए। अहम पहलू यह है कि मेहरचंद मेंहदीरत्ता चैरिटेबल ट्रस्ट जरूरतमंद लोगों की मदद करने का सराहनीय एवं महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। इस संस्थान की तरफ से हर वर्ष जहां रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है, वहीं गरीब लोगों को राशन, बच्चों को स्टेशनरी और बीमार



लोगों के स्वास्थ्य की जांच करने का काम किया जा रहा है। इस संस्थान से समाज की अन्य संस्थाओं को भी प्रेरणा मिलती है। इतना ही नहीं मेहरचंद मेहंदीरत्ता चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं समाज सेवी पंकज अरोड़ा व राजीव अरोड़ा समाज सेवा के लिए अच्छा कार्य कर रहे है। मेहरचंद मेंहदीरत्ता चैरिटेबल ट्रस्ट एवं लिटिल कैंपस इंटरनेशनल स्कूल, मेहर बुक डिपो एवं जर्नलिस्ट क्लब थानेसर द्वारा वीरवार को स्लम बस्ती कीर्ति नगर मेहरचंद मेंहदीरत्ता डिस्पेंसरी के भवन में स्वर्गीय संतोष रानी के 77वें जयंती दिवस को मातृ छाया दिवस के रुप में मनाया गया और 20वें रक्तदान शिविर के साथ-साथ मेगा हेल्थ चैकअप कैंप का आयोजन किया गया। इस मातृ छाया दिवस पर संस्थान की तरफ से जरूरतमंद महिलाओं को वस्त्र और राशन भी वितरित किया गया। इस रक्तदान शिविर और मेगा हेल्प कैंप का शुभारंभ सांसद नवीन जिंदल, डीआईजी मधुबन एचएपी सुरेन्द्र पाल, पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला, सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव नितिन राज, चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, जिला परिषद अध्यक्षा कंवलजीत कौर, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. संजीव शर्मा, केडीबी मानद सचिव उपेन्द्र सिंघल, 48 कोस तीर्थ निगरानी कमेटी के चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा, सीएमओ डा. सुखबीर सिंह, डीईटीसी पुनित शर्मा ने स्वर्गीय संतोष रानी की 77वीं वर्षगांठ पर 20वें रक्तदान शिविर व मेगा हेल्थ कैंप का विधिवत रुप से शुभारंभ किया। सभी मेहमानों ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित किया और सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान जरूरतमंद महिलाओं को वस्त्र और राशन वितरित किया गया। सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि आज के आधुनिक दौर में विरले लोग ही अपने माता-पिता की सेवा करते है और उनकी याद में समाज सेवा के लिए कार्य करते है। इस कार्य को मेहरचंद मेहंदीरत्ता चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष पंकज अरोड़ा और राजीव अरोड़ा ने बेहतरीन ढंग से करने का काम किया है। उन्होंने अपनी माता स्वर्गीय संतोष रानी के जयंती पर जरूरतमंद महिलाओं को राशन और वस्त्र देकर समाज सेवा करने का एक अनोखा कार्य किया है। इसके साथ ही रक्तदान शिविर लगाकर अंजान व्यक्ति की जान बचाने के लिए जो रक्त काम आएगा।

# बंदरों के उत्पात ने गरीब परिवार की बढ़ा दी मुश्किलें

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/**
**सोमपाल सैनी**

खरखौदा के फरमाणा गांव में बंदरों के उत्पात ने एक गरीब परिवार की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। बंदरों के एक झुंड ने मकान के चौबारे की ईंटों से बनी दीवार को गिरा दिया। जिससे मलबा नीचे के कमरे की छत पर गिरा और छत टूटकर नीचे आ गिरी। घटना के कारण कमरे में रखा सामान भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि, गनीमत रही कि परिवार के किसी सदस्य को चोट नहीं आई।

फरमाणा गांव के अजय का कहना है कि बंदरों के झुंड ने उसके घर पर आकर चौबारे में बने कमरे के ऊपर लगी ईंटों की दीवार को हिलाकर उसे गिरा दिया।



फ्रंट की दीवार का सारा मलबा नीचे के कमरे की छत पर आ गिरा और उसकी वह छत टूटकर नीचे आकर गिर गई। जिससे कमरे में रखा सामान भी क्षतिग्रस्त हो गया। अजय का कहना है कि वह आर्थिक रूप से बहुत ही कमजोर है, कुछ वर्ष पहले ही उसने अपने परिचितों से पैसे लेकर मकान बनाया था। जोकि बंदरों के कारण क्षतिग्रस्त हो गया है। छत टूटने के साथ ही मकान की दीवारों तक में भी दरार आ गई है। अजय का कहना है कि अब बंदरों की हरकत से हुए इस हादसे ने उनकी आर्थिक स्थिति को और खराब कर दिया है। पीड़ित ने प्रशासन से आर्थिक मदद की गुहार लगाई है, ताकि घर की मरम्मत करवाई जा सके।

# ड्राइवर बचा, साथी डूबा, पहिए का एक्सल टूटने से हुआ हादसा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के मुनक** से पानीपत मार्ग पर एक ट्रैक्टर-ट्राली नहर में जा गिरी। हादसा संतुलन बिगड ़ से हुआ। ट्राली में ईंटे भरी हुई थी। हादसे के बाद ड्राइवर को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, लेकिन उसका साथी नहर में बह गया। घटना की सूचना के बाद पुलिस व गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने क्रेन की सहायता से ट्रैक्टर-ट्राली को बाहर निकलवाया। गोताखोर नहर में डूबे व्यक्ति की तलाश कर रहे हैं। ग्रामीण रणधीर सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर ड्राइवर काला गांव राजौंद से ट्राली में ईंटे भरकर सुबह करीब ढाई बजे निकला था। उसके साथ उसका एक साथी रमेश भी था। दोनों राजौंद के बताए जा रहे हैं। दोनों ने सुबह मुनक के पास चाय भी पी और वहां से निकल पड़े। वे नहर की सडक से पानीपत की तरफ जा रहे थे, तभी अचानक ब्रेक साइड के पहिए का एक्सल टूट गया और ट्रैक्टर कंट्रोल से बाहर हो गया और ट्रैक्टर-ट्राली सहित नहर में जा गिरा। रणधीर ने बताया कि जैसे ही हादसा हुआ तो आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए और ड्राइवर को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, लेकिन उसका साथी रमेश डूब गया।

# युवाओं को साइबर अपराध व नशे के विरुद्ध किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। साइबर क्राइम** की घटनाओं को रोकने तथा आमजन को साइबर अपराध के प्रति जागरूक करने के लिए पुलिस द्वारा चलाया गया साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान लगातार जारी है। विशेष जागरूकता अभियान के तहत थाना सदर की पुलिस टीम ने युवाओं को साइबर अपराध के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया। टीम द्वारा गांव झगड़ोली के स्कूल ग्राउंड में जागरूकता अभियान चलाया गया। एसपी पूजा वशिष्ठ के मार्गदर्शन में थाना सदर महेंद्रगढ़ की टीम ने युवाओं, विद्यार्थियों व आमजन को



ऑनलाइन साइबर अपराधों की जानकारी दी। टीम ने बताया कि किसी भी सूरत में अपने बैंक खाता से संबंधित कोई भी जानकारी अथवा पासवर्ड या ओटीपी इत्यादि को किसी से भी शेयर ना करें, किसी अनजान के कहने पर कोई भी ऑनलाइन ट्रांजेक्शन करें, किसी भी अनजान नंबर से आई वीडियो कॉल को रिसीव ना करें, अज्ञात लिंक पर क्लिक ना करें तथा साइबर अपराध से सुरक्षा के अन्य तौर-तरीकों बारे जागरूक किया गया। युवाओं, विद्यार्थियों एवं आमजन को इस बात का ख्याल रखना चाहिए कि वह अपने इंटरनेट मीडिया अकाउंट व बैंकिंग एप्स को सुरक्षित लॉक करके रखें तथा अपनी निजी जानकारी को किसी भी व्यक्ति से सांझा करने से बचें। कहा कि मोबाइल पर बगैर पुष्टि किए किसी को भी अपना महत्वपूर्ण डाटा शेयर न करें। मैसेज, मेल आदि के मध्यम आए अज्ञात लिंक पर क्लिक ना करें। इसके साथ ही युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी देकर नशे के विरुद्ध जागरुक किया और जागरुक करते हुए कहा कि नशा हमारे शरीर, परिवार, समाज और देश का सबसे बडा दुश्मन है, इससे दूर रहें और दूसरों को भी दूर रखें। नशे की लत लगने के कारण व्यक्ति को अपना शरीर, परिवार इत्यादि उसको कुछ दिखाई नहीं देता, वह नशे के लिए अपराध करने से भी नहीं हिचकता।

## न्यूज फ्लैश

### कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी आज करेंगे सुर संध्या कार्यक्रम में शिरकत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः सृजन एवं हरियाणा** कला परिषद की तरफ से 3 जनवरी को सायं 5 बजे मैक के सभागार में सुर संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। यह जानकारी हरियाणा कला परिषद के निदेशक नागेन्द्र कुमार ने दी है।

### नपा वाइस चेयरमैन की कुर्सी पर फैसला आज

**गन्नौर नगरपालिका के** वाइस चेयरमैन की कुर्सी पर फैसला 3 जनवरी होगा। वाइस चेयरमैन दिनेश अदलखा के खिलाफ अविश्वास को लेकर बैठक 3 जनवरी को एसडीएम गन्नौर मनीष कुमार फौगाट की अध्यक्षता में नगरपालिका के सभागार में होगी। बैठक में अविश्वास प्रस्ताव को लेकर पार्षदों की वोटिंग होगी। जिसके बाद दिनेश अदलखा की वाइस चेयरमैन की कुर्सी पर फैसला हो जाएगा। बता दें कि नगर पालिका के वाइस चेयरमैन दिनेश अदलखा के खिलाफ 17 में से 13 पार्षदों ने उपायुक्त को 20 नवंबर को अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था।

### अविश्वास प्रस्ताव को लेकर 10 जनवरी को बीडीपीओ कार्यालय में बैठक

**गन्नौर। ब्लाक समिति** चेयरमैन सोनू कुमार व वाइस चेयरमैन कृष्णा देवी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को लेकर 10 जनवरी को बीडीपीओ कार्यालय में होगी बैठक । बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी करेंगी। बीडीपीओ कार्यालय द्वारा इस बैठक का एजेंडा भी ब्लाक समिति के सभी सदस्यों के पास लिखित में भिजवा दिया गया है। बता दें कि 29 में 17 सदस्यों ने दोनों के खिलाफ अविश्वास लाने के लिए बीडीपीओ पूनम चंदा को पत्र सौंपा था। इस संबंध में दो बार बैठक बुलाई जा चुकी है, लेकिन दोनो बार बैठक स्थगित हो गई। अब यह तीसरी बैठक 10 दिसंबर को होगी।

### तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से 32 वर्षीय युवक की मौत

**गन्नौर । जीटी रोड पर** कनक ढाबे के पास सड़क पार कर रहे एक 32 वर्षीय युवक को ट्रक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में युवक की मौत हो गई। मृतक के पिता ने मामले की शिकायत थाना बड़ी में दी। शिकायत में गांव बांय के रहने वाले मोहर सिंह ने बताया कि उसका 32 वर्षीय पुत्र विक्की 1 जनवरी की रात किसी जरूरी काम से बस अड्डा गन्नौर जा रहा था। काम करने के बाद वह घर की तरफ पैदल लौट रहा था। जब वह जीटी रोड पर कनक ढाबे के सामने सड़क पार करने लगा तो दिल्ली की तरफ से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसके बेटे को सीधी टक्कर मारी और मौके से फरार हो गया। इस हादसे में विक्की गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में विक्की को भिगान टोल प्लाजा की एंबुलेंस से सोनीपत के सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया तो चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मोहर सिंह की शिकायत पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### एसीपी मलकीत सिंह ने संभाला गन्नौर का कार्यभार

**गन्नौर। एचसीएस मलकीत** सिंह ने गन्नौर एसीपी का कार्यभार संभाल लिया है। लंबे समय से गन्नौर एसीपी की सीट खाली पड़ी थी। कार्यभार संभालने के बाद एसीपी मलकीत सिंह ने कहा कि पुलिस और आम लोगों में आपसी तालमेल बनाकर लोगों के प्रति विश्वास की नींव को मजबूत बनाया जाएगा। वहीं क्षेत्र में अपराध को किसी भी कीमत पर पनपने नहीं दिया जाएगा। क्षेत्र में कानून व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए हरसंभव प्रयास किये जाएंगे। उन्होंने क्षेत्र की जनता से अपील की कि वे लोग पुलिस का सहयोग करें।

# नैतिक मूल्यों को जीवन में उतारें: सुभाष भारद्वाज

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक** विद्यालय बबैल पानीपत में सात दिवसीय एनएसएस के विशेष कैंप उद्घाटन के अवसर पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुभाष भारद्वाज मुख्य अतिथि व खंड शिक्षा अधिकारी बिजेंद्र हुड्डा विशेष अतिथि व जिला एन एस एस कॉर्डिनेटर सुनील मलिक विशेष आमंत्रित सदस्य रहे। इस अवसर पर सुभाष भारद्वाज ने बच्चों को अपने जीवन मे नैतिकता के महत्व को समझाते हुए बताया कि वे किसी भी कार्य को करते हुए हिचकें नहीं , अधिक से अधिक कार्यकलापों में बढ़ चढ़ कर भाग लें, इससे उनमें आत्मविश्वास आएगा, जो उनके



जीवन को सही दिशा देने के लिए जरूरी है। खण्ड शिक्षा अधिकारी बिजेंद्र हुड्डा ने अपने जीवन के अनुभवों को बच्चों से सांझा करते हुए बताया कि कैसे विभिन्न कैम्प गतिविधियों उनको कामयाबी के रास्ते मिले हैं। एन एस एस स्वयंसेवकों को भी ज्यादा से ज्यादा कैम्प में भागीदारी करके समाज को फायदा देना चाहिए। जिला कॉर्डिनेटर सुनील मलिक ने एन एस एस सर्टिफिकेट से बच्चों को उनके भविष्य में होने वाले लाभों को बताया और कैम्प के माध्यम से जीवन मे अनुशासन सीखने पर बल दिया। विद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी अजेन्द्र कुण्डू ने बताया कि इस कैम्प में पचपन स्वयंसेवकों ने भाग लिया है। कैम्प में प्रतिदिन अलग अलग विधाओं को सिखाया जाता है व समाज के प्रतिभाशाली व्यक्तियों को कैम्प में बुलाया जाएगा। उद्घाटन में स्कूल के प्राचार्य अनिल कुमार ने आगन्तुको का स्वागत किया। श्री अनिल कुमार ने स्वयंसेवकों को एनएसएस की खूबियां को उभारने व अपने कर्तव्यों के प्रति पूरी निष्ठा से कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने स्वयंसेवकों को बताया कि एनएसएस के द्वारा कैसे हम अपने जीवन में जिम्मेदारियां को सही तरह से निभाने के लिए तैयार होते हैं और समाज में कहीं भी आवश्यकता पड़ने पर हमेशा आगे रहते हैं। कैम्प में बलिंद्र अहलावत, नरेंद्र मलिक पी टी आदि अन्य साथी मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौत, दूसरा घायल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले में सीकरी** गांव के पास सडक हादसे में मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना बुधवार शाम करीब छह बजे की है। तेज गति व लापरवाही से चलाए गए ट्रैक्टर ने मोटरसाइकिल को सीधी टक्कर मार दी। इस हादसे में प्रयाग नामक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अमित कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। शिकायतकर्ता सतबीर सिंह ने बताया कि प्रयाग और अमित कुमार मोटरसाइकिल पर सवार होकर गांव सिकरी से नीलोखेड़ी की ओर जा रहे थे। प्रयाग मोटरसाइकिल चला रहा था। जैसे ही वे गांव शेरपुर के पास पहुंचे, सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि प्रयाग को सिर में गंभीर चोटें आईं और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे में दूसरे युवक अमित को गंभीर चोटें आईं, खासतौर पर दाईं टांग और शरीर के अन्य हिस्सों में। मौके पर मौजूद सतबीर सिंह दोनों को तुरंत ट्रामा सेंटर करनाल ले गए। डॉक्टरों ने प्रयाग को मृत घोषित कर दिया, जबकि अमित को गंभीर हालत में मेडलाइन अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# राज्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को किया जाएगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :उपायुक्त नेहा** सिंह ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग की तरफ से 8 मार्च 2025 को महिला अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाया जाना है। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय महिला सम्मान दिवस के अवसर पर राज्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को पुरस्कार प्रदान किया जाना है। जो भी महिला जो कि समाज सेवा / शिक्षा / खेल / चिकित्सा सहायता / स्वयं सहायता समूह या अन्य कार्य क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया है उनको विभिन्न राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि इंदिरा गांधी शक्ति महिला अवार्ड के लिए 1 लाख 50 हजार रुपए, कल्पना चावला शौर्य अवार्ड के लिए 1 लाख रुपए, भीन शन्नो देवी पंचायती राज अवार्ड के लिए 1 लाख रुपए, लाइफ टाइम अचीव अवार्ड के लिए 51 हजार रुपए, सोशल वर्कर अवार्ड 21 हजार रुपए व श्रीमती सुषमा स्वराज अवार्ड 5 लाख रुपए से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए पात्र महिलाएं खंड स्तर पर महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय से भी जानकारी प्राप्त कर सकते है तथा अधिक जानकारी के लिए डब्लयूसीडीएचआरवाई.ओआरजी.इन्ा पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# पुलिस का नशा तस्करी पर कड़ा प्रहार, एक गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह** आईपीएस के मार्गदर्शन में नशा तस्करी के खिलाफ चलाएं जा रहे अभियान के तहत पानीपत पुलिस को कामयाबी मिली है। एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने बुधवार को मिली गुप्त सूचना पर मलिक पेट्रोल पंप के नजदीक जीटी रोड पर नाकाबंदी कर कार सवार एक नशा तस्कर को काबू कर कार से 1 किलो 900 ग्राम चरस बरामद की है। आरोपी की पहचान पवन उर्फ मिस्त्री निवासी गढ़ी छाजू के रूप में हुई। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सरोहा ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने उक्त चरस अपने गांव के आस



पास क्षेत्र में तस्करी करने के लिए हिमाचल के कुल्लू निवासी एक युवक से कम कीमत पर खरीदकर लाने बारे स्वीकारा। आरोपी के खिलाफ थाना चांदनी बाग में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर पुलिस ने वीरवार को आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से 4 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपी से नशा सप्लायर के ठीकानों का पता लगा काबू करने का प्रयास करेंगी। प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सरोहा ने बताया कि एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम को बुधवार शाम को गुप्त सूचना मिली थी कि पवन उर्फ मिस्त्री निवासी गढ़ी छाजू सोनीपत एक सफेद रंग की वैगनआर कार में नशे की खेप लेकर करनाल की और से आ रहा है जो अपने गांव में जाएगा। सूचना को पुख्ता मानते हुए उन्होंने सब इंस्पेक्टर राजेंद्र के नेत्रत्व में एक टीम गठीत कर जिसमें ईएचसी संगीत व सिपाही आशीष को शामिल कर टीम को नशा तस्कर की धरपकड़ के लिए भेजा। टीम ने मलिक पेट्रोल पंप के सामने जीटी रोड पर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ देर पश्चात करनाल की और से एक सफेद रंग की वैगनआर कार आते हुए दिखाई दी। पुलिस टीम ने चालक को कार रोकने का इशारा किया तो चालक ने पुलिस टीम को देखकर कार को वापिस घुमाने की कोशिश की। पुलिस टीम ने कार सवार युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान पवन उर्फ मिस्त्री पुत्र रामेश्वर निवासी गढ़ी छाजू के रूप में बताई। पुलिस टीम ने नियमानुसार ड्यूटी मेजिस्ट्रेट ईटीओ संजीव कुमार की मौजूदगी में कार की तलाशी ली तो ड्राइवर सीट के नीचे एक पोलोथिन से भारी मात्रा में नशे की खेप चरस बरामद हुई।

# अगवानपुर फाटक पर रेलवे ने अपनी सीमा में किया ओवरब्रिज निर्माण शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः अगवानपुर** रेलवे फाटक रोड पर रेलवे की सीमा में ओवरब्रिज के निर्माण का कार्य शुरू हो गया है। उत्तर रेलवे द्वारा ओवरब्रिज के निर्माण पर 11 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके लिए शहर की तरफ रेलवे की जमीन में खोदाई का काम शुरू हो गया है। जिसके बाद इसमें पिलर खड़ेकर फाटक के उपर ओवरब्रिज का निर्माण किया जाएगा। रेलवे की सीमा में करीब 58 मीटर तक रेलवे निर्माण करवाएगी। उत्तर रेलवे के साथ-साथ हरियाणा राज्य सड़क एवं पुल विकास निगम (एचएसआरडीसी) भी इस कार्य में सक्रिय है। रेलवे की सीमा से बाहर एचएसआरडीसी



द्वारा दोनों तरफ ओवरब्रिज का काम किया जा रहा है। रेलवे की सीमा से बाहर एचएसआरडीसी विभाग 18 करोड़ 36 लाख से ओवरब्रिज के निर्माण पूरा करेगी। एजेंसी द्वारा 75 प्रतिशत काम पूरा भी कर दिया गया है। निमार्णाधीन रेलवे ओवरब्रिज की चौड़ाई 27 फूट रखी गई है, जबकि दोनों तरफ ओवरब्रिज के नीचे 16-16 फुट चौड़े सर्विस रोड बनाए जा रहे हैं।

**रेलवे के काम शुरू करने से फाटक बंद**

रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज निर्माण का काम पिछले कुछ समय से अधर में लटका हुआ था। अब रेलवे विभाग द्वारा काम शुरू कर दिया गया है। खोदाई का काम शुरू होने की वजह से अगवानपुर फाटक को बंद कर दिया गया है। जिससे वाहन चालकों को अभी परेशानी हो रही है। उन्हें बीएसटी ओवरब्रिज से हो कर जाना पड़ रहा है, लेकिन ओवरब्रिज बनने के बाद उन्हें काफी सुविधा भी होगी। यह काम पूरा होने से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि दुर्घटनाओं की संख्या में भी कमी आएगी।

**तीव्र गति से**

**एचआरडीसी एसडीओ रविंद्र कादियान ने बताया कि ओवरब्रिज के निर्माण कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है**

**मई 2025 का समय निर्धारित**

एचआरडीसी एसडीओ रविंद्र कादियान ने बताया कि ओवरब्रिज के निर्माण कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है। ओवरब्रिज के निर्माण को पूरा करने के लिए मई 2025 का समय निर्धारित किया गया है, लेकिन एजेंसी निर्धारित समय से पहले यह काम पूरा कर लेगी। वहीं रेलवे विभाग ने भी ओवरब्रिज का निर्माण शुरू कर दिया गया है। इस साल के अंत तक वह भी अपने हिस्सा का काम पूरा कर लेगा। जिसके बाद यह ओवरब्रिज आम लोगों को समर्पित कर दिया

# चैकिंग के दौरान पुलिस ने 10 वाहनों के किए चालान, 3 वाहन जब्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। लापरवाह वाहन** व अंडर ऐज वाहन चालकों पर शिकंजा कसते हुए थाना गन्नौर पुलिस व ट्रैफिक पुलिस ने वीरवार को देवीलाल चौक पर चैकिंग अभियान चलाया। थाना गन्नौर प्रभारी जसप्रीत सिंह व ट्रैफिक इंचार्ज उप निरीक्षक शमशेर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने वाहनों की चैकिंग की और लापरवाह वाहन चालकों के चालान किए। इस दौरान टैर्फिक पुलिस ने 10 वाहनों के 53 हजार 500 रुपये के चालान किए व 3 वाहनों को जब्त किया।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उदघोषणा

**धारा 82 Cr. P. C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **1. राहुल पुत्र तारा प्रहलाद** निवासी ग्रामसीतापुर थाना मेहर गंज, जिला–शहजान पुर यूपी, **2. किशन पुत्र बचन लाल** निवासी डब्ल्यूपी–14, वजीरपुर गांव, दिल्ली और मास्टर लाल सिंह आमिर खान की बिल्डिंग, मुरादाबाद यूपी, ने **FIR. No. 471/2013 U/s 380/457/411/34 IPC.,** के अंतर्गत थानाः **सराय रोहिल्ला,** दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **1.राहुल 2.किशन** मिल नही रहे है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **1.राहुल 2.किशन** फरार हो गए है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे है)

इसलिए इनके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR. No. 471/2013 U/s 380/457/411/34 IPC.,** थानाः **सराय रोहिल्ला,** दिल्ली के उक्त अभियुक्त **1.राहुल 2.किशन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.02.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री मनुज कौशल, JMFC-04, CD,**
कमरा नंबर-37, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/55/N/2025

## संपादकीय

# भारतीय कौशल नारी सब पर भारी

**वैश्विक स्तरपर** भारतीय नारी की गाथा बहुत ही सम्मानजनक रूप से गाई जाती है, क्योंकि आदि अनादि काल से ही भारतीय नारी शक्ति की अनेक मान्यता प्राप्त कहानियों कथाओं से भी हमें पता चलता है कि नारी शक्ति की शक्ति तो देवी-देवताओं को भी करनी पड़ी थी, हम तो इस कलयुग में इंसान मात्र हैं। इसलिए हमें चाहिए कि नारी शक्ति का सम्मान कर उनको कार्यबल प्रदान करें जिसको भारत के विकास में प्रमुख इंजन के रूप में चिन्हित कर एक फरवरी 2025 को आने वाले बजट में ऐसी योजनाओं स्कीमों को लाया जाना चाहिए ताकि नारी शक्ति को कार्य बल में उचित भागीदारी मिले और भारत के तेजी से विकसित हो रहे पथ को अधिक तेजी से आगे बढ़ाया जा सके। साथियों बात अगर हाल ही में आई एक रिपोर्ट की करें तो सरकार ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है। द नज इंस्टीट्यूट की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस लक्ष्य को हासिल करने और भारतीय अर्थव्यवस्था में 14 लाख करोड़ रुपये का योगदान देने के लिए श्रमबल में 40 करोड़ अतिरिक्त महिलाएं जोड़नी होंगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2047 तक वर्तमान महिला श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) 37 प्रतिशत को लगभग दोगुना बढ़ाकर 70 प्रतिशत करने की जरूरत होगी। पिछले कुछ वर्षों के आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) पर आधारित इस रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने 2047 तक 30 लाख करोड़ रुपये की इकोनॉमी बनने का लक्ष्य रखा है। साथियों बात अगर हम नारी शक्ति को कार्यबल के रूप में चिन्हित करने की करें तो, हमने कई क्षेत्रों में देखे हैं कि नारी कार्यबल अपेक्षाकृत रूप से अधिक सशक्त व प्रभावी रिजल्ट देता है। हम अगर नर नारी के कार्यबल की गुणवत्ता का विश्लेषण करें तो, मेरा मानना है कि नारी बल गुणवत्ता में अधिक कुशल दिखेगा। जिसका मैंने खुद ने ग्राउंड रिपोर्टिंग कर सत्यता परखी है। मैंने अनेक शोरूम ऑफिसेस दवाखाना वकील सीए अनेक प्रोफेशनल जगह कंपनियों में वहां के प्रमुख संचालकों, मैनेजरों अधिकृत व्यवस्थापकों से बात की तो उन्होंने भी नारी कार्यबल को अपेक्षाकृत अधिक सशक्त इमानदार रेगुलर जिम्मेदार जवाबदेही में अवल बताया और नारी कार्यबल को प्राथमिकता देने की बात स्वीकार की, क्योंकि नकारात्मक आदतें नारी कार्यबल में नहीं देखने को मिलती जितनी नर कार्यबल में देखने को मिलती है। उसी तरह नेतृत्व शक्ति में भी नारी कार्यबल अधिक उच्च गुणवत्ता में अग्रणी ही है इसका उदाहरण हमें वैश्विक स्तरपर मूल भारतीय महिलाओं कल्पना चावला कमला हैरिस सहित अनेकों का नाम लिया जा सकता है। साथियों बात अगर हम 1 फरवरी 2025 को आने वाले बजट में नारी शक्ति कार्यबल के एंगल से देखें तो आज इसकी कार्य शक्ति बढ़ाने के लिए अधिक बजट एलोकेशन की आवश्यकता है। कुछ ऐसी योजनाएं, इंसेंटिव, छूट दी जानी चाहिए ताकि नारी कार्यबल को प्राथमिकता दिए जाने पर प्रोत्साहन मिले। वैसे भी हम अभी अनेकों निजी कंपनियों में देखते हैं कि वहां नारी कार्यबल को प्राथमिकता दी जाती है जो वर्तमान समय की जरूरत भी है अब वक्त आ गया है कि नारी शक्ति के कार्य बल को बढ़ाने आरक्षण का बंधन भी तोड़ने की जरूरत है।

# दिल्ली में इस बार होगा त्रिकोणीय मुकाबला

–रोहित माहेश्वरी

> "क्या इंडिया एकजुट, लामबंद होकर प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा को चुनौती देने की स्थिति में है? क्या इंडिया धीरे-धीरे अलग-थलग होकर बिखरने के कगार तक पहुंच गया है? कांग्रेस के अन्य घटक दलों के साथ भी संबंध सामान्य नहीं हैं। कांग्रेस-भाजपा बनाम केजरीवाल की राजनीति का विश्लेषण करना अनिवार्य है, क्योंकि कई संवैधानिक सवाल पैदा होते जा रहे हैं। उपराज्यपाल की जांच भी संदिग्ध है। पंजाब से पैसा दिल्ली भेजा जा रहा है, इसका बुनियादी साक्ष्य क्या है? दूसरी तरफ आप के कार्यकर्ताओं ने तीन दिन में ही महिला सम्मान योजना के तहत करीब 22 लाख महिलाओं का पंजीकरण कर लिया है। संजीवनी योजना के तहत 2 लाख से अधिक बुजुर्गों का पंजीकरण कर लिया गया है। इन लाखों लोगों का निजी डाटा जुटाया गया है। क्या यह कानूनन अपराध है?"

**दिल्ली में** होने वाले विधानसभा चुनावों में आप, बीजेपी और कांग्रेस के बीच कड़ा मुकाबला होने वाला है। चुनाव एक महीने बाद होने की संभावना है। आप पिछले दो चुनावों में जीत हासिल कर चुकी है, जबकि बीजेपी अपनी स्थिति सुधारने की कोशिश में है। दिल्ली में अपनी खोई हुई राजनीतिक जमीन को वापस पाने के लिए कांग्रेस पूरा दमखम लगा रही है। मजबूत प्रत्याशियों को चुनावी रण में उतारने के साथ ही कांग्रेस नेता आम आदमी पार्टी की घेराबंदी में जुटे हैं। आप नेतृत्व को लेकर तीखी बयानबाजी कर रहे हैं। कांग्रेस के रणनीतिकार किसी तरह से चुनावी मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने के प्रयास में हैं। इससे आम आदमी पार्टी की बेचैनी बढ़ रही है। उसे त्रिकोणीय मुकाबला होने पर भाजपा विरोधी मतों के विभाजन का डर सता रहा है। यही कारण है कि आप नेता कांग्रेस पर भाजपा को मदद पहुंचाने का आरोप लगा रहे हैं। तीनों पार्टियां चुनाव प्रचार में पूरी ताकत लगा रही हैं और कम वोटों के अंतर वाले सीटों पर विशेष ध्यान दे रही हैं। आम आदमी पार्टी ने पिछले दो विधानसभा चुनावों में शानदार प्रदर्शन किया है। 2015 में, आप ने 70 में से 67 सीटें जीतीं और 54.6 फीसदी वोट हासिल किए। 2020 में, पार्टी को 62 सीटें मिलीं और वोट शेयर थोड़ा कम होकर 53.6 फीसदी रह गया। भारतीय जनता पार्टी 2013 में 32 सीटें जीतकर दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनी थी। हालांकि, 2015 में उसकी सीटें घटकर केवल तीन रह गई, जबकि 2020 में वह 8 सीटें जीतने में कामयाब रही। कांग्रेस का प्रदर्शन पिछले कुछ चुनावों में लगातार खराब रहा है। 2008 में 43 सीटें जीतने वाली कांग्रेस 2013 में 24.6 फीसदी वोट शेयर के साथ 8 सीटों पर सिमट गई। 2015 और 2020 में पार्टी एक भी सीट नहीं जीत पाई। इस बार आप और बीजेपी उन सीटों पर अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रही हैं जहां उन्हें पहले भारी समर्थन मिला था। साथ ही, वे उन सीटों पर भी ध्यान केंद्रित कर रही हैं जहां जीत का अंतर कम था। पिछले चुनाव में 15 ऐसी सीटें थीं जहां जीत का अंतर 10,000 से कम था। 2015 में ऐसी केवल 6 सीटें थीं। 26 सीटों पर



जीत का अंतर 10,001 से 20,000 वोटों के बीच था, जबकि 14 सीटों पर यह अंतर 20,001 से 30,000 वोटों के बीच था। 15 सीटों पर जीतने वाले उम्मीदवार को अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी से 30,000 से अधिक वोट मिले, और ये सभी सीटें आप ने जीतीं। आप की रणनीति यह है कि पिछले चुनाव में जिन सीटों पर जीत का अंतर 10,000 से कम था, वहां किसी भी पार्टी की जीत हो सकती है। इसलिए पार्टी नेतृत्व बूथ स्तर पर हमारे कार्यकताओं के साथ लगातार संपर्क में है ताकि हमारे उम्मीदवारों को अधिकतम वोट मिलें। आप ने दूसरे राज्यों से अपने सबसे अच्छे चुनाव प्रबंधकों को दिल्ली में कार्यकताओं की मदद के लिए बुलाया है। वहीं बीजेपी की रणनीति यह है कि कई सीटों पर मुकाबला कड़ा होगा, खासकर जहां जीत का अंतर कम था। कांग्रेस के बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद के साथ, बीजेपी पदाधिकारियों ने कहा कि उनके पास उन सीटों पर भी नतीजे बदलने का अच्छा मौका है जहां आप पिछले चुनाव में बड़े अंतर से जीती थी। असल में कांग्रेस और आप का वोट बैंक एक ही है, इसलिए कांग्रेस के वोट शेयर में सुधार से बीजेपी की जीत की संभावनाएं सीधे तौर पर बढ़ेंगी। 2020 के चुनावों में, कांग्रेस ने 66 सीटों पर चुनाव लड़ा था। उसके 3 उम्मीदवारों को 20,000 से अधिक वोट मिले। जबकि 5 को 10,001 से 20,000 के बीच वोट मिले। 20 उम्मीदवारों को 5,001 से 10,000 वोट मिले, जबकि 38 उम्मीदवार 5,000 से कम वोटों पर सिमट गए। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि कांग्रेस केवल कुछ सीटों पर नतीजों को प्रभावित ही नहीं करेगी हो सकता है कुछ सीट वो जीत भी जाए। तमाम आंकड़ों और विश्लेषण के अलावा भाजपा और कांग्रेस आम आदमी पार्टी पर लगातार कड़ी बयानबाजी कर रही हैं। आप भी पलटवार से चूक नहीं रही। यानी शब्द बाणों से भी एक दूसरे पर हमला कर रहे हैं। कांग्रेस नेता एवं पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को देशद्रोही और फजीर्वाल करार दिया है और उनकी राजनीति से सचेत रहने को आगाह किया है। पलटवार में केजरीवाल ने कांग्रेस को अल्टीमेटम का जो वक्त दिया था, वह समाप्त हो चुका है। केजरीवाल ने अपनी धमकी के मुताबिक न तो इंडिया गठबंधन को कांग्रेस को निकाल बाहर करने का आग्रह किया है और न ही ऐसा आग्रह स्वीकार करना संभव है। कांग्रेस ने अपने नेता के खिलाफ भी कोई कार्रवाई नहीं की है। बल्कि कांग्रेस के पूर्व सांसद संदीप दीक्षित ने केजरीवाल के खिलाफ जो शिकायतनामा उपराज्यपाल विनय सक्सेना को दिया था, उस पर पुलिसिया जांच के आदेश दे दिए गए हैं। परोक्ष रूप से लगता है कि दिल्ली के चुनाव में भाजपा-कांग्रेस साथ-साथ हैं। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने भी यही आरोप लगाया था कि चुनावों के मद्देनजर भाजपा-कांग्रेस में सांठगांठ है। यह कुछ सच भी लग रहा है। भाजपा-कांग्रेस की एक साथ राजनीति बेहद चौंकाती है, क्योंकि राष्ट्रीय स्तर पर वे राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी के बजाय नफरती दुश्मन अधिक हैं। आज से छह माह पूर्व, जून-2024 के आम चुनाव तक, कांग्रेस और आप सहोदरी गठबंधन में थे और मिल कर लोकसभा चुनाव लड़ा था। यह दीगर है कि दिल्ली में भाजपा ने इस गठबंधन को सातों संसदीय सीटों पर चित कर दिया था। उसके बाद कांग्रेस-आप का गठबंधन जिस तरह दोफाड़ हुआ है, उससे सवाल उठते हैं कि क्या इंडिया का अस्तित्व अब भी जिंदा है?

क्या इंडिया एकजुट, लामबंद होकर प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा को चुनौती देने की स्थिति में है? क्या इंडिया धीरे-धीरे अलग-थलग होकर बिखरने के कगार तक पहुंच गया है? कांग्रेस के अन्य घटक दलों के साथ भी संबंध सामान्य नहीं हैं। कांग्रेस-भाजपा बनाम केजरीवाल की राजनीति का विश्लेषण करना अनिवार्य है, क्योंकि कई संवैधानिक सवाल पैदा होते जा रहे हैं। उपराज्यपाल की जांच भी संदिग्ध है। पंजाब से पैसा दिल्ली भेजा जा रहा है, इसका बुनियादी साक्ष्य क्या है? दूसरी तरफ आप के कार्यकताओं ने तीन दिन में ही महिला सम्मान योजना के तहत करीब 22 लाख महिलाओं का पंजीकरण कर लिया है। संजीवनी योजना के तहत 2 लाख से अधिक बुजुर्गों का पंजीकरण कर लिया गया है। इन लाखों लोगों का निजी डाटा जुटाया गया है। क्या यह कानूनन अपराध है? यदि यह अपराध जांच के काबिल है, तो चुनाव से पहले ऐसी तमाम घोषणाओं के लिए लोगों के पंजीकरण भी अपराध हैं। ऐसी कवायद केंद्र सरकार के स्तर पर भी की जाती रही है। इसी बीच आप ने मंदिर के पुजारी ग्रंथी सम्मान योजना घोषित की है। कांग्रेस और भाजपा के स्तर पर नकदी ही नहीं, रेवडियां भी बांटी जा रही हैं, यह आर्थिक अपराध की जांच का आधार क्यों नहीं है? चुनाव में बेरोजगारी, महंगाई, किसानी, भ्रष्टाचार, विकास आदि की चर्चा दूर-दूर तक नहीं है। मुफ्तखोरी का शोर बहुत गूंज रहा है। इस बार दिल्ली में नतीजे चौंकाने वाले होंगे।

## व्यंग्य

### नेता भी वही जुमले भी वही

आसान शब्दों में कहें तो जुमले वो वादे हैं जो कभी पूरे नहीं होते। आज की राजनीति में ये जुमले ही सबसे चमकीले गहने बन चुके हैं। चुनावी मंच से लेकर हर नुक्कड़ तक जुमले गूंजते हैं। असल में, जुमला अरबी का शब्द है, जिसका मतलब है समूह। लेकिन हमारे नेताओं ने इसे एक नई परिभाषा दी है- वादों का ऐसा जाल जिसमें जनता फंसे और वोट दे, बाकी सब बाद की बात। चुनावी मंचों पर जब नेता माइक थामते हैं, तो हर कोई सोचता है कि अब सुनने को कुछ क्रांतिकारी मिलेगा। लेकिन क्या मिलता है? हर घर में बिजली, हर खेत में पानी, हर हाथ में नौकरी! जनता ताली बजाती है, नारे लगाती है। और चुनाव खत्म होते ही बिजली कट जाती है, खेत सूख जाते हैं, और हाथ फिर खाली रह जाते हैं। यही तो जुमलेबाजी की कला है! भारतीय राजनीति और जुमलों का रिश्ता वैसा ही है जैसे क्रिकेट और चौके-छक्कों का। जैसे ही चुनाव नजदीक आते हैं, जुमलों की बौछार शुरू हो जाती है। नेता बड़े गर्व से ऐलान करते हैं, हम हर नागरिक को मुफ्त खाना देंगे। दूसरा कहता है, हम हर बेरोजगार को 10,000 रुपए महीना देंगे। और तीसरा एक कदम आगे बढ़कर कहता है, हम तो हर परिवार को एक बंगला और एक गाड़ी देंगे! जनता सोचती है, वाह, इससे बेहतर और क्या हो सकता है? चुनाव खत्म, नेता जीते और जनता को जवाब मिलता है, भाइयो-बहनो, सरकारी खजाना खाली है। सब्र रखिए, वादे पूरे करने में वक्त लगेगा। और ये वक्त कभी आता ही नहीं। फिर जनता अगले चुनाव तक धीरज रखती है और फिर से नए जुमलों की तलाश में जुट जाती है। नेताओं के लिए जुमले फेंकना मानो कला हो। हर चुनाव में उनका हुनर निखरता है। जो नेता सबसे बड़ा और शानदार जुमला दे, वही जनता के दिल में जगह बनाता है।

लेकिन चुनाव खत्म होने के बाद जब वादे हवा हो जाते हैं, तो जनता अपने पुराने मतभेदों में लौट आती है।

रामविलास

### मनोज श्रीवास्तव पर मोहन की कृपा

**राकेश अचल**

**सेवा कीजिये** तो मेवा जरूर मिलती है ,ये हमारे बुजुर्गों का अनुभवजन्य वाक्य है। भारतीय प्रशासनिक सेवा के एक पूर्व अधिकारी मनोज श्रीवास्तव पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की कृपा बरसते देख तमाम लोगो के पेट में दर्द हो रहा है। राज्य शासन द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव को 1 जनवरी, 2025 से छः वर्ष या 66 वर्ष की आयु पूर्ण होने, जो पहले हो, तक की अवधि के लिये आयुक्त राज्य निर्वाचन आयोग के पद पर नियुक्त किया गया है।

मनोज श्रीवास्तवको मैं तब से जानता हूँ जब से वे भातीय प्रशासनिक सेवा के लिए चयनित हुए । मनोज जी 1987 बैच के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी हैं। वे पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अपर प्रमुख सचिव के पद से अप्रैल 2021 में सेवानिवृत्त हुए थे। छोटे कद के मनोज श्रीवास्तव ने वास्तव में बड़े - बड़े कामों को अंजाम दिया । सामान्य परिवार से भाप्रसे में आना उनकी अद्वितीय मेधा का ही परिणाम है। वे मध्यप्रदेश के तमाम मुख्यमंत्रियों के प्रिय रहे ,क्योंकि उन्हें अपने हर आका की मंशा भांपना भली-भाँती आता है । उनकी सरकारी सेवाओं की एक लंबी और गौरवपूर्ण सूची है। उन्होंने मध्य प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों में महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। वे जब इंदौर इंदौर कलेक्टर,थे तब उनके ऊपर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की महती कृपा थी । मुख्यमंत्री के निर्देश पर उन्होंने इंदौर में अतिक्रमण विरोधी मुहिम चलकर दिग्विजय विरोधी तमाम बिल्डरों की अनेक बहुमंजिला इमारतों को बारूद से उड़ा दिया था। वे अपनी प्रतिभा के बूते ही प्रदेश के जनसंपर्क आयुक्त, मुख्यमंत्री सचिवालय में सचिव, और वाणिज्य कर विभाग के प्रमुख सचिव जैसे पदों पर कार्य कर चुके हैं। इसके अलावा, वे पशुपालन समिति और कई अन्य प्रशासनिक इकाइयों में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

मनोज श्रीवास्तव को प्रदेश सरकार के अलावा संघ और भाजपा का समर्थन कोई एक दिन में हासिल नहीं हुआ। इसके पीछे उनकी लम्बी साधना है । वे हर मुख्यमंत्री के सुर में सुर मिलाने में सिद्धहस्त अधिकारी रहे हैं । वे अध्येता है। खूब पढ़ते हैं, खूब लिखते हैं। उनकी दर्जनों पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। एक जमाने में उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री बाबूलाल गौर को खुश करने के लिए धर्म और राष्ट्रगीत वन्देमातरम तक पर लघु पुस्तिकाएं लिखीं। वे जिस पद पर रहे ,उस पद पर अपने आपको प्रमाणित करके ही निकले । उन्हें प्रशासनिक सेवा में हर समय मेवा ही नहीं मिली , वनवास भी मिला । वे राजस्व मंडल में भी सजा भुगतने वाले प्रशासनिक अधिकारीयों में शामिल हैं ,किन्तु उन्होंने राजस्व मंडल में भी कमल का धमाल किया था।

## विचार

### अपनों के निशाने पर कांग्रेस पाटी

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**कांग्रेस** पार्टी इन दिनों अपने ही साथी दलों के निशाने पर है। भाजपा के खिलाफ विपक्षी दलों के संयुक्त इंडिया गठबंधन में शामिल विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं द्वारा कांग्रेस पार्टी से इंडिया गठबंधन का नेतृत्व वापस लेने की मांग की जा रही है। इंडिया गठबंधन में शामिल बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ममता बनर्जी खुले आम कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व पर सवाल उठा रही है। उनकी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने प्रेस कांफ्रेंस करके कांग्रेस पार्टी को इंडिया गठबंधन के नेता पद से हटाने की मांग की हैं। ममता बनर्जी की मांग के समर्थन में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने भी अपनी सहमति जताई है। इससे इंडिया गठबंधन की स्थिति लगातार कमजोर हो रही है। जून 2023 में 26 विपक्षी दलों के साथ बना इंडिया गठबंधन अब टूट के कगार पर खड़ा है। लोकसभा चुनाव में मिली हार और उसके बाद हरियाणा व महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में हुई पराजय ने इस गठबंधन को कमजोर कर दिया है। इसी के चलते कांग्रेस के सहयोगी दल ही उसकी नेतृत्व क्षमता पर सवाल उठाकर अलग राह पकड़ने के संकेत दे रहे हैं। हाल ही में दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी ने तो कांग्रेस को इंडिया गठबंधन से बाहर निकलवाने तक की धमकी दे दी है। कांग्रेस द्वारा दिल्ली विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने की घोषणा के बाद से ही आम आदमी पार्टी कांग्रेस से खासी नाराज नजर आ रही है। पार्टी नेताओं का कहना है कि कांग्रेस जिस तरह से चुनाव लड़ रही है उससे भाजपा को लाभ मिल रहा है। कांग्रेस नेता अजय माकन व संदीप दीक्षित के बयान विपक्ष को कमजोर करने के लिए भाजपा के कहने पर दिए जा रहे हैं। समाजवादी पार्टी, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद पवार), नेशनल कांफ्रेंस तो खुलकर कांग्रेस की मुखालफत करने लगी है। हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस अपनी जीत तय मानकर आम आदमी पार्टी से गठबंधन करने से इनकार कर दिया था। जिसके चलते आम आदमी पार्टी ने कई सीटों पर अकेले ही चुनाव लड़कर 1.8 प्रतिशत वोट प्राप्त किए थे। जबकि हरियाणा में कांग्रेस को 39.34 प्रतिशत वोट व भाजपा को 39.94 प्रतिशत वोट मिले थे। यदि हरियाणा में कांग्रेस आम आदमी पार्टी से समझौता कर-के चुनाव लड़ती तो निश्चय ही सरकार बन सकती थी। मगर कांग्रेस ने अवसर गवां दिया और वहां भाजपा ने आसानी से तीसरी बार पहले से भी अधिक बहुमत से सरकार बना ली। उत्तर प्रदेश विधानसभा के उपचुनाव में तो समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस के लिए एक भी सीट नहीं छोड़ी थी। जबकि लोकसभा चुनाव कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने मिलकर ही लड़ा था। महाराष्ट्र में कांग्रेस नीत महा विकास अघाड़ी की करारी हार होने के बाद शिवसेना (यूबीटी) ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधते हुए कहा था कि कांग्रेस ने हरियाणा में आप और समाजवादी पार्टी को सीट ना देकर गलती की थी। पार्टी के मुखपत्र सामना में भी लिखा गया कि कांग्रेस नेताओं के अति आत्मविश्वास और घमंड ने हरियाणा में हार के लिए भूमिका निभाई। पार्टी नेता संजय राउत ने तो यहां तक कह दिया कि कांग्रेस को लगने लगा था कि वह अकेले ही जीत सकती है। इसलिए किसी को भी सत्ता में भागीदार बनाना उचित नहीं समझा था। पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 99 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। कांग्रेस कुल 329 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। जिसमें से 145 सीटों पर बिना किसी गठबंधन की अकेले चुनाव लड़ी थी। जिसमें कांग्रेस 37 सीटों पर चुनाव जीती थी। कांग्रेस का बिना किसी दल से गठबंधन में जीत का रेशियो 25.52 प्रतिशत रहा था। जबकि कांग्रेस 184 सीटों पर साथी दलों से गठबंधन करके चुनाव लड़ी थी। इसमें कांग्रेस ने 62 सीट जीती थी और जीत का रेशियो 33.75 प्रतिशत रहा था। इस तरह से देखे तो कांग्रेस पार्टी को अकेले चुनाव लड़ने की बजाय गठबंधन साथियों की बदौलत बड़ी जीत हासिल हुई थी।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

### परीक्षा के दौरान तनाव और चिंता कैसे कम करें

**विजय गर्ग**

**सावधानीपूर्वक** तैयारी और व्यवस्थित अध्ययन कार्यक्रम से लेकर शारीरिक गतिविधियों और विश्राम तकनीकों तक, यहां रणनीतियों की एक श्रृंखला दी गई है जो आपको शांत और आत्मविश्वास की अधिक भावना के साथ चुनौतीपूर्ण परीक्षा अवधियों को पार करने में मदद कर सकती है। परीक्षण की चिंता को दूर करने के तरीके - पारंपरिक तरीके ? 1. योजना बनाएं और व्यवस्थित करें अपने अध्ययन सत्र में जाने से पहले, सुनिश्चित करें कि आपके पास सभी आवश्यक सामग्री और संसाधन उपलब्ध हैं। अपनी अध्ययन सामग्री को छोटे, प्रबंधनीय खंडों में विभाजित करें और प्रत्येक को निपटाने के लिए समर्पित समय स्लॉट निर्दिष्ट करें। एक संरचित योजना होने से अध्ययन अधिक प्रबंधनीय हो सकता है और अंतिम समय में रटने की समस्या कम हो सकती है। वैकल्पिक रूप से, आप अपने अध्ययन सत्र को अधिक उत्पादक बनाने के लिए समय प्रबंधन विधियों का भी प्रयोग कर सकते हैं। अध्ययन कार्यक्रम की योजना बनाने और व्यवस्थित करने से परीक्षा के तनाव को कम करने में मदद मिल सकती है ? अतिरिक्त युक्तिः अध्ययन उपकरण का उपयोग करें बेहतर संगठन के लिए डिजिटल टूल या ऐप्स का उपयोग करने पर विचार करें। उदाहरण के लिए, ट्रेलो या नोशन जैसे ऐप्स आपको विस्तृत अध्ययन कार्यक्रम बनाने और आपकी प्रगति को ट्रैक करने में मदद कर सकते हैं। ये उपकरण आपकी तैयारी की दक्षता को बढ़ाते हुए, ट्यूटर्स या अध्ययन समूहों के साथ सहयोग की सुविधा भी प्रदान कर सकते हैं। ? 2. विश्राम तकनीकों का प्रयास करें अपनी दैनिक दिनचर्या को बेहतर बनाने के लिए गहरी साँस लेना, ध्यान, या प्रगतिशील मांसपेशी छूट जैसे जागरूकता अभ्यासों को एकीकृत करें। ये तरीके प्रभावी रूप से आपके दिमाग को शांत करेंगे, परीक्षण की चिंता को कम करेंगे और आपके समग्र फोकस में सुधार करेंगे। उदाहरण के लिए, आपकी ऐप्पल वॉच पर माइंडफुलनेस ऐप आपको गहरी सांस लेने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए दिन में कुछ मिनट निकालने में मदद कर सकता है।

### निष्क्रियता का अनुष्ठान

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

**गांव में एक समय ऐसा** था जब संकट आते ही लोग जादुई मंत्रों का जप करने लगते थे। जैसे ही कोई समस्या खड़ी होती, वे ताबीज, यज्ञ, और अनुष्ठान करने में जुट जाते। लेकिन समय बीतने के साथ, यह परंपरा शहरों में भी फैल गई। अब हम न केवल अपने संकटों का सामना करने के लिए मंत्र पढ़ते हैं, बल्कि आधुनिकता के आवरण में ढके अनुष्ठानों का सहारा लेते हैं। गांव का एक मशहूर सक्रियता का नेता, सेवक जी, हमेशा देश की समस्याओं के खिलाफ आवाज उठाते रहते थे। एक दिन, उन्होंने एक बड़ा रैली आयोजित किया। जब उनसे पूछा गया कि इस रैली का उद्देश्य क्या था, तो उन्होंने गर्व से कहा, समुदायिकता और जातिवाद के खिलाफ! सभी वर्गों के प्रतिनिधि शामिल हुए! हमने तो दो पुतलों को भी जलाया! सेवक जी और उनके साथी यह सोचकर संतुष्ट थे कि उनकी यह रैली ने देश में एकता की अलख जगा दी है।

लेकिन मैं इस नजारे को देखकर संदेह में था। क्या ये पुतले जलाने से किसी के मन की सोच में बदलाव आएगा? क्या कोई भी इस आयोजन से जागरूकता के साथ लौटता है? मुझे शक है। सच्चाई तो यह है कि साम्प्रदायिकता और जातिवाद के खिलाफ असली संघर्ष को निरंतर मेहनत की आवश्यकता होती है। यह केवल एक रैली करने से नहीं होता। असली बदलाव के लिए लोगों से मिलना, संवाद करना, और शिक्षा का प्रसार करना पड़ता है। अगर हमारे शिक्षकों, समाज सेवकों, और बुद्धिजीवियों ने स्वतंत्रता के बाद से इसी दिशा में काम किया होता, तो आज हमारी स्थिति कहीं और होती। लेकिन हम सभी ने भाषणों, रैलियों, और पुतले जलाने जैसे आसान रास्ते को चुना। अब गांव में सभी लोग छोटे-छोटे अनुष्ठान करने लगे। सेमिनार के नाम पर भीड़ जुटाई जाती। तीन चिंतित विद्वान और सात उदासीन श्रोता मिलकर एक जगह इकट्ठा होते। इसे हम सेमिनार कहते हैं। विद्वान लोगों का विषय होता है समाज में गिरावट, लेकिन उनकी बातें समाधान देने के बजाय बस चिंता की एक परफॉर्मेंस होती हैं। दर्शक आमतौर पर बोर होकर सेमिनार का अंत होने का इंतजार करते रहते हैं। विद्वानों के विचार अगले दिन की खबरों में दोहराए जाते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ किया गया



**समालखा, ( कुलदीप सिंह )** पी एम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय समालखा के प्रांगण में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ किया गया । कैंप का उद्घाटन करते हुए प्रधानाचार्य दुर्गा देवी ने स्वयंसेवकों को समाज सेवा करने के लिए प्रेरित किया तथा अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभवों के बारे में बताया उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई करने के साथ-साथ समाज सेवा करने के लिए भी बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए । एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी राजू राम ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व के बारे में बताया । उन्होंने कहा कि हमें अपने देश और समाज की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए । यशवीर ने कहा कि विद्यार्थियों को इस प्रकार के शिविरों अपने विद्यार्थी जीवन में जरूर भाग लेना चाहिए। इन शिविरों के दौरान विद्यार्थी विभिन्न प्रकार की जानकारी प्राप्त करेंगे। इस अवसर पर यशवीर, दिलबाग, मोहित, सौरभ, यमन, हिमांशु, रोहित, आरुषि, सोनम, स्नेहा, मुस्कान, सिमरन, पुनीत, आर्यन आदि उपस्थित रहे ।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
जीटी रोड पर गांव मछरौली के समीप मान ढाबा के सामने सड़क दुर्घटना में एक फैक्ट्री कर्मी की मौत होने का समाचार है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों के सुपर्द किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है पीयूष निवासी गोविंदपुरी गाजियाबाद में पुलिस को दर्ज कराई शिकायत में बताया कि उसका भाई वरुण समालखा के समीप गांव मछरौली की कपूर इंडस्ट्री में वीविंग ऑपरेटर के तौर पर काम करता है। देर रात उन्हें फोन से सूचना मिली कि उनके भाई वरुण की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। परिजनों के साथ जो गैस पानीपत के सरकारी अस्पताल में पहुंचे तो भाई की सड़क दुर्घटना में अज्ञात वाहन की चपेट में होने से मौत होना पाया। समालखा थाना पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

### समाधान शिविर में एडीसी ने सुनी आमजन की समस्याएं




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** अतिरिक्त उपायुक्त डा. ब्रह्मजीत सिंह ने कहा कि समाधान शिविर में जो भी शिकायतें प्राप्त होती है सम्बन्धित विभाग के अधिकारी उस शिकायत का बेहतर समन्वय के साथ समयबद्ध तरीके से निपटान करवाना सुनिश्चित करें। समाधान शिविर लगाए जाने का मुख्य उद्देश्य भी यही है कि प्रार्थी की शिकायत का प्राथमिकता एवं तत्परता से समाधान हो। अतिरिक्त उपायुक्त डा. ब्रहमजीत सिंह उपायुक्त कार्यालय के सभागार मे आयोजित समाधान शिविर में आमजन की समस्याओं को सुन रहे थे। अतिरिक्त उपायुक्त ब्रहमजीत सिंह के समक्ष 6 लोगों ने अपनी समस्या के समाधान के लिए प्रार्थना पत्र दिए। अतिरिक्त उपायुक्त ने सम्बन्धित विभागों को शिकायत मार्क करते हुए जल्द से जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में मनाली हाउस निवासी विनय दत्ता ने नाले की सफाई व पानी की निकासी बारे अपनी समस्या रखी। इस बारे एडीसी ने कार्यकारी अभियंता को निर्देश देते हुए कहा कि उक्त स्थान का जायजा लेते हुए प्रार्थी की समस्या का निवारण करना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार करनैल सिंह निवासी नन्यौला द्वारा अपने बेटे दिलप्रीत की सिंचाई विभाग से सैलरी न मिलने बारे प्रार्थना पत्र दिया गया। सिंचाई विभाग के उपस्थित सम्बन्धित अधिकारी ने एडीसी को अवगत करवाते हुए बताया कि सम्बन्धित कर्मचारी की सैलरी की स्वीकृति के लिए मुख्यालय से पत्राचार किया हुआ है, जैसे ही स्वीकृति प्राप्त होगी उक्त कर्मचारी की सैलरी बनाकर उसे उपलब्ध करवा दी जाएगी।

# समाधान शिविर के प्रति बढ़ा नागरिकों का अटूट विश्वास: उपायुक्त

## समाधान शिविर में 66 समस्याएं पहुंची, तत्काल दिए समाधान के निर्देश



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**मुख्यमंत्री** नायब सिंह के दिशानिर्देश पर हरियाणा सरकार प्रदेश के हर जिला व उपमंडल में जनता समाधान शिविर का आयोजन कर आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान तत्परता के साथ कर रही है। कडाके की ठंड को दर किनार करके आम नागरिक सरकार की इस अनुठी पहल का लाभ ले रहे हैं। उपायुक्त डॉ. विरेंद्र कुमार दहिया ने गुरूवार को जिला सचिवालय के सभागार में जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए कहा कि सौधापुर गांव में रद्द पड़े तालाब को अमृत सरोवर बना कर वहां हेमचंद्र विक्रमादित्य की प्रतिमा स्थापित करने पर विचार किया जा रहा है। इस कार्य में प्रशासन ग्राम पंचायत का यथा संभव सहयोग करेगा। अमृत सरोवर के अस्थित्व में आने पर गांव की शान बढ़ेगी। अमृत सरोवर के चारों तरफ लाईट व बैंच की शानदार व्यवस्था की जायेगी। जल्द ही इस पर कार्यवाही दिखाई पड़ेगी। उपायुक्त ने कहा कि व्यवस्था को बनाकर कर ही अच्छे परिणामों तक पहुंचा जा सकता है।

पुलिस अधीक्षक लौकेंद्र सिंह ने पुलिस विभाग से जुड़ी समस्याओं की सुनवाई करते हुए कि विभाग के अधिकारी समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं पर तसल्ली से कार्य करें। किसी भी प्रकार की कसर ना छोड़े। शिकायत कत्र्ता को संतुष्टद्द करना व उसकी समस्या का समाधान करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। जिस अधिकारी से संबंधित समस्या समाधान शिविर में आती है उस पर तुरंत संज्ञान ले। समाधान शिविर में गुरूवार को ज्यादतर समस्याएं परिवार पहचान पत्र, पेंशन, क्रीड से जुड़ी आई। उपायुक्त ने प्रशासनिक अधिकारियों को तत्काल निदान करने के निर्देश दिये।

समाधान शिविर में शिकायत लेकर पहुंची सुनीता वासी पावटी ने बताया कि वह सरकारी स्कूल में खाना बनाने का कार्य करती है व गलती से मैडिकल में उसकी उम्र ज्यादा दिखाई गई है। जिसके चलते उसे समय से पहले सेवा निवृत कर दिया गया। उन्होंने उपायुक्त से प्रार्थना कि की उनकी समस्या का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएं।

## मिड-डे-मील कार्यकर्ताओं ने रोष प्रदर्शन किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
हरियाणा के पानीपत में मिड-डे-मील कार्यकताओं ने रोष प्रदर्शन किया। कर्मचारियों का कहना है कि प्रदेश के अनेकों स्कूलों में मानदेय हर माह नहीं मिलता है। यह एक दस्तूर बन चुका है। शायद ही किसी माह समय पर कभी मानदेय मिला हो। कर्मचारियों ने अपना प्रदर्शन करते हुए शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के नाम डीसी डॉ. वीरेंद्र दहिया को ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने मांग की है कि उनकी समस्याओं का जल्द निपटान हो। कर्मचारियों का कहना है कि महंगाई के दौर में, हमें किन कठिन हालात में अपना जीवन व्यतीत करना पड़ता है, यह सिर्फ हम जानते हैं। इसलिए हमारी प्रार्थना यह है कि हम मिड डे मील कार्यकताओं को मासिक मानदेय का भुगतान हर महीने 7 तारीख तक किया जाए।

**टीचर हमारे साथ अच्छा व्यवहार नहीं करते**

दूसरी समस्या यह है कि मानदेय साल में सिर्फ 10 महीने का ही दिया जाता है। गर्मी और सर्दी की छुट्टियों का मानदेय नहीं दिया जाता।

## रोडवेज कर्मियों ने हवन व भंडारे से किया नववर्ष का आगाज

**सोनीपत: रोडवेज** कर्मचारियों ने बुधवार को बस अड्डा परिसर स्थित मंदिर में हवन कर नव वर्ष का आगाज किया। रोडवेज महाप्रबंधक संजय कुमार सहित अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने यज्ञ में आहुति डाली। हवन के उपरांत बस अड्डा परिसर में ही भंडारा भी लगाया गया। जिसमें अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ ही यात्रियों ने भी प्रसाद ग्रहण किया। रोडवेज महाप्रबंधक संजय कुमार ने अधिकारियों, कर्मचारियों व यात्रियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी को नव वर्ष पर नए संकल्प लेकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# श्री खाटू श्याम मंदिर में शीश नवाकर मनाया नया साल



**भक्तों की भीड़**

▶▶ श्री खाटू श्याम मंदिर में बुधवार को नववर्ष के प्रथम दिवस सुबह से रात तक श्याम भक्तों की भीड़ रही

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** श्री खाटू श्याम परिवार सेवा समिति (रजि.),कुरुक्षेत्र द्वारा स्थापित श्री खाटू श्याम मंदिर में बुधवार को नववर्ष के प्रथम दिवस सुबह से रात तक श्याम भक्तों की भीड़ रही। जानकारी देते हुए श्री श्याम मंदिर (कुरुक्षेत्र धाम) के मुख्य पुजारी आचार्य शंभु प्रसाद और सचिव अटल शर्मा ने बताया कि कुरुक्षेत्र सहित आसपास के क्षेत्रों से सैंकड़ों श्याम भक्तों ने मंदिर में शीश नवांकर नया साल मनाया। बड़ी संख्या में आए भक्तों ने श्याम बाबा को निशान चढ़ाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर समिति की ओर से श्रद्धालुओं के लिए चाय नाश्ता के साथ साथ भंडारे की व्यवस्था की। मंदिर प्रशासन ने सभी भक्तों के सुखद भविष्य की कामना करते हुए मंदिर परिसर विस्तार हेतु निर्माण कार्यों में यथाशक्ति सहयोग करने का निवेदन किया। कई भक्तों ने निर्माण सामग्री के साथ साथ नकद धनराशि का सहयोग प्रदान किया।

वहीं,सांयकाल श्री श्याम संकीर्तन किया गया जिसमें गायक हर्ष गोयल ने श्याम भजनों से समां बांधा। श्याम जी के जयकारों से सारा वातावरण गुंजायमान हुआ।

श्री श्याम आरती में प्रधान सुभाष सुखीजा,उप प्रधान एल डी कंबोज,सचिव अटल शर्मा,कोषाध्यक्ष रमेश शर्मा,राजेश मोदगिल,आशीष चोपड़ा, विनीत राजपाल, हेमंत भारद्वाज,राजू छाबड़ा,अशोक शर्मा,अशोक अरोड़ा,सुरेन्द्र काठपाल,ललित अत्री,डॉ.घनश्याम शर्मा,सतीश कारसा,लवकेश शर्मा,जतिन शर्मा,विजय गुलाटी,डा.प्रवीण शर्मा,अनिरुद्ध,साहिल शर्मा,नरेश सैनी बिशनगढ़,जतिन सैनी बिशनगढ़,शेर सिंह शेरा,कृष्ण कुमार, हिमांशु मल्होत्रा,अंशु,अनमोल,गौरव, शंटी,अंशुमान,सर्वेश,शुभम,कपिल सोनी और राजीव बारना आदि शामिल रहे।

## जिला कुरुक्षेत्र पुलिस में भर्ती होंगे करीब 20 स्पैशल पुलिस ऑफिसर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र पुलिस अस्थाई आधार पर करीब 20 स्पैशल पुलिस ऑफिसर एसपीओ भर्ती करेगी। इसके लिए चयन प्रक्रिया पुलिस लाईन कुरुक्षेत्र में की जाऐगी। इस प्रक्रिया में भारतीय सेना से सेवानिवृत सैनिक (एक्स सर्विसमैन), सीआरपीएफ से सेवानिवृत कर्मी, एचएसआईएसएफ व एचएपी 2004 से सेवामुक्त किए गए जवानों को प्राथमिकता दी जाएगी। पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र श्री वरुण सिंगला ने बताया कि कुरुक्षेत्र पुलिस में अस्थाई आधार पर करीब 20 स्पैशल पुलिस ऑफिसर (एसपीओ) को भर्ती किया जाना है। भर्ती पद के योग्य उम्मीदवार अपना आवेदन भरने के लिए दिनांक 6/7 जनवरी को सुबह 10 बजे पुलिस लाईन कुरुक्षेत्र में अपने मूल दस्तावेज व उनकी दो-दो सत्यापित प्रतियां लेकर आ सकतें हैं। एसपीओ भर्ती प्रक्रिया में हिस्सा लेने वाले आवेदकों की आयु 25 से 50 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने वाले उम्मीदवार अपने साथ अपनी सर्विस व डिस्चार्ज बुक की प्रति, आयु प्रमाण पत्र, चार फोटो पासपोर्ट साईज, चरित्र प्रमाण पत्र, पहचान पत्र, जाति प्रमाण पत्र साथ लाने होंगे।

# जरूरतमंद परिवारों के बच्चों संग मनाया गया नव वर्ष



**शिरकत की**

▶▶ इस कार्यक्रम में सेवा ट्रस्ट यूके भारत के जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** सेवा ट्रस्ट यूके भारत द्वारा आज कुरुक्षेत्र के सेक्टर 2 में सुन्दरपुर, देवीदासपूरा, रतगल व आसपास झुग्गी झोपडी में रहने वाले जरूरतमंद बच्चों के संग नव वर्ष का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में सेवा ट्रस्ट यूके भारत के जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कला रागिनी ट्रस्ट से रजनी मधाडिया ने की। कला रागिनी ट्रस्ट द्वारा इन सभी बच्चों को निशुल्क कोचिंग दी जाती है। पवन मित्तल द्वारा वहां उपस्थित सभी को नव वर्ष की हार्दिक बधाई वह शुभकामनाएं दीं और कहा की नव वर्ष सभी बच्चों के जीवन मे खुशियां लेकर आए वह आप सभी अपनी जिंदगी मे कामयाब इंसान बने वह आप सभी का जीवन प्रकाशमान हो। इस अवसर पर करीबन 100 जरूरमंद बच्चों अपनी को स्पॉन्सर डाबर के सहयोग से उनकी जरूरत का समान जैसे हेयर ऑइल, टूथपेस्ट , रियल जूस स्केच पेन, स्टेशनरी वह बच्चों को सर्दियों में बैठने के लिए दरी वितरित की गई सेवा ट्रस्ट के सिटी प्रधान योगेश शर्मा व नरेश शर्मा ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म का कार्य है और जो लोग धर्म के इस कार्य में समय समय पर अपनी आहुति डालते रहते है भगवान की उन पर हमेशा कृपया बनी रहती है। उन्होंने ने कहा कि हम सबको इस प्रकार के सामाजिक कार्य में बढ चढ कर भाग लेना चाहिए।

इस अवसर पर कला रागिनी ट्रस्ट से रजनी मधाडिया ने कहा की चारों ओर दीप जले,
खुशियां लिए हम घर घर को चले
कलारागिनी संस्था निरंतर प्रयासरत हैं । इन बच्चों के साथ खुशीयां बाँटने में संस्था के बच्चों ने भाषण, रंगोली, व सुंदर चित्र बनाकर इस कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।

# मनरेगा को कृषि से जोड़ कर नई संभावनाएं तलाशेंगे: नवीन जिन्दल



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** सांसद नवीन जिन्दल ने कहा कि प्राकृतिक खेती को और अधिक बेहतर एवं लाभदायक बनाने की दिशा में सरकार एवं किसानों को मिलकर काम करना होगा। इसमें कृषि विज्ञान केंद्र महत्वपूर्ण कड़ी का काम कर सकते हैं। सांसद नवीन जिन्दल कुरुक्षेत्र के कृषि विज्ञान केंद्र में अधिकारियों और कृषि वैज्ञानिकों के साथ एक विशेष बैठक की। इस अवसर पर प्राकृतिक खेती, किसानों की आय को दोगुना करने, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, और मिट्टी व पानी की जांच जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान सांसद नवीन जिन्दल ने किसानों के सशक्तिकरण और कृषि के टिकाऊ विकास के लिए अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए।
उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के साथ-साथ आधुनिक तकनीकों का भी समावेश करना चाहिए, ताकि किसानों को अधिक उत्पादन और बेहतर आय प्राप्त हो सके।

## विदेश में रह रहे दोस्त का बेटा बनकर लाखों ठगे

**जींद।** विदेश में रह रहे दोस्त का बेटा बन कर एक व्यक्ति को तीन लाख 93 हजार रुपये का चूना को लगा दिया। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भगवान नगर निवासी इंद्र सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 19 दिसंबर को उसके फोन पर व्हाट्सअप कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने विदेश में रह रहे अपने दोस्त रामअवतार का बेटा बताया। उसने बताया कि उसे अपना वीजा एक्सटैंड करवाना है, जिसके लिए रुपयों की जरूरत है।

# ब्रेस्ट कैंसर से जुड़ी मिथक और तथ्य



**सावधानी बरतें**

▶▶ ब्रेस्ट कैंसर महिलाओं को प्रभावित करने वाले सबसे आम कैंसरों में से एक

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** ब्रेस्ट कैंसर महिलाओं को प्रभावित करने वाले सबसे आम कैंसरों में से एक है, और इसकी प्रारंभिक पहचान उपचार की सफलता दर बढ़ाने में अहम भूमिका निभाती है। मैमोग्राम ब्रेस्ट कैंसर के शुरूआती चरण में असामान्यताओं का पता लगाने का एक महत्वपूर्ण और प्रभावी तरीका है। हालांकि, इससे जुड़े कई मिथक लोगों में भ्रम पैदा करते हैं। ऐसा ही एक मिथक यह है कि सर्दियों में मैमोग्राम की सटीकता कम हो जाती है। कुछ लोग मानते हैं कि ठंडे मौसम में ब्रेस्ट टिशू में बदलाव के कारण मैमोग्राम की सटीकता प्रभावित हो सकती है। इस धारणा के अनुसार, कम तापमान के कारण ब्रेस्ट टिशू सघन (डेंस) हो जाते हैं, जिससे गलत-सकारात्मक (फॉल्स पॉजिटिव) या गलत-नकारात्मक (फॉल्स नेगेटिव) परिणाम आने की संभावना बढ़ जाती है। इस तरह के भ्रम के कारण सर्दियों में मैमोग्राफी स्क्रीनिंग में देरी हो सकती है, जिससे महिलाओं के स्वास्थ्य को अनावश्यक जोखिम होता है। सीके बिरला अस्पताल,गुरुग्राम के ब्रेस्ट सेंटर विभाग के लीड कंसल्टेंट एवं हेड डॉ. रोहन खंडेलवाल ने बताया कि ह्हालांकि, वैज्ञानिक शोध और विशेषज्ञों की राय इस बात की पुष्टि करती है कि मैमोग्राम की सटीकता मौसम पर निर्भर नहीं करती। मैमोग्राम के दौरान इस्तेमाल होने वाली तकनीक और उपकरण अत्यधिक उन्नत होते हैं और बाहरी मौसम की स्थिति से अप्रभावित रहते हैं। रेडियोलॉजिस्ट, जो इन छवियों का विश्लेषण करते हैं, मौसम की परवाह किए बिना अपनी विशेषज्ञता के आधार पर सटीक परिणाम प्रदान करने में सक्षम होते हैं। इसके अलावा, ब्रेस्ट टिशू की घनत्व आनुवंशिकी, उम्र और हार्मोनल बदलाव पर निर्भर करती है, न कि मौसमी प्रभावों पर। यह मिथक संभवतः ठंड के कारण होने वाले अस्थायी शारीरिक बदलावों से जुड़ा हो सकता है, जैसे त्वचा का सिकुड़ना या मांसपेशियों की जकड़न। हालांकि, यह शारीरिक असुविधा मैमोग्राम के परिणामों को प्रभावित नहीं करती।

# नशीला पदार्थ रखने के दो आरोपी पुलिस गिरफ्त में



**सेवा**

~~▶▶ निगम की मेयर व सभी पार्षदों की संपति की भी की गई सरकार से पांच साल की जांच करवाने की मांग~~

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र पुलिस ने नशा तश्करो पर शिकंजा कसते हुए नशीला पदार्थ रखने के दो आरोपियो को गिरफ्तार किया है। कुरुक्षेत्र पुलिस अधीक्षक श्री वरुण सिंगला के कुशल नेतृत्व में एंटी नारकोटिक सैल टीम ने नशीला पदार्थ रखने के आरोप में गुरजिन्द्र उर्फ विक्की पुत्र कुलदीप वासी भगवंतपुर जिला रूपनगर व हरेन्द्र सिंह पुत्र गुरमेल सिंह वासी मुगल माजरी जिला रोपड़ पंजाब को गिरफ्तार करके 200 किलो 140 ग्राम डोडापोस्त व 01 किलो 720 ग्राम अफीम बरामद करने में सफलता हासिल की है । जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 1 जनवरी को एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र पाल के मार्ग-निर्देश में सहायक उप निरीक्षक धर्मवीर सिंह, मुख्य सिपाही बलदेव, विजय कुमार, नसीब सिंह, सिपाही संजीव कुमार, एसपीओ सुरेन्द कुमार व गाड़ी चालक मुख्य सिपाही प्रवीन कुमार की टीम अपराध तलाश में शाहबाद अमन होटल एनएच-44 पर मौजूद थी। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि गुरजिन्द्र उर्फ विक्की पुत्र कुलदीप वासी भगवंतपुर जिला रूपनगर व हरेन्द्र सिंह पुत्र गुरमेल सिंह वासी मुगल माजरी जिला रोपड़ पंजाब ट्रक नम्बर पीबी-65-बीए-0865 में माल लोड करके झारखण्ड व कलकता जातें हैं और वापसी में आते समय भारी मात्रा मे डोडापोस्त व अफीम लेकर आते है और पंजाब मे बेचते हैं। अगर एनएच-44 होटल अमन के पास नाकाबंदी करके आरोपियों को काबू किया जाये तो उनके ट्रक से भारी मात्रा मे डोडापोस्त व अफीम बरामद हो सकती है। पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर एनएच-44 अमन होटल के पास नाकाबंदी करके चेकिंग शुरू कर दी। थोड़ी देर बाद पुलिस टीम को मिली सूचना अनुसार ट्रक पीबी-65-बीए-0865 आता हुआ दिखाई दिया।

पुलिस टीम ने ट्रक में बैठे व्यक्तियों को काबू करके उसका नामपता पूछने पर ड्राईवर ने अपना नाम गुरजिन्द्र उर्फ विक्की पुत्र कुलदीप वासी भगवंतपुर जिला रूपनगर व क्लीनर ने हरेन्द्र सिंह पुत्र गुरमेल सिंह वासी मुगल माजरी जिला रोपड़ पंजाब बताया। मौका पर राजपत्रितअ अधिकारी नायब तहसीलदारसुभाष चन्द शाहबाद को बुलाया गया। राजपत्रित अधिकारी के सामने पुलिस द्वारा आरोपियों व उनके ट्रक की तलाशी लेने पर उनके कब्जा से 200 किलो 140 ग्राम डोडापोस्त व 01 किलो 720 ग्राम अफीम बरामद हुई।

# पानीपत रिफाइनरी के कर्मचारी की पत्नी का ट्रेन में बैग चोरी हो गया



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**हरियाणा** के पानीपत रिफाइनरी के कर्मचारी की पत्नी का ट्रेन में बैग चोरी हो गया। कर्मचारी भोपाल से पानीपत के लिए मालवा एक्सप्रेस ट्रेन में सफर कर रहा था। दिल्ली के नजदीक बैग चोरी हुआ। जिसकी शिकायत उसने पानीपत जीआरपी को दी। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। बैग में हीरे-सोने के आभूषण समेत कैश था। जी आर पी थाना पुलिस को दी शिकायत में रविकांत मोहवे ने बताया कि वह रिफाइनरी टाउनशिप का रहने वाला है। वह मालवा एक्सप्रेस में भोपाल से पानीपत के लिए सफर कर रहा था। दिल्ली के आस-पास उसकी पत्नी पूजा सतनामी का बैग चोरी हो गया। जब उन्होंने दिल्ली स्टेशन को क्रॉस करने के बाद देखा तो उसे बैग नहीं मिला। बैग में सोने व हीरे का मंगलसूत्र, सोने की चेन, सोने की अंगूठी व सोने व हीरे की अंगूठी रखी हुई थी। इसके अलावा कुछ कैश भी था। उसके सामान की कीमत की करीब 2 लाख 25 हजार रुपए की है।

**कुछ देर के लिए ही रखा था बैग सीट के ऊपर**

कर्मचारी का कहना है कि उसकी पत्नी ने सफर भर बैग को अपने साथ रखा था। लेकिन सफर काफी बड़ा था। जिस कारण कुछ ही देर के लिए बैग को सीट के ऊपर रखा था। दिल्ली के करीब पहुंचने पर बैग देखा था, तब बैग सुरक्षित था। लेकिन जब ट्रेन दिल्ली से निकली, तो बैग गायब हो गया। बैग किस वक्त और कहा चोरी हुआ, इसकी उन्हें भनक भी नहीं लगी।

## न्यूज फ्लैश

### जेल लोक अदालत में हुआ सात मुकदमों का हुआ निपटारा



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चंद्रशेखर के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जेल लोक अदालत का आयोजन किया। इसमें मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन व सिविल जज (जूनियर डिवीजन) नितिका बंसल ने जिला कारागार में जेल लोक अदालत का आयोजन किया। इस जेल लोक अदालत में 8 मुकदमें रखे गए, जिसमें से 7 मुकदमों का निपटारा हुआ। इसमें 7 मुलजिमों को आवश्यक शर्तों पर रिहा किया गया। सीजेएम ने जेल में रह रहे बंदियों से बातचीत की और उन्हें मुफ्त कानूनी सेवाओं व अपील के अधिकार से अवगत करवाया गया। यहां उन्होंने बंदियों को प्रदान की जा रही सुविधाओं का भी निरीक्षण किया।

### कुवि के श्रीगुलजारी लाल नंदा केन्द्र में पेंटिंग प्रतियोगिता 15 जनवरी को



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में ब्रह्मसरोवर के पूर्वी तट पर स्थित कुवि के श्रीगुलजारी लाल नंदा नीतिशास्त्र, दर्शनशास्त्र, संग्रहालय एवं पुस्तकालय केंद्र में 15 जनवरी को श्री गुलजारी लाल नंदा पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए केन्द्र की निदेशक प्रो. शुचिस्मिता ने बताया कि केन्द्र की ओर से आयोजित होने वाली श्री गुलजारी लाल नंदा चित्रकला प्रतियोगिता में प्रातः 9 बजे आरम्भ होगी जिसकी अवधि दो से तीन घंटे रहेगी। उन्होंने बताया कि पेंटिंग प्रतियोगिता का विषय कुरुक्षेत्र के पर्यटन स्थलों के जीर्णोद्वार में श्री गुलजारी लाल नंदा जी का योगदान तथा गीता स्थली कुरुक्षेत्र के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल होगा। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पीजी/यूजी/बीएड के अभ्यर्थी संबंधित विभाग/संस्थान/महाविद्यालय के माध्यम से केन्द्र में जाकर या फिर केन्द्र की ईमेल आईडी के माध्यम से 10 जनवरी तक आवेदन कर सकते हैं। प्रो. शुचिस्मिता ने कहा कि प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा दो सांत्वना पुरस्कार रखे गए हैं।

# निरंकारी सतगुरु का नववर्ष पर खुशियों और आशीष भरा पावन संदेश

पावन सान्निध्य में उनके दिव्य दर्शन और प्रेरणादायक प्रवचनों से आत्मिक शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा का सुखद आनंद प्राप्त किया

**सकारात्मक**

यह हमारे जीवन में महसूस हो और ऐसा महके कि समाज के लिए वरदान बन सके: माताजी

टीम एक्शन इंडिया
समालखा (कुलदीप सिंह)

निरंकार को हर कार्य में सम्मिलित कर आध्यात्मिक जागृति और सच्ची खुशी का विस्तार संभव है। यह प्रेरणादायक वचन निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज द्वारा नववर्ष के शुभ अवसर पर दिल्ली स्थित ग्राउंड नम्बर 8, निरंकारी चैक, बुराड़ी रोड में आयोजित विशेष सत्संग समारोह में व्यक्त किए गये। इस सत्संग में दिल्ली, एन.सी.आर. सहित विभिन्न क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालुगण सम्मिलित हुए। सभी भक्तों ने नव वर्ष के प्रथम दिन सतगुरु माता जी एवं निरंकारी राजपिता जी के पावन सान्निध्य में उनके दिव्य दर्शन और प्रेरणादायक प्रवचनों से आत्मिक



शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा का सुखद आनंद प्राप्त किया। सतगुरु माता जी ने अपने सम्बोधन में फरमाया कि नववर्ष केवल 2024 से 2025 का नम्बर परिवर्तन है। वास्तविकता में यह केवल इंसानी मस्तिष्क की बनायी गई अवधारणा है। निरंकार ने समय और सृष्टि को बनाया है, जिसमें अलग-अलग ग्रहों पर समय की अलग अवधारणा होती है इसीलिए, नये वर्ष का अर्थ है हर क्षण को सार्थक बनाना। सच्ची खुशी और आनंद केवल निरंकार में समाहित है। इस नये वर्ष में हमें अपने जीवन को ऐसा बनाना है कि हम हर व्यक्ति तक इस सच्चाई को पहुंचा सकें। हमें अपने जीवन को इस तरह ढालना है कि हर पल, हर कार्य में निरंकार की महत्ता को समझ सकें। सेवा, सुमिरण और संगत का वास्तविक अर्थ तभी प्रकट होगा, जब हम इसे दिल से अपनाएंगे। केवल मित्रता या सामाजिक दबाव के कारण अपनी आध्यात्मिकता में परिवर्तन नहीं करना चाहिए। सच्चे मन और जागरूकता से ही हम अपने जीवन को निरंकार से जोड़ पाएंगे। अपनी जिम्मेदारियों को निभाते हुए, हर कार्य में निरंकार को समाहित करना जरूरी है। यही वह मार्ग है, जो हमारे जीवन में आध्यात्मिक जागरूकता और संतोष का विस्तार करता है। इस नये वर्ष में हमें अपने पुराने अनुभवों से सीख लेकर, अपने भीतर की कमियों को सुधारते हुए, अच्छाइयों को अपनाना चाहिए। मानवीय गुणों से युक्त जीवन ही सच्चा जीवन है। सतगुरु माता जी से पूर्व राजपिता जी ने सभी संतों को सम्बोधित करते हुए फरमाया कि आज के समय में समाज और मानव जीवन से परमात्मा की उड़ीक (जिज्ञासा) धीरे-धीरे समाप्त होती जा रही है। लोग परमात्मा के अस्तित्व पर संदेह कर रहे हैं और सत्य की राह देखने के बजाय उसे नकारने में लगे हैं। यह स्थिति केवल इसलिए है क्योंकि कई लोग परमात्मा को पाने का दावा करते हैं, लेकिन सच्चे प्रयास नहीं करते। सतगुरु के ज्ञान से हमें जो सत्य प्राप्त हुआ है, वह केवल कहने-सुनने तक सीमित न रहे। यह हमारे जीवन में महसूस हो और ऐसा महके कि समाज के लिए वरदान बन सके। हमारा जीवन परमात्मा की ओर प्रेरित करने वाला बने, न कि दिखावे तक सीमित रहे।

# प्रेस क्लब समालखा ने किया कार्यक्रम का आयोजन



टीम एक्शन इंडिया
समालखा (कुलदीप सिंह)

डीसी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने वीरवार को समालखा के केशव होटल में प्रेस क्लब समालखा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में समालखा के प्रमुख समाज सेवियों,शिक्षाविदों के साथ संवाद कर समालखा की समस्याओं पर खुल कर चर्चा की और उन्हें हल करवाने का आश्वासन दिया। उनके साथ एसपी लोकेंद्र सिंह,एसडीएम समालखा अमित कुमार,डीएसपी नरेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पहुंचने पर सभी अतिथियों का प्रेस क्लब के पदाधिकारीयो द्वारा बुक्के देकर जोरदार स्वागत किया गया। वहीं प्रेस क्लब समालखा की टीम द्वारा लिखित में डीसी को एक मांग पत्र सोंपा गया जिसमें शहर के विकास कार्य के साथ-साथ पत्रकारों के हित के लिए भी मांग रखी गई थी, जिनमें कई मांगों को डीसी ने पूरा करने का आश्वासन दिया। डीसी ने पत्रकारों द्वारा आयोजन करने पर प्रेस क्लब की सरहाना की। उन्होंने कहा कि अच्छी बात है कि पत्रकार अपनी पत्रकारिता के साथ-साथ शहर के विकास कार्य को लेकर भी गंभीर है। ऐसे कार्यक्रम ना केवल शिकायतों के समाधान का मंच हैं, बल्कि प्रशासन और नागरिकों के बीच विश्वास के सेतु का भी काम करते हैं। इस तरह के आयोजन से प्रशासन व जनता के बीच विश्वास बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि समालखा से संबंधित जो भी समस्याएं प्राप्त हुई हैं उनके लिए एसडीएम अमित कुमार मौका मुआयना करेंगे और सभी समस्याओं का हल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि फ्लाई ओवर के नीचे श्याम चौंक बनाया जाएगा।

# वंदना वत्स ने सीए की परीक्षा अच्छे अंकों से पास की और सीए की उपाधि प्राप्त की

टीम एक्शन इंडिया
समालखा (कुलदीप सिंह)

**समालखा** जौरासी रोड स्थित गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के लिए बहुत ही हर्ष का विषय रहा कि 2015 बैच की छात्रा वंदना वत्स निवासी चुलकाना, ने स्कूल का नाम रोशन करते हुए सी० ए० की परीक्षा अच्छे अंकों से उत्तीर्ण की और सी०ए० की उपाधि प्राप्त की। इस खुशी के मौके पर स्कूल प्रबंधक राधेश्याम जागंडा ने वंदना को स्कूल में आमंत्रित करके सम्मानित किया। मौके पर स्कूल



मुख्याध्यापिका डा० अभिलाषा कादियान, स्कूल प्राचार्य जितेंद्र उत्तम तथा अजीत, पवन गुलिया मौजूद रहे।

# सफाई कर्मचारी बच्चों को दें अच्छी शिक्षा: इंजीनियर कृष्ण कुमार

**बैठक**

कृष्ण कुमार ने जिला सचिवालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की



टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, (कमाल हुसैन)

हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष इंजीनियर कृष्ण कुमार ने गुरुवार को जिला सचिवालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की व सफाई कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों को सामाजिक, आर्थिक व शैक्षणिक जीवन में सुधार करने तथा सफाई कर्मचारियों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने इससे पूर्व सफाई कर्मचारियों व ग्रामीण कर्मचारियों के सामने आने वाली समस्याओं को लेकर कर्मचारियों से बातचीत की व उनके समाधान करने का आश्वासन दिया। आयोग अध्यक्ष ने कहा कि सफाई कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करने के लिए सरकार प्रयत्नशील है। उन्हें वो सब सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है जो उनसे व उनके कार्य से ताल्लुक रखती है। उन्होंने कहा कि भविष्य में सफाई कर्मचारियों के साथ कोई दुर्घटना न घटे इसको लेकर सरकार कर्मचारियों के लिए विशेष सुविधा प्रदान करने के लिए प्रयास कर रही है। आयोग अध्यक्ष ने बताया कि कर्मचारियों को ऋण सुविधा भी उपलब्ध करवाने पर भी विचार किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों से कर्मचारियों का डाटा भी भेजने के निर्देश दिए। साथ ही साथ कर्मचारियों की ईपीएफ ईएसआई कटता है या नहीं इसके बारे में भी जानकारी हासिल की। आयोग अध्यक्ष ने सफाई कर्मचारियों से आहवान किया कि वे अपने बच्चों को अच्छी तालीम दे व उन्हें इस तरह से शिक्षित करें की वे अपना जीवन सम्मान के साथ जी सकें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे स्वच्छ भारत अभियान को लेकर और गंभीरता से कार्य करें। आयोग अध्यक्ष ने सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य को लेकर हैल्थ शिविर लगाने पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों का कार्य जोखिम भरा है। इसके लिए जागरूक होने की आवश्यकता है। सरकार वो सब सुविधाएं प्रदान कर रही है जिनसे दुर्घटना होने का अंदेशा कम होगा। आयोग अध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समय समय पर मॉक ड्रील करें।

# रिश्वत आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर विजिलेंस से पीड़ित लगाएगा गुहार

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** 2 साल पुराने रिश्वत के मामले में 19 दिसंबर से जेल में बंद जतिंद्र उर्फ रिंकू को आज कोर्ट में फिर से पेश किया गया। जिसे एडीजे अंशुल शुक्ला की अदालत ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने के आदेश दिए। वहीं इस मामले में शिकायतकर्ता एडवोकेट रमना सांगरा ने बताया कि इस मामले में मुख्य आरोपी पटवारी अनुज शर्मा अभी गिरफ्त



से बाहर है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए वह डीएसपी विजिलेंस से मिलेंगे। एडवोकेट रमन सांगरा ने बताया कि आरोपियों की वाइस सैंपलिंग की रिपोर्ट 24-11-2023 को पॉजिटिव आई थी। उन्होंने बताया कि उनके दादा साधु राम के स्वर्गवास के बाद उनकी

**न्यायिक हिरासत**

एडीजे अंशुल शुक्ला की अदालत ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने के आदेश दिए

जमीन का मेरे पिता व परिवार के अन्य सदस्यों के नाम विरासत का इंतकाल होना करवाने के लिए वह पटवारी अनुज शर्मा से मिला था। आरोप है कि पटवारी ने दोनों कामों के लिए 10 हजार रुपये मांगे थे और 11 मार्च को पटवारी से अपने सहायक रिंकू से फोन पर बात करवायी और पूरा मामला 6 हजार रुपये मे सेटल हो गया था। मामले की शिकायत विजिलेंस को मिली तो उन्होंने रेड टीम गठित की थी। इसके बाद रमन सांगरा ने जब रुपये देने के लिए पटवारी के पास पहुंचा तो पटवारी को रेड की भनक पहले से लग गयी थी और वह वहां से फरार हो गया।

# भगवान परशुराम सेवा समिति का मासिक हवन यज्ञ 5 को

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** भगवान परशुराम सेवा समिति रजि 1069 अंबाला कैंट की मीटिंग हुई जिसमें सभी अंबाला वासियों को नव वर्ष की बधाई दी सभी के लिए नव वर्ष मंगलमय और खुशियाँ लाने वाला हो भगवान परशुराम सेवा समिति के प्रधान अतुल शर्मा ने बताया कि नव वर्ष के पहले महीने पहले रविवार को मासिक हवन यज्ञ 5 जनवरी 2025 को सुबह 10:00 बजे भगवान परशुराम मंदिर नगल करधान अंबाला कैंट में होगा जिसमें मुख्य यजमान समिति की सदस्य नवीन शर्मा और उनके



धर्मपत्नी भारती शर्मा होगी हवन यज्ञ मंदिर के पंडित शंभु दयाल जी द्वारा करवाया जाएगा समिति की सचिव राजेश गोल्डी शर्मा ने बताया की समिति भगवान परशुराम मंदिर नगल करधान की स्थपना दिवस पर 15 फरवरी को विशाल भंडारा का अजोजन करेंगे इस मीटिंग मे सुरिंदर राजू शर्मा, डॉ राकेश भारद्वाज, रविंदर बिल्ला शर्मा, अतुल शर्मा, राजेश गोल्डी शर्मा, ममता शर्मा रश्मि शर्मा, सुषमा शर्मा और अन्य सदस्य मजूद रहे।

### घर से निकले दो भाई संदिग्ध हालत में लापता

**सोनीपत:** सदर थाना क्षेत्र के गांव नांगल कलां से संदिग्ध हालत में दो भाइयों के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर युवकों की तलाश शुरू कर दी है। गांव नांगल कलां निवासी सुमित ने बताया कि उसका भाई अंशित व विवेक कॉलेज में पढ़ाई करते है। गत 27 दिसंबर को वह अपने किसी घरेलू काम से सोनीपत शहर में गए थे। उसके बाद वापिस नहीं लौटे। अपने स्तर पर उनकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। परिजनों ने आरोप लगाया कि उन्हें किसी ने अज्ञात जगह पर बंधक बनाकर रखा हुआ है। मामले को लेकर

# जिले के सभी गांवों को बनाया जाए ओडीएफ प्लस मॉडल

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि जिला के सभी गांवों को ओडीएफ प्लस मॉडल गांव बनाया जाए, इसके लिए सभी खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी मिशन मोड में कार्य करें और लक्ष्य निर्धारित करके गांवों में स्वच्छता अभियान चलाएं। इस अभियान में ग्राम पंचायतों के साथ-साथ आम जन की भागीदारी सुनिश्चित करें। इसके अलावा कूड़ा कचरा इक्ठा करने के लिए प्रत्येक ग्राम में ई-कार्ट व तिपहिया रिक्शा उपलब्ध करवाई जाए। उन्होंने स्वच्छता मिशन से जुड़े अधिकारियों स्पष्ट निर्देश दिये कि वे स्वच्छता अभियान के तहत गतिविधियों में तेजी लाएं और जो



कार्य करवाए जाने उनको जल्द पूरा करवाए, फंड को वापिस न जाने दिया जाए।

उपायुक्त वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला स्वच्छ भारत मिशन प्रबंधन कमेटी की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने बैठक में स्वच्छ भारत मिशन के तहत कूड़ा कचरा प्रबंधन, ग्रे वाटर प्रबंधन, सॉलिड वेस्ट प्रबंधन को लेकर जिला में चल रहे प्रोजेक्टो की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए की इन प्रोजेक्टो को जल्द से जल्द पूरा किया जाए तथा नए प्रोजेक्ट के प्रोपोजल तैयार किए जाए। आज की बैठक में उन्होंने नीलोखेड़ी ब्लाक के गांव सुल्तानपुर में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट लगाने की स्वीकृति प्रदान की है इसके अलावा शेष ब्लॉकों में भी प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का प्रपोजल तैयार करने के निर्देश दिए।

**आदेश**

मिशन मोड में कार्य करें और लक्ष्य निर्धारित करके गांवों में स्वच्छता अभियान चलाएं: उत्तम सिंह

स्वच्छ भारत मिशन आम आदमी से जुड़ा हुआ अभियान है। सभी खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी इस अभियान को गंभीरता से ले और मन से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करें, इसके लिए वे महीने में दो बार किसी न किसी गांव में स्वच्छता अभियान चलाए, और ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़े।

# सिंगल यूज प्लास्टिक की बिक्री व प्रयोग करने वालों विक्रेताओं पर कार्रवाई

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** नगर निगम आयुक्त डॉ.वैशाली शर्मा के आदेश के चलते शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक की बिक्री व प्रयोग पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है। इसे लेकर निगम की एन्फोर्समेंट टीम शहर में छापेमारी कर सिंगल यूज प्लास्टिक के सामान को जब्त व चालान करने की कार्रवाई कर रही है। शहर की नई व पुरानी सब्जी मंडी, बसंत विहार क्षेत्र में एन्फोर्समेंट टीम द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक की बिक्री व इस्तेमाल करने पर दुकानदारों पर कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान जो भी दुकानदार दोषी पाए गए, उनका चालान किया गया।

निगमायुक्त ने बताया



कि कार्रवाई में दोषी दुकानदारों के सिंगल यूज प्लास्टिक की बिक्री के कुल 17 चालान किए गए और 10 हजार 500 रुपए का जुर्माना लगाया गया। यह सभी चालान थोक विक्रेताओं और बड़े दुकानदारों के किए गए हैं। उन्होंने बताया कि फिलहाल कम राशि के चालान किए गए हैं, परंतु चालान होने के बावजूद भी अगर कोई थोक विक्रेता, दुकानदार या रेहड़ी-फड़ी वाले सिंगल यूज प्लास्टिक अपने पास रखते हैं, तो उनका एनजीटी के नियमानुसार चालान किया जाएगा और प्रतिबंधित सामान जब्त किया जाएगा। निगमायुक्त के प्रवर्तन दल को निर्देश- निगमायुक्त ने प्रवर्तन दल को निर्देश देते हुए कहा कि सभी टीमें सम्बंधित जोन में सिंगल यूज

**जुर्माना**

कार्रवाई में दोषी दुकानदारों के सिंगल यूज प्लास्टिक की बिक्री के कुल 17 चालान किए गए और 10 हजार 500 रुपए का जुर्माना लगाया

प्लास्टिक को प्रतिबंध करवाना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर कोई दुकानदार नहीं मानता तो उसके निरंतर चालान किए जाएं और ऐसे प्लास्टिक को जब्त किया जाए। उन्होंने रोजाना 20 से 50 चालान करने को कहा। उन्होंने रोजाना की गई कार्रवाई की रिपोर्ट राज्य सरकार के पोर्टल पर अपलोड करने के भी निर्देश दिए। यह रहेगा सिंगल यूज प्लास्टिक के जुर्माने का प्रावधान- उन्होंने बताया कि जो व्यक्ति हानिकारक प्लास्टिक और उससे निर्मित सामान की बिक्री करेगा, उसका चालान कर जुर्माना राशि वसूल करने का प्रावधान रखा गया है। इसके तहत 100 ग्राम प्लास्टिक तक 500 रुपए जुर्माना, 101 ग्राम से 500 ग्राम तक 1500 रुपए, 501 ग्राम से 1 किलोग्राम तक 3 हजार रुपए, 1 किलोग्राम से अधिक और 5 किलोग्राम तक 10 हजार रुपए, 5 किलोग्राम से अधिक 10 किलोग्राम तक 20 हजार रुपए और 10 किलोग्राम से ज्यादा प्लास्टिक पाए जाने पर 25 हजार रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा।

# वाहन चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार, दो ट्राली, एक ट्रैक्टर व दो मोटरसाइकिल बरामद

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** बीती शाम जिला पुलिस की क्राइम यूनिट एंटी आटो थेफ्ट टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी करके मेरठ रोड़ से वाहन चोरी के दो आरोपियों शमशाद उर्फ सोनु पुत्र रहमली वासी कोहण्ड और नाजीम पुत्र गुलशन वासी पावटी, जिला शामली, यूपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से चुराई गई दोनों ट्रालियां व वारदातों को अंजाम देने के लिए प्रयोग किया गया ट्रैक्टर बरामद किया गया। टीम के इन्चार्ज उपनिरीक्षक रोहताश सिंह ने बताया कि उनकी एक अन्य टीम द्वारा बलड़ी



बाईपास के नजदीक से एक आरोपी सुनील पुत्र पालाराम वासी सुरजनगर कट्टाबाग, करनाल को गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से एक एक्टीवा और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। उन्होंने बताया कि आज सभी तीनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# 6 जनवरी तक बूथ, 12 जनवरी तक मंडल अध्यक्षों के चुनाव के निर्देश: मोहनलाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई को 6 जनवरी तक बूथ कमेटियों का गठन कर लेने और 12 जनवरी तक बूथ अध्यक्षों के चुनाव करने है। प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बड़ौली ने केंद्र से मिले निर्देशों के बाद अपनी टीम को काम में तेजी लाने के लिए कहा है। प्रदेश महामंत्री अर्चना गुप्ता ने पानीपत शहरी विधानसभा के बूथ नंबर 156 पर बूथ गठन की प्रक्रिया पूरी कर ली है। इसी तरह प्रदेश भर में अब बूथ गठन की प्रक्रिया ने गति पकड़ी है। डा. अर्चना गुप्ता के अनुसार 6 जनवरी तक लगभग



बूथों के गठन का काम पूरा कर लिया जाएगा। भाजपा अपने इन संगठनात्मक चुनावों को उत्सव के रूप में ले रही है ताकि लोकतंत्र लगातार मजबूत हो रहा है ये मैसेज जनता तक जाए। पानीपत विधानसभा के बूथ 156 पर सुनीता गोयल को बूथ अध्यक्ष चुना गया। जिससे भाजपा साफ सदेश दे रही है कि भाजपा राजनीति में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ा रही है। महामंत्री एवं चुनाव अधिकारी डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि बीजेपी की निर्वाचन प्रक्रिया के तहत सौहार्दपूर्ण माहौल में रायशुमारी के साथ सबसे पहले बूथ कमेटियां बनाई जा रही है। डा. अर्चना गुप्ता

**प्रक्रिया**

**अर्चना गुप्ता ने पानीपत शहरी विधानसभा के बूथ नंबर 156 पर बूथ गठन की प्रक्रिया पूरी कर ली**

ने कहा कि भाजपा ही ऐसी राजनीतिक पार्टी है जिसमें कार्यकर्ता कड़ी मेहनत के दम पर ऊंचे से ऊंचा पद प्राप्त कर सकता है। पानीपत शहरी विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 156 पर सुनीता गोयल को बूथ अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। बूथ कमेटी में बूथ पालक आनन्द चुग, महेंद्र कत्याल बीएलए 2 चुने गए हैं।

इसके अतिरिक्त सचिव पद पर संजय, महिला अध्यक्ष ममता सेठी, ओबीसी प्रमुख चंद्र सैनी, मन की बात प्रमुख वान्या सचदेवा, युवा प्रमुख प्रवेश मित्तल, आईटी प्रमुख अंकित गांधी, व्हाट्सएप प्रमुख अरुण पसरिचा, अल्प संख्यक प्रमुख सम्यक जैन को चुना गया। भाजपा प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने 1 जनवरी से 5 जनवरी तक प्रदेश के सभी बूथों पर कमेटियां बनाने का निर्देश दिया हुआ है। उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि हरियाणा में 5 जनवरी तक सभी बूथों की कमेटियां बना ली जाएगी।

# जैन यात्रा संघ महाराष्ट्र के जैन तीर्थ दर्शन के लिए हुआ रवाना

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** श्री मणिभद्र वीर यंग सोसायटी अम्बाला शहर के तत्वाधान में एक विशाल यात्रा संघ महाराष्ट्र स्थापित जैन तीर्थ दर्शनों के लिए रवाना हुआ। प्रधान भविक जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि तीर्थ यात्रा करने व करवाने से आत्मा शुद्ध होती है। सचिव नवयम जी ने जानकारी देते हुए बताया हम कई वर्षों से तीर्थ यात्रा लेकर जा रहे है। अब तक बिहार,राजस्थान,मध्यप्रदेश आदि प्रदेशो में स्थित जैन तीर्थों के दर्शन करवा चुके है। इस कड़ी को जोड़ते हुए इस वर्ष महाराष्ट्र अंतरिक्ष पार्श्वनाथ,मनोवांछित पार्श्वनाथ, मानस मंदिर, मुंबई स्तिथ आचार्य विजय वल्लभ सूरीश्वर जी की समाधि आदि



तीर्थों के दर्शन के लिए लगभग 201 यात्रियों को यात्रा करवाने के लिए लेकर जा रहे है। यात्रा की प्रबन्धक समिति पिछले 5 महीनों से तैयारियों में जुटी हुई थी। इस बार यह तीर्थ यात्रा 2 जनवरी को प्रस्थान करेगी और 12 जनवरी को सभी तीर्थों के दर्शन करके वापिस अम्बाला लौटेगी। इस यात्रा में अम्बाला के साथ साथ पंजाब राज्य के भिन्न भिन्न शहरों से यात्रा करने के लिए जा रहे है। श्री विजय इन्दरधाम ट्रस्ट , श्री श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ , एस ए जैन हाई स्कूल, एस ए जैन मॉडल स्कूल की प्रबंधक समिति की और से सोसायटी की प्रबंधक समिति का सम्मान किया।

## न्यूज फ्लैश

### शिक्षा के मंदिर से मिड-डे मील का सामान चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत: कुंडली** थाना क्षेत्र में शिक्षा के मंदिर से मिड-डे मील का सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। जांच अधिकारी एसआई प्रदीप कुमार ने बताया कि खेड़ी दहिया स्कूल से चोरी की शिकायत मिली है। जिसमें स्कूल से मिड-डे मिल का सामान सिलेंडर तीन, कैटली, चालीस प्लेट, ग्लास चालीस, स्टोव, एक सपूअन चालीस कूकर, सहित अन्य सामान गायब मिला। मामले की शिकायत के बाद पुलिस टीम ने मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई प्रदीप कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### ईवीएम से होगा हरियाणा सिख गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी सदस्य का चुनाव: निर्वाचन अधिकारी

**पानीपत, ( कमाल हुसैन** हरियाणा सिख गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के आगामी 19 जनवरी को वार्ड 23 से होने वाले सदस्य चुनाव को लेकर गुरूवार को जिला सचिवालय की कमरा नम्बर 1 में उम्मीदवारों के नामों की जांच की गई व उसके पश्चात उन्हें चुनाव चिन्ह वितरीत किये गए। हरियाणा सिख गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के निर्वाचन अधिकारी ब्रह्मद्दप्रकाश ने बताया कि जांच के बाद 4 उम्मीदवारो के नाम मिलें। जिनमें सौरभ सिंह वासी खोजकीपुर को सीढ़ी, हरचरण सिंह वासी माडल टाऊन को जहाज, दलविन्द्र सिंह वासी सिठाना को साइकिल व मोहनजीत सिंह वासी माडल टाऊन को ढोलक का चुनाव चिन्ह वितरीत किया गया।

हरियाणा सिख गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान के लिए 9 बूथ बनाये गए है जिन पर 8 बजे से 5 बजे तक मतदान होगा। सभी बूथों पर ईवीएम का प्रयोग होगा। इसमें नोटा का भी प्रावधान है। उन्होने बताया कि 10 जनवरी तक संबंधित विभाग में वोट बनवायें जा सकते है।

हरियाणा सिख गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव को शांतिपूर्ण व पारदर्शितापूर्वक कराने को लेकर प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। पूरी सुरक्षा के मध्य चुनाव होगा। उन्होंने सभी उम्मीदवारों को चुनाव की गाइड लाइन के अनुसार चुनाव प्रचार करने के लिए कहा।

### सीएम विंडों पर उपलब्ध शिकायतों के समाधान को लेकर अधिकारी करें गंभीरता से कार्य: दहिया

**पानीपत:** जिला सचिवालय स्थित सभागार में उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया की अध्यक्षता में सीएम विंडो पर उपलब्ध शिकायतों के समाधान को लेकर समीक्षा बैठक हुई। उपायुक्त ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को उनके विभागों से जुड़ी उन शिकायतों पर समीक्षा की जिनका अभी तक निस्तारण नहीं हो पाया है। उपायुक्त ने इस संदर्भ में शीघ्रता से समस्याओं का निपटान करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि अधिकारी इसमें रूचि ले व जिन शिकायतों का निस्तारण हो गया है उनको तुंरत अपलोड करें। उन्होंने समस्याओं को लेकर रोजाना सीएम विंडो खोलने, चैक करने व रोजाना सीएम विंडों पर 10 मिनट लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समस्याओं के समाधान के प्रति हमारी जवाबदेही है। जिन समस्याओं का समाधान नहीं हुआ उन विभागों के मुख्याओं को अपने विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करनी चाहिए व जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान करना चाहिए।

उपायुक्त ने जिला राजस्व अधिकारी व जिला विकास एवं पंचायत अधिकारियों को बीडीपीओ और तहसीलदारों की शीघ्रता से बैठक कर सीएम विंडों से जुड़ी समस्याओं का हल निकालने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सीएम विंडो से जुड़ी समस्याओं का समाधान अतिशीघ्रता से करें। विदित रहें कि आगामी 11 जनवरी को सीएम विंडों से संबंधित समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह प्रदेश भर के सभी जिलों के उपायुक्तों से चर्चा करेंगे।

इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त डॉ.पंकज, पुलिस अधीक्षक लौकेंद्र सिंह, नगराधीश टीनू पोसवाल, खजाना अधिकारी हजारा सिंह, डीआरओ रणविजय सिंह सुल्तानिया, सीएमओ जंयत आहुजा, डीएफओ विजय लक्ष्मी, जिला रोजगार अधिकारी रीतू चहल, खादय एवं आपूर्ति नियंत्रक नीतू, डीईटीसी पुनित शर्मा, डीईटीसी विरेन्द्र ढूल एक्साइज, पंचायती राज के कार्यकारी अभियंता प्रदीप, हुडा डिप्टी सुप्रिडेंटन्ट कमलेश, एक्शन यूएचबीवीएन एम एस धीमान, आयुर्वेद अधिकार संजय, पशुपालन विभाग के डॉ.अशोक लोहान, पुलिस कैप्लेड अधिकारी सुरेश, संजीव शर्मा, जोगेन्द्र सिंह के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# राहुल, शुभम, सिमरन व सौरभ बने विवि टॉपर

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत।** पूर्ण मूर्ति कैंपस, कामी रोड के चार विद्यार्थियों ने दीनबंधु छोटूराम विज्ञान व प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (विवि) मुरथल की बीटेक एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग की आठवें सेमेस्टर की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है। पूर्ण मूर्ति कैंपस के चारों छात्र राहुल कुमार मिश्रा, शुभम गुप्ता, सिमरन सिंह व सौरभ कुमार ने एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग की परीक्षा में 9-9 सीजीपीए अंक हासिल कर संस्थान का नाम चमकाया है । पूर्ण मूर्ति कैंपस के चेयरमैन डा.विजयपाल नैन, सचिव गौतम नैन, कोषाध्यक्ष भोपाल सिंह, प्रबंधक निदेशक कपिल भाटिया,



एमडी संदीप शाक्य, डायरेक्टर एकेडेमिक्स डा.स्वीटी, परिसर निदेशक कुलदीप, रजिस्ट्रार कंवलजीत सिंह संधू, डीन अकादमिक संदीप कुमार आदि ने परीक्षा में सफलता पाने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। चेयरमैन डा.विजयपाल नैन ने बताया कि बीटेक एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग की छठे सेमेस्टर की परीक्षा में भी संस्थान के विद्यार्थी आदित्य रोशन व आशुतोष अमन ने 8.61 सीजीपीए अंको के साथ विश्वविद्यालय में टॉप किया है। अंकुश ने 8.43 सीजीपीए व अनिकेत राठौर ने 8.26 सीजीपीए अंक हासिल कर क्रमशः दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। डा.विजयपाल नैन ने छात्रों की इस सफलता का श्रेय एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्राध्यापकों को दिया जिनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत कर यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कहा कि एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग में बीटेक कार्यक्रम विभिन्न विमानों और उनके घटकों के डिजाइन, निर्माण, रखरखाव, सुरक्षा और विज्ञान के अध्ययन से संबंधित है। विशेष ज्ञान संबंधित ढांचे की योजना बनाने, विकसित करने, बनाए रखने और परीक्षण करने में करते हैं।

# कार्यालय के बाहर से दो-पहिया वाहन चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: बहालगढ़** थाना सोनीपत क्षेत्र में कार्यालय के बाहर से दो-पहिया वाहन के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग पुलिस के हाथ लग सके। गांव मुरथल निवासी प्रवीन ने बताया कि उसका बहालगढ़ में डागर पावर प्रोजेक्ट के नाम से उनका कार्यालय है। वह मंगलवार को ड्यूटी पर गए तो बाइक को कार्यालय के बाहर

**जांच जारी**

**पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग पुलिस के हाथ लग सके**

गली में खड़ी कर दी। करीब आधे घंटे बाद बाहर आए तो बाइक वहां पर नहीं मिली। आसपास के लोगों से भी बाइक के बारे में पूछा, लेकिन कोई सुराग नहीं लग पाया। बाइक को कोई चोरी कर ले गया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी।

# किसान के खेत से खाद के कट्टे व मोटर चोरी, मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडियाा**
**सोनीपतः** मोहाना थाना क्षेत्र के गांव जाजी में खेत बने कोठरें से हजारों रुपये कीमत के खाद के कट्टे व मोटर के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित किसान ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव जाजी निवासी सुखानंद ने बताया कि वह खेती बाड़ी का काम करता है। उसने अपने खेत में ट्यूबवेल के साथ कोठरा बना रखा है। गत 31 दिसंबर को वह सुबह खेत में पहुंचा। उसने देखा कि कोठरे का गेट खुला हुआ है। अंदर जाकर देखा तो कोठरे में रखे 35 कट्टे खाद व मोटर सहित अन्य सामान गायब मिला।

अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। मोहाना थाना पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई अनम कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द से चोर का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# इग्नू में दाखिला लेने के लिए यूजीसी डीईबी आईडी अनिवार्य: डा धर्म पाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्म पाल ने बताया की इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू), शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार में जनवरी 2025 सत्र के लिए दाखिला प्रक्रिया शुरू कर दी है। इग्नू का उद्देश्य विद्यार्थियों का ज्ञान वर्धन करके उनके लिए उत्थान के समान अवसर उपलब्ध करवाना है। इग्नू रिमोट एरिया, गांव देहात के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा पहुंचाने का कार्य कर रही है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया की यूजीसी-डीईबी ने सभी ओपन और डिस्टेंस लर्निंग

**ज्ञानवर्धन**

**इग्नू का उद्देश्य विद्यार्थियों का ज्ञान वर्धन करके उनके लिए उत्थान के समान अवसर उपलब्ध करवाना है।**

(ओडीएल) और ऑनलाइन (ओएल) कार्यक्रमों के लिए एक नई प्रवेश प्रक्रिया शुरू की है। यूजीसी-डीईबी सार्वजनिक सूचना के अनुसार, अब प्रत्येक शिक्षार्थी (अंतर्राष्ट्रीय शिक्षार्थियों को छोडकर) के लिए किसी भी ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) या ऑनलाइन (ओएल) पाठ्यक्रम में नामांकन से पहले अपनी एबीसी आईडी का उपयोग करके एक डीईबी-आईडी बनाना अनिवार्य है इच्छुक शिक्षार्थी यूजीसी-डीईबी वेब पोर्टल एचटीटीपीएसः//डीइबीडॉटयूजीसीडॉट एसीडॉटइन/स्टूडेंटडीइबीआईडी पर जाएं और अपने अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) आईडी का उपयोग करके डीईबी-आईडी जेनरेट करें। यदि आपके पास एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) आईडी नहीं है, तो आप डिजीलॉकर लॉकरडॉटजीओवीडॉटइन के माध्यम से बना सकते हैं।

# अवैध हथियार सहित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपतः क्राइम** यूनिट ने एक युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपित सोमबीर निवासी मेहंदीपुर का है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ संबंधित थाने में मुकदमा दर्ज कर आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार क्राइम यूनिट गश्त कर रही थी। उसी दौरान सूचना मिली कि पार्क के पास एक युवक संदिग्ध हालत में घूम रहा है। टीम ने शक के आधार पर उसे काबू कर तलाशी ली। उसके पास अवैध हथियार मिला।

# सैनिक बनने का जयराम सैनिक स्कूल में मिलेगा मौका

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** देश भर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से कुरुक्षेत्र के लोहार माजरा में भी श्रीमती केसरी देवी लोहिया जयराम पब्लिक स्कूल के विस्तृत परिसर में न्यू जयराम सैनिक स्कूल का संचालन शुरू हो चुका है। श्री जयराम संस्थाओं के मीडिया प्रभारी राजेश सिंगला ने बताया इससे बच्चों को देश का भावी सैनिक बनने के लिए प्रशिक्षण के साथ शिक्षा का मौका मिलेगा। उन्होंने बताया कि सैनिक स्कूल सोसायटी रक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अनुमोदित न्यू सैनिक स्कूल लोहार माजरा कुरूक्षेत्र को वर्ष 2024-



2025 से कक्षा छटी में 80 सीटों के लिए लडके व लड़कियों को प्रवेश के लिए मान्यता मिली है। वर्तमान में कक्षा छटी में प्रवेश हेतु उम्मीदवारों से आवेदन के लिए पात्रता 1 अप्रैल 2025 को बच्चे की आयु 10 से 12 वर्ष के बीच और पांचवीं कक्षा पास होना चाहिए । सिंगला ने बताया कि आवेदन की अंतिम तिथि 13 जनवरी 2025 है और परीक्षा की सटीक परीक्षा राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एन.टी.ए. ) द्वारा पोर्टल (पर बाद में सूचित की जायेगी। सिंगला ने बताया कि जिला कुरुक्षेत्र में श्रीमती केसरी देवी लोहिया पब्लिक जयराम पब्लिक स्कूल लोहार माजरा के विस्तृत प्रांगण में न्यू सैनिक स्कूल में प्रवेश के लिए कक्षा छटी में 80 सीट रिजर्व है। यह रेजिडेंशियल सैनिक स्कूल पूरी तरह सभी उच्च स्तर की सहूलियतों से सुसज्जित है जो सैनिक स्कूल कुंजपुरा करनाल की मेन्टरशिप में कार्यान्वित है। जिसमें भारत के सभी राज्यो के छात्र आवेदन करते है। एन.टी.ए. के द्वारा लिखित प्रवेश परीक्षा भारत में 100 से अधिक स्थानों पर आयोजित की जाऐगी।

# सैनिक स्कूल कुंजपुरा में प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
देश के प्रतिष्ठित सैनिक स्कूल कुंजपुरा में छठी और नौवीं कक्षा में दाखिले के लिए आयोजित होने वाली सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। दाखिले के लिए अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा-2025 का आयोजन किया जाएगा। यह परीक्षा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए होगी और आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है जो 13 जनवरी 2025 तक चलेगी। स्क्वाड्रन लीडर मनप्रीत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि यह परीक्षा कक्षा छठी और कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए होगी। अंतिम सीट संख्या पास-आउट और नामांकित विद्यार्थियों की स्थिति पर निर्भर करेगी। कक्षा छठी के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा में गणित, सामान्य ज्ञान, भाषा और बुद्धिमत्ता जैसे विषयों पर आधारित 300 अंकों की परीक्षा तथा कक्षा 9वीं की परीक्षा में गणित, अंग्रेजी, विज्ञान, सामाजिक अध्ययन और बुद्धिमत्ता पर आधारित 400 अंकों की परीक्षा। उन्होंने बताया कि इच्छुक विद्यार्थी आधिकारिक वेबसाइट एग्जामसडॉटएनटीएडॉटएसीडॉटइन /एआईएसएसइइ पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। वेबसाइट पर प्रवेश परीक्षा की विस्तृत जानकारी भी उपलब्ध है।

# भाजपा जिला अध्यक्ष के कार्यकाल का एक साल पूरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , (कमाल हुसैन )**
पानीपत की पवित्र भूमि पर यू तो अनेक धर्मगुरुओं, राजनेताओं और सामाजिक कार्यकताओं ने जन्म लेकर गरीब कल्याण और समाज उत्थान के लिए कार्य किए है यही नहीं पानीपत में लड़ी गई लड़ाइयों ने भी देश की दिशा और दशा को बदल कर रख दिया था लेकिन इसी भूमि पर कुछ ऐसे समाजसेवियों ने भी जन्म लिया है जिन्होंने साधनों के अभाव में भी अपने परिवार की परवाह किए बगैर अंत्योदय की भावना से समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को प्रेरित कर सहयोग देकर उसे गरीबी की रेखा से ऊपर लाने के सभी प्रयास किए है और सनातन धर्म को समर्पित आध्यात्मिक गुरुओं के चरणों में बैठकर ज्ञान अर्जन कर समाज की सेवा को समर्पित हो गए जिनकी चर्चा इन दिनों पूरे हरियाणा में है। परिवार नागरिक गुणों की प्रथम पाठशाला होती है रिश्तों की डोर जोड़ने में उच्च कोटि के संस्कारों और मानवीय संवेदनाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है संतान को परिवार व समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनाने में अभिभावकों का अहम योगदान होता है`

भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट को भाजपा जिलाध्यक्ष बनें मात्र 1 वर्ष ही पूरा हुआ है इनकी राजनैतिक सोच, अनुभव, इनके आदर्श और सर्वहारा वर्ग के उत्थान की दृढ़ इच्छाशक्ति का परिणाम है कि इन्होंने जहां अनेक उलझे हुए मसलों को



हल करवाया वहीं, जनता की समस्याओं के समाधान के लिए अपने घर के द्वार 24 घंटे खुले रखे और उनके इन्हीं प्रयासों की आजकल हर तरफ चर्चा है। इस पत्रकार ने जब उनसे पूछा कि आपकी खुशी के सबसे बड़े पल कौन कौन से थे तो उन्होंने चर्चा करते हुए बताया कि उनके जीवन के खुशी के पलो में सर्वप्रथम नरेंद्र मोदी का प्रधानमंत्री बनना, भाजपा नेता मनोहर लाल का हरियाणा का मुख्यमंत्री बनना, अयोध्या में राम मंदिर का बनना लोकसभा चुनाव में मनोहर लाल का रिकॉर्ड मतों से जीतना, इस जीत में पानीपत की सबसे बड़ी हिस्सेदारी होना और विधानसभा चुनाव में जिला भाजपा संगठन के प्रयासों से पानीपत जिला की सभी चारों विधानसभाओं पर भाजपा उम्मीदवारों की जीत उनके जीवन के सबसे बड़े खुशी के पल रहे है। उल्लेखनीय है कि भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट का जन्म सैनी कॉलोनीवासी अशोक कुमार भट्ट के घर 26 अक्टूबर 1979 को हुआ था। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा मॉडल टाऊन स्थित राजकीय स्कूल एवं उच्च शिक्षा आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल पानीपत से और स्नातक शिक्षा एस. डी कॉलेज से पूरी की। यू तो वे बचपन से ही आरएसएस से प्रभावित रहे और आरएसएस की शाखा के मुख्य शिक्षक रहे हैं इससे पूर्व वह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र नेता के रूप में भी कार्य कर चुके है। वह वर्ष 2000 में पानीपत ग्रामीण विधानसभा में मंडल अध्यक्ष, वर्ष 2005 में जिला सचिव तथा वर्ष 2011 में भाजपा मानव अधिकार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक बने और भाजपा श्रमिक प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रवक्ता के रूप में भी कार्य कियो वर्ष 2013 एवं 2020 में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष बने।

# गुरू गोबिंद सिंह के जन्मदिवस पर वार्षिक अलौकिक नगर कीर्तन का आयोजन किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**नूरवाला** स्थित गुरूद्वारा सिंह सभा द्वारा श्री गुरू गोबिंद सिंह के जन्मदिवस पर वार्षिक अलौकिक नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें शहर की प्रमुख धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं ने भाग लिया। नगर कीर्तन गुरूद्वारा से शुरू होकर नूरवाला के प्रमुख मार्गों से होते हुए गुरूद्वारा में ही सम्पन्न हुआ। इस दौरान नगर कीर्तन का जगह-जगह जोरदार स्वागत किया गया तथा संगत के लिए प्रसाद के स्टाल लगाए गए। श्री गुरूग्रन्थ साहिब जी की छत्रछाया में निकाले



गए इस नगर कीर्तन की अगुवाई पांच प्यारों ने की। संगत ने पालिका के आगे झाड़ू से सफाई की। वहीं नगर कीर्तन में स्कूली विद्यार्थियों व गतका पार्टी द्वारा प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर बाबा ग्रंथी रघबीर सिंह, स.खडक सिंह, स.विक्की चठ्ठा, त्रिलोचन सिंह, स.मंजीत सिंह चीमा, स.हरदीप सिंह, स.बलविंद्र सिंह, हैप्पी चावला, स्त्री सुखमणी साहिब की प्रधान बलजीत कौर,प्रीती, स. अर्जुन सिंह, स.दर्शन सिंह, स.जयमल सिंह, स.परविन्द्र सिंह, स.महेंद्र सिंह व शैली आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।




### आदर्श नगर के निगम पार्षद और आम आदमी पार्टी से विधानसभा प्रत्याशी

# मुकेश गोयल ने लोगों को दी नए साल पर नई सौगात









**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के आदर्श नगर वार्ड से निगम पार्षद और आदर्श नगर विधानसभा से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी मुकेश गोयल ने कई विकास कार्यों का शुभारंभ किया। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के कई कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

**स्थानीय लोगों ने किया मुकेश गोयल का भव्य स्वागत:** स्थानीय निवासियों ने मुकेश गोयल का इस कार्य के लिए धन्यवाद किया। साथ ही महिलाओं ने कहा कि मुकेश जी वादे के पक्के है, जो वादे मुकेश जी ने हम सभी से किये थे, वह पूरे करके दिखा रहे है। उन्होंने कहा था कि मैं नए साल तक ये काम करवा दूँगा। अगर नहीं करवा पाया तो आप लोगों से वोट मांगने नहीं आऊंगा।

**इंद्रा नगर और केवल पार्क एक्सटेंशन में किया उद्घाटन:** आदर्श नगर विधानसभा के अंतर्गत आने वाले इंद्रा नगर और केवल पार्क एक्सटेंसन में गलियों की बदहाली को देखते हुए आदर्श नगर वार्ड से निगम पार्षद और विधानसभा प्रत्याशी मुकेश गोयल ने गलियों के विकास कार्य का उद्घाटन किया।

**कई वर्षों से बदहाल थी ये गलियां:** लोगों के अनुसार ये गलियां कई सालों से बदहाल हालत में थी। इस कारण से जनता काफी परेशान थी। आज इन गलियों का उद्घाटन करने जब निगम पार्षद मौके पर पहुंचे तो लोगों ने फूल माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। जिसके बाद पार्षद ने भी लोगों को गली को कुछ ही दिनों में बनाये जाने का आश्वासन दिया।

**मेरा लक्ष्य क्षेत्र का विकास करना:** मुकेश गोयल ने कहा कि मेरा लक्ष्य क्षेत्र का विकास करना है।


उन्होंने आगे बताया कि जनता की समस्या मेरी समस्या है, इसको ध्यान में रखते हुए जहां पर भी लोगों की समस्याएं है, उसका समाधान कर रहा हूं ताकि जनता को परेशान न होना पड़े।



## वजीरपुरः आम आदमी पार्टी के राज में जनता परेशानः इन्द्रजीत यादव

**टीम एक्शन इंडिया**


**नई दिल्ली: वजीरपुर** विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी इन्द्रजीत यादव ने कहा कि आम आदमी पार्टी के राज में दिल्ली की जनता को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आगे बताया कि चन्द्रशेखर आजाद कॉलोनी सहित आस-पास की कॉलोनियों में लोगों को ठीक से सुविधाएं नहीं मिल रही है, जिस कारण से लोग परेशान हो रहे है। उन्होंने आगे बताया कि चन्द्रशेखर आजाद कॉलोनी में जगह-जगह गंदगी का अंबार लगा हुआ है, जिससे लोग परेशान है लेकिन जनप्रतिनिधि समस्याओं के समाधान पर ध्यान नहीं दे रहे है। उन्होंने आगे बताया कि यहीं नहीं इलाके में पानी की समस्या भी है,



पानी साफ न आने की वजह से लोगों को बाजार से महंगे दामों पर पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है। उन्होंने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी चुनाव के दौरान बड़े-बड़े जनता से वादे कर रही है, मेरी जनता से अपील है कि आप के चुनावी वादे में न आये और अपना वोट सोच-समझ कर करें।

## कांग्रेस प्रत्याशी मंगेश त्यागी के जनसंवाद कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने की शिरकत





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस के पदाधिकारियों सहित कार्यकर्ता भी जोरों-शोरों से तैयारियों में जुटे हुए है। इस कड़ी में बुराड़ी विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी मंगेश त्यागी ने बुराड़ी विधानसभा स्थित विजय कॉलोनी में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम में कांग्रेस के विभिन्न कार्यकर्ताओं सहित क्षेत्र के सैंकड़ों की तादाद में लोग मौजूद रहे। लोगों को संबोधित करते हुए श्री त्यागी ने कहा कि आम आदमी पार्टी से क्षेत्रीय विधायक संजीव झा ने पिछले दस सालों में बुराड़ी क्षेत्र को नर्क से भी बदत्तर बना कर रख दिया है। त्यागी ने कहा की कांग्रेस के शासन काल में दिल्ली की जनता को किसी भी सुविधाओं को लेकर परेशान नहीं होना पड़ता था।

लेकिन केजरीवाल की आम आदमी पार्टी व केजरीवाल ने फ्री का लालच देकर दिल्ली के लोगों को बेवकूफ बना कर रखा है, लेकिन अब दिल्ली की जनता केजरीवाल के झूठे वादों में नहीं फंसने वाली है। त्यागी ने कहा कि दिल्ली के लोग अब कांग्रेस के शासन काल को याद कर रहे है और कांग्रेस के साथ भी खड़े हुए है। मंगेश ने कहा कि बुराड़ी क्षेत्र के लोग अब बुराड़ी में बदलाव लाना चाहते है और इसलिए वह लोग इस बार विधायक संजीव झा को बॉयकॉट करके कांग्रेस को ही वोट देंगे।

## बुराड़ीः डॉ. मनमोहन सिंह के बताए रास्ते पर चलना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगीः आदेश भारद्वाज

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दो बार के** प्रधानमंत्री और नरसिम्हा राव सरकार में वित्त मंत्री रहे डॉ मनमोहन सिंह के निधन के बाद न सिर्फ कांग्रेस बल्कि पूरे देश में शोक की लहर है। सरकार ने 7 दिवसीय राष्ट्रीय शोक की घोषणा कर रखी है। जगह-जगह श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में करावल नगर जिला कांग्रेस कार्यालय पर भी दो मिनट का मौन धारण कर और पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई और मनमोहन सिंह के मूल्यों को याद किया। इस मौके पर





जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज के अलावा मंगेश त्यागी कांग्रेस प्रत्याशी, रविंद्र त्यागी, ब्लॉक अध्यक्ष खेमचंद सैनी, परवीन भडाना ब्लॉक अध्यक्ष, सुरेंद्र कोच पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी, प्रदीप राणा, पी एस रावत, योगेंद्र यादव, लीला धर, महेंद्र सिंह रावत, खन्ना ढिकोलिया, राज ठाकुर, शिव चरण बिंदल, भूप सिंह, कालीचरण पवार, चेयरमैन विनय त्यागी, संजय भारद्वाज एडवोकेट, ए बी शुक्ल, एडवोकेट आदित्य भारद्वाज, कविता कुमारी, वीणा भट, सविता चौधरी, तेजस्वनी चौधरी, अमित डेढ़ा, बलजीत शर्मा, वीर सिंह, मनोज कुमार, अनिल कुमार, अनुज त्यागी, महावीर रावत, तारा दत्त, कपिल कुमार, विवेक राजपूत व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## किसान विरोधी है केजरीवाल और मोदीः यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने अरविन्द केजरीवाल के भ्रष्टाचार, कुशासन, जनता की अनदेखी और भाजपा के साथ उनकी मिलीभगत को आप के पाप की कड़ी के तहत पोल खोलते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव आते ही आम आदमी पार्टी को किसानों की याद आ रही है जबकि भाजपा द्वारा संसद में पास किसान विरोधी तीनों काले कृषि कानूनों को सबसे पहले अरविन्द केजरीवाल ने 23 नवम्बर, 2020 को अधिसूचित करके अपना किसान विरोधी चेहरा उजागर कर दिया था और आज संजय सिंह चींख-चींख कर



किसानों के बलिदान के लिए घड़ियाली आंसू बहा रहे है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देशव्यापी माफी घोषणा करके काले कृषि कानूनों की वापसी हमारे नेता राहुल गांधी और उनके साथ देश भर के किसानों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के सड़क से संसद तक लंबे संघर्ष के कारण ही संभव हुआ था।

मैं अरविन्द केजरीवाल से पूछना चाहता हूं कि मोदी सरकार जो फिर से किसान विरोधी काले कृषि कानूनों को पिछले दरवाजे से लाना चाहती है क्या पहले की तरह दोबारा आम आदमी पार्टी भाजपा के अनैतिक कानूनों के साथ खड़े रहेगी, क्योंकि केजरीवाल विधानसभा में कृषि कानूनों की कॉपी फाड़कर राजनीति करके चर्चा में बने थे लेकिन चुपचाप भाजपा के कृषि कानूनों अधिसूचित करके मोदी जी का किसानों के विरोध में पूर्ण समर्थन दिया था।

## नारायण मंदिर में नरेला मेन बाजार मर्चेंट्स एसोसिएशन ने धूमधाम से मनाया नव वर्ष महोत्सव









**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** बाहरी दिल्ली के नरेला में मेन बाजार स्थित नारायण मंदिर में नववर्ष के उपलक्ष्य पर मेन बाजार मर्चेंट्स एसोसिएशन द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर एक दूसरे से मिलकर दुकानदारों ने नववर्ष की बधाई दी।

कार्यक्रम में बाल कलाकारों ने प्रेरणा दाई लघु नृत्य नाटिका प्रस्तुत की और अत्यंत मनमोहक झांकियों की प्रस्तुति देकर लोगों का मन मोह लिया।

इस दौरान एसोसिएशन के चेयरमैन हेमराज बंसल ने सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नव वर्ष सभी के लिए मंगल एवं शुभ रहेगा तथा यह सभी के जीवन में सुख-शांति संपति व समृद्धि प्रदान करने वाला रहेगा। वहीं एसोसिएशन के प्रधान भगवान ने कहा की हम प्रार्थना करते है कि आगामी नव वर्ष में सभी पारिवारिक व व्यवसायिक रूप में उन्नति की तरफ अग्रसर रहें। कार्यक्रम में भोजन प्रसाद की व्यवस्था की गई। इस मौके पर चेयरमैन हेमराज बंसल, प्रधान भगवान, महासचिव मनोज बंसल, कोषाध्यक्ष अनिल वर्मा, संरक्षक नरेश गुप्ता, श्री निवास वर्मा, मास्टर राकेश वर्मा, उप प्रधान विकास बंसल, सचिव सुनील गर्ग, सहसचिव हरीश खन्ना, अमित बंसल, सह कोषाध्यक्ष प्रवीण वर्मा, सतीश शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य राकेश बंसल, दौलत राम, गौरव मारवाह, मनोज सिंहल, सुनील खन्ना, प्रमोद गर्ग, सन्नी भारद्वाज, आदित्य सिंहल, रोहित गर्ग, अंकित बंसल, कुलदीप वर्मा, सुंदर मित्तल, आशीष बंसल, साहिल गर्ग, राजेंद्र गोयल, गौरव बंसल, हरीश साहनी, उत्तम कुमार सहित सैकड़ों व्यापारी बंधु उपस्थित रहे।

# हाईवे पर गैस अनियंत्रित होकर पलटा कैप्सूल टैंकर

## सोनीपत से प्रोपलीन गैस खाली कर रिफाइनरी आ रहा था टैंकर

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा। आगरा** दिल्ली नेशनल हाईवे पर रात के समय बडा हादसा टल गया। एक गैस कैप्सूल टैंकर ओवरटेक करने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पलट गया, गैस कैप्सूल टैंकर पलटने से अफरा तफरी का माहौल बन गया और हाईवे पर लंबा जाम लग गया। शहर कोतवाली क्षेत्र की कृष्णा नगर चौकी के अंतर्गत रात करीब नौ बजे जैन मंदिर के समीप उस समय एक बड़ा हादसा होने से टल गया, जब सोनीपत से खाली होकर रिफाइनरी मथुरा के लिए आ रहा प्रोपलीन गैस का कैप्सूल टैंकर ओवरटेक करने के चक्कर में हाईवे पर पलट गया। इस कैप्सूल टैंकर के पलटने से



आसपास के लोगों में व हाइवे पर हड़कम्प मच गया। कैप्सूल टैंकर के पलटने की सूचना पर इलाका पुलिस रिफाइनरी के कर्मचारी व दमकल विभाग के टीम मौके पर पहुंची। कैप्सूल टैंकर चालक इसमें चोटिल हो गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर पहुंची रिफाइनरी की टेक्निशियन टीम के द्वारा टैंकर की जांच पड़ताल की गई और उसके बाद उसे हाइड्रा के माध्यम

**लंबा जाम**

**गैस कैप्सूल टैंकर पलटने से अफरा तफरी का माहौल बन गया और हाईवे पर लंबा जाम लग गया**

से करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सीधा कराया गया।

कैप्सूल गैस टैंकर तेज रफ्तार होने की वजह से रेलिंग को तोड़ता हुआ काफी आगे तक पहुंच गया और पलटने के कारण पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया, मौके पर पहुंची इलाका पुलिस और कर्मचारियों के द्वारा इसकी बारीकी से जांच की गई। सूचना प्राप्त होते ही मौके पर हादसे को नियंत्रित करने के लिए दमकल की गाड़ी भी पहुंच गई। इस संबंध में मुख्य अग्निशमन अधिकारी नरेश कुमार सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि एक गैस कैप्सूल टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया है इस सूचना पर उनकी दमकल की गाड़ी व टीम मौके पर पहुंची लेकिन खाली कैप्सूल टैंकर होने की वजह से कोई भी हतायत नहीं हुई है। बीच हाईवे पर गैस कैप्सूल टैंकर पलटने से भीषण लंबा जाम लग गया कहीं 2 घंटे की कड़ी में सकट के बाद सीधे हुए टैंकर को हाईवे से हटा दिया जिसके यातायात भी चालू कराया गया।

# सख्त हुए सर्दी के तेवर, हाईवे पर बढ़े हादसे

## सुबह शाम कोहरे की चादर में पिलटे रहे हाईवे, डीएम ने किया रैन बसेरों का निरीक्षण, बांटे कंबल

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा। सर्दी** के तेवर सख्त हो गये हैं। न्यूनतम तापमान लगातार नीचे खिसक रहा है। गलन बढ़ने से लोगों की मुश्किल बढ़ रही हैं। रात का न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। सुबह शाम कोहरे की चादर में पिलटी हुए गुजर रही हैं। इससे हाईवे पर वाहनों की रफ्तार थम रही है और हादसे बढ़ गये हैं। यमुना एक्सप्रेस वे और हाईवे पर रात के समय कई हादसे हुए। हालांकि हादसों को रोकने के लिए एहतियाती कदम उठाये गये हैं। बृहस्पतिवार को सीजन का पहला कोहरा पड़ा तो तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। राष्ट्रीय राजमार्ग 19 यमुना एक्सप्रेसवे पर वाहन रेंग रेंग कर चलते सफर पूरा



करते रहे। शहर में भी यही दिक्कत रही। दृश्यता 50 मीटर से कम होने के कारण वाहन लाइट जलाकर चलने को मजबूर हो गए। यही हाल शहर के अंदर की सड़कों पर था। वहीं छोटे छोटे बच्चे और बुजुर्ग अलाव का सहारा लेते हुए दिखाई दे रही है। मौसम में ठंडक हो गई। लोग गर्म कपड़े पहनकर निकलने लगे। वही जगह जगह पर लोग अलाव का सहारा लेते हुए दिखाई दे रहे हैं छोटे बच्चे हो या फिर बुजुर्ग उनका अब सिर्फ अलाव ही एक बचाव बना हुआ है। हालांकि दो दिन से दोपहर के बाद धूप निकलने से लोगों को राहत मिली।

## संक्षिप्त खबरें

### सोनाटा पेश करते हैं नया स्लीक कलेक्शन

**गाजियाबाद।** भारत के अग्रणी वॉच ब्राण्ड सोनाटा ने अपनी आइकोनिक स्लीक सीरीज के छठे संस्करण –स्लीक कलेक्शन का अनावरण किया। यह नया लॉन्च भव्यता और इनोवेशन को नया आयाम देने की सोनाटा की प्रतिबद्धता को दशार्ता है, इसके साथ कंपनी अपने इतिहास में सबसे स्लिम मैन्स वॉचकेस लेकर आई है। बोल्ड नई पहचान और सोच–समझ कर बनाई गई रेंज के साथ यह कलेक्शन आज के युवा प्रोफेशनल्स की पसंद को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। अरबन एवं सब–अरबन प्रोफेशनल्स के लिए पेश किया गया स्लीक कलेक्शन सदाबहार डिजाइन के साथ आधुनिकता का बेहतरीन संयोजन है। उद्योग जगत की रिपोर्ट के अनुसार भारतीयों में मध्यम कीमत वाली घड़ियों की मांग तेजी से बढ़ रही हैं, जो स्टाइल के साथ–साथ पैसा वसूल भी हों। सोनाटा का नया स्लीक कलेक्शन इसी मांग को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है जो किफायती दाम में शिक लुक देता है। नए कलेक्शन पर बात करते हुए श्री प्रतीक गुप्ता, हैड ऑफ ब्राण्ड, सोनाटा ने कहा, ह्यह्यनए स्लीक कलेक्शन के लॉन्च के साथ हम सोनाटा की इनोवेशन एवं उत्कृष्टता की यात्रा को एक कदम और आगे ले गाए हैं। आज के प्रोफेशनल्स की पसंद को ध्यान में रखते हुए यह कलेक्शन डिजाइन किया गया है, जो स्टाइल और व्यवहारिकता के बीच बेहतरीन संयोजन है। सोनाटा में हम ऐसी घड़ियों पर ध्यान केन्द्रित करते हैं, जो न सिर्फ व्यक्तिगत स्टाइल में निखार लाएं बल्कि हमारे उपभोक्ताओं की व्यस्त जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा भी बन जाएं ह्व अल्ट्रा–स्लिम 6.05 एमएम प्रोफाइल, डिश कन्स्ट्रक्टेड बॉटम के साथ ये घड़ियां कलाई पर खूबसूरती से फिट हो जाती हैं। इस कलेक्शन की घड़ियों में मैटल, लैदर और मैश स्ट्रैप के विकल्प हैं जो युवा मिलेनियल्स, जेन जी प्रोफेशनल्स की जीवनशैली के साथ बखूबी मैच करते हैं। भव्यता और व्यवहारिकता के बीच तालमेल बनाते हुए यह कलेक्शन आज के ट्रेंडी प्रोफेशनल्स की महत्वाकांक्षाओं पर खरा उतरता है और उनके पसंदीदा ब्राण्ड के रूप में सोनाटा की स्थिति को मजबूत बनाता है।

### ए–वन स्टील्स इंडिया लिमिटेड ने डीआरएचपी दाखिल किया

**नोएडा। ए–वन स्टील्स इंडिया लिमिटेड, जो कच्चे इस्पात की क्षमता** के मामले में दक्षिण भारत में शीर्ष 5 (पांच इस्पात उत्पादकों में से एक है, और 10 इस्पात उत्पादों और औद्योगिक उत्पादों का निर्माण करने वाली एकमात्र कंपनी है। (स्रोत: क्रिसिल रिपोर्ट) ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। कंपनी ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (रु10 प्रत्येक अंकित मूल्य) के माध्यम से रु65,000 लाख [रु650 करोड़] तक के इक्विटी शेयरों की पेशकश के माध्यम से धन जुटाने की योजना बनाई है। (कुल पेशकश आकार) कुल प्रस्ताव आकार में रु60,000 लाख [रु600 करोड़] तक के इक्विटी शेयरों का नया निर्गम ('ताजा निर्गम') और विक्रय शेयरधारकों द्वारा कुल रु5000 लाख [रु50 करोड़] तक का बिक्री हेतु प्रस्ताव ('बिक्री हेतु प्रस्ताव') शामिल है। रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के माध्यम से पेश किए जाने वाले इक्विटी शेयरों को बीएसई लिमिटेड (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) में सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है। (लिस्टिंग विवरण) पीएल कैपिटल मार्केट्स प्राइवेट लिमिटेड और खंबाटा सिक्योरिटीज लिमिटेड इस इश्यू के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं। (बीआरएलएम)

### एनएसआई और एचबीटीयू के बीच हुआ एमओयू, एथेनाल में होंगे नये शोध

**कानपुर: देश** के एकमात्र राष्ट्रीय शर्करा संस्थान (एनएसआई) ने हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय (एचबीटीयू) के साथ समझौता ज्ञापन किया है। इस एमओयू से कानपुर के दोनों बड़े संस्थान मिलकर शैक्षणिक कार्यों के साथ शोध को नई दिशा देने में अग्रसर होंगे। इसके साथ एनएसआई द्वारा एथेनाल पर किये जा रहे नवीनतम तकनीक पर एचबीटीयू पूरा सहयोग करेगा। राष्ट्रीय शर्करा संस्थान कानपुर की निदेशक प्रो. सीमा परोहा और हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति प्रो.समशेर ने नये वर्ष पर बुधवार को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू)पर हस्ताक्षर किये। एमओयू पर वार्ता के दौरान राष्ट्रीय शर्करा संस्थान से डॉ. विनय कुमार सहा.आचार्य (शर्करा अभि.), अनूप कुमार कनौजिया सहा. आचार्य (शर्करा अभि.), संजय चौहान सहा.आचार्य (शर्करा अभि.) व बृजेश कुमार साहू वरि.प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे। हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की ओर से अन्नावी दिनेश कुमार (आई.ए.एस.) निदेशक तकनीकी शिक्षा निदेशालय, प्रो. ललित कुमार सिंह डीन आफ एकेडमिक अफेयर्स, प्रो.जी.एल. देवनानी डीन स्कूल आफ केमिकल टेक्नोलाजी, अन्नू वर्मा पी.सी.एस. रजिस्ट्रार व प्रो. वंदना दीक्षित सहित अन्य फेकल्टी मेंबर उपस्थित थे।

## एक झपट्टामार किया गिरफ्तार

**मथुरा: रोहित कुमार** शर्मा पुत्र वीरेन्द्र शर्मा निवासी देवी नगला एटा चुंगी अलीगढ़ द्वारा 14 दिसम्बर .2024 को मोटर साईकिल सवार तीन व्यक्तियों द्वारा रोहित की मोटर साईकिल की टंकी पर रखे बैग में 75 हजार रुपए को झपट्टा मारकर ले जाने के संबन्ध में थाना गोवर्धन पर लिखित सूचना देकर धारा 304 बीएनएस में तीन मोटर साईकिल सवारों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कराया था। अभियोग में वांछित चल रहे अभियुक्त दुर्गेश कुमार पुत्र साहब सिंह निवासी महरोली थाना गोवर्धन उम्र करीब 20 वर्ष को गुरुवार को नगला अकातिया जाने वाले रास्ते की तरफ से थाना गोवर्धन गिरफ्तार कर लिया गया।

# प्रेम प्रसंग के चलते सिपाही पति ने कर दी दोस्त की हत्या

**टीम एक्शन इंडिया**

**कानपुर: चौबेपुर पुलिस** को बड़ी सफलता हाथ लगी है। बीते सोमवार को एक युवक की बड़े ही बेरहमी से हत्या कर शव को खेत मे फेंक दिया गया था। पुलिस ने मृतक के पास से मिले आधार कार्ड के जरिये हत्यारों तक पहुँच गयी। इस हत्या में शामिल मृतक की पत्नी और उसके दो दोस्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। युवक की हत्या अवैध सम्बंधों को लेकर की गयी। घटनाक्रम की जानकारी देते हुए बुधवार को अपर पुलिस उपायुक्त पश्चिम विजेंद्र द्विवेदी ने बताया कि, बाराबंकी का रहने वाला मृतक



आलोक एक निजी फैक्ट्री में काम करता था। जबकि उसकी पत्नी पोस्ट ऑफिस में काम करती थी। इसलिए उसे रहने के लिए सरकारी क्वार्टर मिला हुआ था। जबकि आरोपित अनुज की पत्नी बतौर सिपाही आलमबाग थाने में डियूटी करती है। इसलिए उसे मृतक के बगल वाला सरकारी क्वार्टर मिला था। पड़ोसी होने के नाते दोनों परिवारों में बोल चाल शुरू ही गई। आलोक रोजाना शराब पीकर घर में आता और अपनी पत्नी के साथ मारपीट करता था। इस बीच प्रीति और आरोपी अनुज के बीच नजदीकियां बढ़ गई और दोनों में प्रेम प्रसंग हो गया। आरोपित अनुज ने बताया कि, जान से मारने के उद्देश्य से आलोक को बाराबंकी से चौबेपुर स्थित मेघनी पुरवा गांव में रहने वाले अपने साथी शिवशंकर के घर ले गया। जहां देर रात तक तीनों ने शराब पार्टी करी, जब वह शराब के नशे में हो गया। तो सबसे पहले लोहे की रॉड से उसके सिर पर कई वार किए, जब वह मर गया तो उसके शव को ठिकाने लगाने के उद्देश्य से घर के पीछे खेतों में फेंककर वापस लौट गया।

मृतक की जेब से मिले आधार कार्ड के जरिए पुलिस ने जब उसकी पत्नी से सम्पर्क साधा तो उन्हें उस पर शक हुआ। जिसके बाद प्रीति के नंबर को सर्विलांस पर लगाकर जब कॉल डिटेल खंगाली गई तो आरोपित अनुज पकड़ में आया। जिससे पूरी घटना की जानकारी हुई। फिलहाल पुलिस ने तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# हाइवे पर कोहरे में एक के बाद एक टकराए कई वाहन

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** जैंत थाना क्षेत्र की नयती पुलिस चौकी अंतर्गत एनएच 19 स्थित सीमेंट के गोदाम के सामने गुरुवार सुबह करीब 8:30 बजे घने कोहरे के चलते एक के बाद एक कई वाहन आपस में टकरा गए। ईंटो से लदी ट्रैक्टर ट्रॉली में लोडिंग वाहन टकरा गया। इसके बाद ट्रक समेत कई वाहन आपस मे टकरा कर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। इन वाहनों की चपेट आकर बिक्की पर सब्जी लेकर मंडी जा रहे छरौरा निवासी करीब 30 वर्षीय महीपाल चोटिल हो गया। सुबह करीब 11:30 बजे




नयती चौकी प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि कोहरे के चलते ईंटों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली में मैक्स लोडिंग वाहन की भिड़ंत के बाद करीब आधा दर्जन वाहन आपस में टकरा गए। इस हादसे में दो लोगों के घायल होने की सूचना मिली है

जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। अन्य घायलों की जानकारी की जा रही है। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। वाहनों को हाईवे से हटवाकर यातायात सुचारू करा दिया है। मामले में अभी तक कोई तहरीर नही मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## पड़ोसी ने पीट-पीट कर युवक को मार डाला, पुलिस जांच में जुटी

**गाजियाबाद: मुरादनगर** थाना क्षेत्र स्थित ग्राम मिल्क रावली में एक 35 वर्षीय युवक की पड़ोसी ने पीट-पीट का हत्या कर दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी पड़ोसी की तलाश की जा रही है, जल्दी ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि 1 जनवरी को थाना मुरादनगर पर एक सूचना प्राप्त हुई कि चौकी रावली अन्तर्गत ग्राम मिलक रावली में एक व्यक्ति विनोद नामक युवक की किसी ने हत्या कर दी है । इस सूचना के आधार पर फील्ड यूनिट को बुलाते हुए तत्काल थाना मुरादनगर पुलिस मौके पर पहुंची।

# धूंधूं कर जली यमुना एक्सप्रेसवे पर दौड़ती बस



**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा: थाना** बल्देव क्षेत्र के अंतर्गत यमुना एक्सप्रेस वे पर दौड़ती बस में अचानक आग लग गई। आग लगता देख चालक ने कूद कर किसी तरह अपनी जान बचाई। गुरुवार की सुबह बस संख्या यूपी 82 टी 7868 एसी बस का ड्राइवर देवीदास पुत्र काशीनाथ निवासी ग्राम नीलकंठ वाडी थाना बससों कल्याणपुर जिला बीदर कर्नाटक बस को परी चौक नोएडा से पुणे महाराष्ट्र वाया यमुना एक्सप्रेस वे आगरा ले जा रहा था। बलदेव क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस वे के माइलस्टोन 135.पर अचानक आग लग गई। आग लगने की सूचना पर गस्त कर रही पीआरवी की गाड़ी 1939 घटना स्थल पर पहुंच गई। पीआरबी पुलिस ने इलाका पुलिस को सूचना दी। साथ ही साथ एक्सप्रेस वे के अधिकारियों को भी घटना की सूचना दी गई। गुरुवार सुबह करीब 10:30 बजे नोएडा परी चौक से महाराष्ट्र के लिए चली एक प्राइवेट बस में अचानक से धुआं निकलने लगा। धुआं निकलता देख बस चालक ने बस को साइड से खड़ा कर दिया और देखते ही देखते पूरी बस धूंधूं कर जलने लगी। उसमें आग लग गई आग की ऊंची लपटों को देख हाईवे पर दौड़ते वाहनों के पहिए थम गए। घटना को देख राहगीरों ने इसकी सूचना बलदेव पुलिस को दी। वहीं थाना अध्यक्ष बलदेव त्रिलोकी सिंह ने बताया कि बस में आग लगने की सूचना मिली है। बस नोएडा परी चौक से महाराष्ट्र के लिए जा रही थी। जिसमें कोई भी सवारी नहीं थी, बस चालक ही बस में अकेला था।

# उप्र के संभल हिंसा में और 91 उपद्रवियों की हुई पहचान

**टीम एक्शन इंडिया**

**संभला : उत्तर** प्रदेश के संभल जिले में स्थित विवादित जामा मस्जिद सर्वे के दौरान 24 नवंबर 2024 को हुई हिंसा के 91 उपद्रवियों की पहचान हो गई है। उनकी तलाश में पुलिस दिल्ली एवं अन्य स्थानों पर लगातार दबिश दे रही है। पुलिस ने दावा किया है कि हिंसा में शामिल आरोपित युवाओं में से कई लोगों का ठिकाना दिल्ली में है। दिल्ली के बाटला हाउस से संभल निवासी अदनान को 23 दिसंबर को पुलिस गिरफ्तार करके यहां लाई थी। इस गिरफ्तारी से पहले पुलिस को कई आरोपितों के बाटला हाउस में होने की सूचना थी। पुलिस कार्रवाई के दौरान एक



ही आरोपित मिला था। हिंसा में 2750 से ज्यादा आरोपित हैं, जिसमें से तीन महिला समेत 51 उपद्रवियों को जेल भेजे जा चुका है। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने बुधवार को मीडियाकर्मियों को बताया कि 24 नवम्बर को जामा मस्जिद के पास कोर्ट कमिश्नर के सर्वे के दौरान हिंसा हुई थी। नखासा तिराहा और हिंदूपुरा खेड़ा में पुलिस पर पत्थरबाजी और गोली चलायी गयी थी। दंगाइयों ने उन्हें भी निशाना बनाया था लेकिन गनीमत यह रही थी कि फायरिंग में वे बच गए थे। पुलिस ने तीन स्थानों पर हुए बवाल में सात एफआईआर दर्ज की थीं। इसमें पांच एफआईआर संभल कोतवाली और दो एफआईआर नखासा थाने में दर्ज की गई थीं। हिंसा में शामिल आरोपितों की पहचान के लिए कैमरे और मोबाइल से बनी वीडियो और फोटो से उपद्रवियों के चेहरे निकाले जा रहे हैं। इसमें 91 उपद्रवी ऐसे हैं, जिनकी पहचान कर ली गई है, लेकिन अभी वह घर छोड़कर भागे हुए हैं। जो उपद्रवी भागे हुए हैं उनमें से ज्यादातर के दिल्ली में होने की सूचना है, जिनकी तलाश में पुलिस टीम जुटी हुई है और लगातार दबिश दे रही है। एसपी का कहना है कि हिंसा में जो भी उपद्रवी शामिल था उनकी गिरफ्तारी निश्चित होगी। संभल हिंसा की एसआईटी जांच एएसपी अनुकृति शर्मा की निगरानी में चल रही है।

# महाकुंभ में लाखों रुपए प्रति रात रुकने और पर्यटन को लेकर अभियान चलाने पर संतों में नाराजगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**महाकुम्भ नगर: प्रयागराज**

महाकुंभ में शास्त्रीय और लोक परंपरा को लेकर संत भी मुखर है। महाकुंभ में लाखों रुपए प्रति रात रुकने और पर्यटन को लेकर अभियान चलाने पर संतों ने नाराजगी जताई है।बुधवार को अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी जीतेंद्रानंद सरस्वती ने कहा कि आस्था पर अर्थ और आतंक का हमला संत समाज नहीं सहन करेगा। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में 12 वर्ष बाद पूर्ण कुंभ शुरू होने जा रहा है। देश और दुनिया के सनातन साधक और लोक इसमें शामिल होने के लिए प्रयागराज की ओर चल पड़े



है। सनातन भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने खरमास से ठीक पहले घट स्थापित कर इसका आरंभ कर दिया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और गोरक्षपीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ स्वयं इस महाआयोजन की व्यवस्था में प्राणप्रण से जुटे हैं। सब कुछ शास्त्रीय और लोक परंपरा के साथ चल रहा है। किंतु इसी मध्य अर्थ और व्यवसाय के भूखे कुछ लालची लोगों ने इस पवित्र पुण्य आयोजन का स्वरूप बिगाड़ने का भी पूरा इंतजाम कर लिया है। कुछ सोशल मीडिया और कुछ व्यावसायिक घरानों के सूचना माध्यमों और यूट्यूब के कथित पत्रकारों ने इसमें केवल व्यवसाय और अर्थ की तलाश शुरू कर दी है। अनेक माध्यमों पर कुंभ में लाखों रुपए प्रति रात रुकने और पर्यटन को लेकर जैसे एक अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान कुंभ के नैसर्गिक स्वरूप को बिगाड़ रहा है। ऐसे किसी भी अभियान को संत समाज न तो सहेगा और न ही आस्थावान लोगों का शोषण होने देगा। उन्होंने कहा कि कुंभ ऐसा सम्मिलन है जिसमें आदिकाल से राजे महाराजे भी आस्था और श्रद्धा के साथ शामिल होते रहे हैं। कुंभ में आकर वे सनातन आस्था के लिए अपने राजकोष भी दान करते रहे हैं। सनातन की रक्षा, प्राणियों में सद्भावना और विश्व के कल्याण के उद्घोष के साथ कुंभ सभी सनातनियों के लिए समर्पण का आयोजन है।

जहां केवल आस्था लेकर लोग आते हैं और यहां संतों, मनीषियों, साधकों, महापुरुषों के साथ साथ पवित्र त्रिवेणी में स्नान और दान के साथ विदा होते हैं। स्वामी जीतेंद्रानंद सरस्वती ने कहा कि अभी देखने में आ रहा है कि कुंभ की सनातन आस्था पर कुठाराघात करते हुए धनलोभियों ने जाल बिछा कर ठगी करने की योजना बना ली है। लाखों रुपए के कॉटेज और कमरों की पैकेजिंग के विज्ञापन चलाए जा रहे हैं।

# चाइनीज मंझे की चपेट में आकर दम तोड़ने वाले युवक के घर पहुंचे अजय राय

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने परिजनों से मिल जताया शोक

**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसी: चौकाघाट** फ्लाईओवर पर चाइनीज मंझे की चपेट में आकर दम तोड़ने वाले युवक विवेक शर्मा के घर कज्जाकपुरा बुधवार शाम प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय पहुंचे। प्रदेश अध्यक्ष ने मृत युवक के परिजनों से मिलकर उन्हें ढ़ाढ़स बढ़ाया और शोक भी जताया। मृत युवक के पिता राजेश शर्मा, भाई अभिषेक से बातचीत कर उन्होंने कहा कि विवेक शर्मा की चाइनीज मंझे से हुई मौत असहनीय व हृदय विदारक पीड़ा है। चाइनीज मंझे से सारा शहर परेशान है। पशु पक्षी तक सुरक्षित नहीं है। प्रतिदिन चाइनीज मंझे के चपेट में पीड़ित होने वालो की खबरें सामने आ रही है। सरकार को कुछ तो संवेदनशीलता का परिचय देना चाहिए। चाइनीज मंझा मतलब मौत का मंझा यह तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित होना चाहिए । प्रतिबंधित सिर्फ कागजों पर नहीं बल्कि धरातल पर भी होना चाहिए। इस दौरान महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे, रोहित दुबे, अनुभव राय आदि भी मौजूद रहे। गौरतलब हो कि कज्जाकपुरा निवासी विवेक शर्मा (25) बीते मंगलवार को मोटरसाइकिल से अपनी मां श्यामा देवी और बहन सोनम को लेकर लहरतारा स्थित ननिहाल जा रहे थे। चौकाघाट फ्लाईओवर पर पहुंचे ही थे कि चाइनीज मंझा गले में आकर फंस गया। हादसे में विवेक के गले का ज्यादातर हिस्सा मंझे से कट गया था।

सत्यमेव जयते
भारत सरकार

## नव वर्ष 2025 की हार्दिक शुभकामनाएं

# दिल्लीवासियों को ₹4500 करोड़ की विकास परियोजनाओं का उपहार



माननीय प्रधानमंत्री

## श्री नरेन्द्र मोदी

के द्वारा

**1675 EWS फ्लैट्स, अशोक विहार फेज-II - झुग्गी-झोपड़ी निवासियों का अपने पक्के घर का सपना साकार**

- गरिमापूर्ण जीवन और आगे बढ़ने का अवसर
- रसोई, शौचालय, स्नानघर, बालकनी, पार्क, लिफ्ट, पार्किंग की सुविधा

**वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर - व्यापार और रोजगार को बढ़ावा**

- आधुनिक अर्बन इन्फ्रास्ट्रक्चर
- 12 कमर्शियल टावर, रिटेल ब्लॉक, 8 हजार कार पार्किंग

**सीबीएसई मुख्यालय, द्वारका - छात्रों और शिक्षकों को बेहतर सेवाएं**

- गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का नया अध्याय
- इकोफ्रेंडली परिसर, अत्याधुनिक ऑडिटोरियम

**1738 जीपीआरए टाइप-II क्वॉर्टर्स, सरोजिनी नगर - सरकारी कर्मचारियों को बेहतर जीवन**

- सुरक्षा, सामुदायिक जीवन, मूलभूत सुविधाएं
- मॉड्यूलर रसोई, बालकनी, पार्क, लिफ्ट, पार्किंग की सुविधा

का **लोकार्पण**

एवं

**दिल्ली विश्वविद्यालय पूर्वी परिसर, पश्चिमी परिसर और वीर सावरकर कॉलेज**

- दिल्ली में विश्व स्तरीय शिक्षा को बढ़ावा

का **शिलान्यास**

**शुक्रवार, 03 जनवरी 2025, दोपहर 12:00 बजे**

डिस्ट्रिक्ट पार्क, अशोक विहार फेज-IV, दिल्ली

गरिमामयी उपस्थिति

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **श्री मनोहर लाल** | **श्री धर्मेन्द्र प्रधान** | **श्री तोखन साहू** | **डॉ सुकांता मजूमदार** | **श्री हर्ष मल्होत्रा** | **श्री विनय कुमार सक्सेना** |
| केन्द्रीय मंत्री, आवासन और शहरी कार्य एवं विद्युत | केन्द्रीय मंत्री, शिक्षा | केन्द्रीय राज्य मंत्री, आवासन और शहरी कार्य | केन्द्रीय राज्य मंत्री, शिक्षा एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास | केन्द्रीय राज्य मंत्री, कॉर्पोरेट मामले एवं सड़क परिवहन और राजमार्ग | उपराज्यपाल, दिल्ली |

डीडी न्यूज़ पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखें

CBC 44101/13/0006/2425